
You Tube kanwhizztimes
@kanwhizztimes lucknow
@kanwhizztimes
www.kanwhizztimes.com

# कैनविज टाइम्स
सिर्फ सच

❑ वर्ष-15 ❑ अंक-45 ❑ शनिवार, 14 मार्च 2026 ❑ नगर संस्करण ❑ लखनऊ से प्रकाशित एवं दिल्ली, पंजाब और उत्तराखंड में प्रसारित ❑ मूल्य- ₹ 3.00 ❑ पृष्ठ-12



पीडीए का मतलब 'पॉवर ऑफ डिम्पल-अखिलेश' है। मीडिया से बात करते हुए उन्होंने राहुल गांधी और अखिलेश यादव पर वैश्विक संकट में भी जनता को भड़काने व अराजकता फैलाने का आरोप लगाया। कहा कि देश में अराजकता फैलाने का उनका यह प्रयास सफल नहीं होगा।
केशव प्रसाद मौर्य

डबल इंजन की सरकार में बहनों को मिल रही हैं डबल खुशियां : मुख्यमंत्री 11

बिहार विधानसभा को बम से उड़ाने की धमकी, ईमेल की जांच 12

## आपरेशन सिंदूर से पाकिस्तान को ऐसा सबक सिखाया कि भारत पर हमले की वह सोच भी नहीं सकता

# शिक्षा के क्षेत्र में नए मानक स्थापित करेगा यूपी : राजनाथ

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ । रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि आपरेशन सिंदूर में ब्रह्मोस मिसाइल से पाकिस्तान को ऐसा जवाब दिया गया कि वह फिर कभी उबर भी नहीं पाएगा। भारत की सेना पूरी तरह से सतर्क और देश की सीमाओं की रक्षा के लिए हर समय तैयार रहती है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह शुक्रवार को लखनऊ में दूसरे चरण के ग्रीन कॉरिडोर का लोकार्पण और तीसरे व चौथे चरण के शिलान्यास समारोह को संबोधित कर रहे थे। गोमती नदी के तट पर झूलेलाल पार्क में आयोजित कार्यक्रम में लखनऊ के सांसद और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि लखनऊ का तेजी से विकास हो रहा है और डिफेंस सेक्टर में भी लखनऊ पीछे नहीं है। यहां ब्रह्मोस मिसाइल, एयरो स्पेस से संबंधित काम भी हो रहा है और यह शहर देश की सुरक्षा व्यवस्था से गहराई से जुड़ा हुआ है। पाकिस्तान के खिलाफ आपरेशन सिंदूर का जिक्र करते हुए रक्षा मंत्री ने कहा कि ब्रह्मोस मिसाइल से पाकिस्तानी आतंकवादियों को ऐसा मुंहतोड़ जवाब दिया गया कि वे दोबारा ऐसी हरकत करने की सोच भी नहीं सकते हैं। अगर सोचा तो वे इस बार के हमले से कभी उबर भी नहीं पायेंगे। उन्होंने कहा कि भारत के खिलाफ साजिश रचने वाले हर मंसूबे को करारा जवाब दिया जाएगा। राजनाथ सिंह ने कहा कि लोग मुख्यमंत्री योगी को बुलडोजर बाबा के नाम से जानते हैं। इन्होंने माफियाओं को सही कर दिया, लेकिन बुलडोजर सिर्फ तोड़ने का ही नहीं बल्कि विकास की नयी जमीन भी तैयार करता है। उन्होंने घोषणा की कि आने वाले कुछ ही दिनों में लखनऊ से कानपुर की यात्रा महज 35 से 45 मिनट में पूरी हो सकेगी। उत्तर प्रदेश में बढ़ रहे निवेश का जिक्र करते हुए कहा कि मुझे नहीं लगा था कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सिंगापुर और जापान की यात्रा पर जा सकेंगे। मुझे लगा था कहीं यह यात्रा स्थगित ना हो जाए मगर वह यात्रा पर गए और वहीं वेशभूषा पहन कर गए और वही खान-पान रखा और जिसका परिणाम है कि उत्तर प्रदेश में जबरदस्त निवेश आया है। समारोह में

**राजनाथ बोले**

- ❑ लखनऊ में दूसरे चरण के ग्रीन कॉरिडोर के लोकार्पण व अगले चरणों के शिलान्यास समारोह में शामिल हुए राजनाथ सिंह
- ❑ रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और मुख्यमंत्री योगी ने ग्रीन कॉरिडोर का किया लोकार्पण
- ❑ उत्तर प्रदेश सरकार ने खरीदा नया अगस्ता वेस्टलैंड एडब्ल्यू 139 हेलीकॉप्टर, मुख्यमंत्री योगी की अयोध्या यात्रा के बाद आया चर्चा में
- ❑ क्रैश सेफ्टी सिस्टमयुक्त यह हेलीकाप्टर खराब मौसम और रात में भी उड़ने में सक्षम




मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रशासन की जिस जमीन पर अतिक्रमण किया गया था, उसी जमीन से कब्जा हटाकर उसी पैसे का प्रोजेक्ट बनाया गया और इसमें शासन ने प्राधिकरण को पैसा नहीं दिया है। उन्होंने अपने महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट लखनऊ को एआई सिटी के रूप में विकसित करने का संकल्प दोहराया। उन्होंने कहा कि इस काम के लिए राज्य सरकार ने धन की व्यवस्था कर ली है। उन्होंने कहा कि देश के दुश्मनों को ठिकाने लगाने वाले ब्रह्मोस के इंजीनियर ज्यादातर पॉलीटेक्निक और सरकारी कालेजों से हैं। हम कह सकते हैं कि अब लखनऊ इमर्जिंग टेक्नोलॉजी के रूप में विकसित हो रहा है। इस समारोह में राज्यसभा सदस्य व प्रदेश के पूर्व उपमुख्यमंत्री प्रोफ़ेसर दिनेश शर्मा, प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, कैबिनेट मंत्री सुरेश खन्ना, लखनऊ की महापौर सुषमा खर्कवाल, पूर्व मंत्री महेंद्र सिंह समेत कई विधायक व पार्टी पदाधिकारी उपस्थित रहे।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि आज उत्तर प्रदेश, एक व्यापक दृष्टि के साथ आगे बढ़ रहा है। पिछले कुछ वर्षों में हम सबने देखा है कि राज्य ने सभी क्षेत्रों में महत्वपूर्ण प्रगति की है। इन्फ्रास्ट्रक्चर,इन्वेस्टमेंट,इण्डस्ट्री और एजूकेशन इन सभी क्षेत्रों में उत्तर प्रदेश ने नई गति प्राप्त की है। मुझे विश्वास है कि इसी प्रकार के प्रयासों के कारण, आने वाले वर्षों में उत्तर प्रदेश शिक्षा के क्षेत्र में भी, नए मानक स्थापित करेगा। यहाँ के शैक्षणिक संस्थान, केवल प्रदेश के ही नहीं बल्कि पूरे देश के छात्रों के लिए आकर्षण का केंद्र बनेंगे। केंद्रीय मंत्री राजनाथ सिंह शुक्रवार को लखनऊ के गोल्फ सिटी में सिटी मान्टेसरी स्कूल के नए भवन का उदघाटन के बाद लोगों को संबोधित कर रहे थे। राजनाथ सिंह ने कहा कि जब किसी शहर की पहचान, उसकी सड़कों और इमारतों से आगे बढ़कर, उसके शैक्षिक और सांस्कृतिक संस्थानों से बनने लगती है, तब वह शहर वास्तव में समाज के भविष्य को आकार दे रहा होता है। रक्षा मंत्री ने कहा कि आज प्रदेश में, केवल स्कूल और कालेज खोलने पर ही ध्यान नहीं दिया जा रहा। यहाँ एक ऐसा इकोसिस्टम तैयार करने का प्रयास किया जा रहा है, जिसमें बच्चे पढ़ाई के साथ-साथ, एक सकारात्मक सीखने का वातावरण विकसित हो सके। उन्होंने कहा स्कूल केवल ज्ञान देने की जगह नहीं होता, वह मनुष्य निर्माण की प्रयोगशाला भी होता है। वहाँ केवल गणित,विज्ञान या भाषा नहीं सिखाई जाती, वहाँ जीवन के मूल्य भी सिखाए जाते हैं। हमको अपने बच्चों के शिक्षा के साथ-साथ व्यक्तित्व पर भी ध्यान देना जरूरी है। राजनाथ सिंह ने कहा कि शिक्षा का वास्तविक उद्देश्य है कि व्यक्ति अपने ज्ञान का उपयोग केवल अपने लिए नहीं बल्कि समाज की प्रगति के लिए भी करे। बच्चे स्कूल में पढ़ते जरूर हैं लेकिन उनका व्यक्तित्व घर में बनता है। स्कूल उन्हें ज्ञान और अनुशासन देता है, जबकि घर उन्हें जीवन का अनुभव, संवेदनशीलता और संस्कार देता है। अच्छी नौकरी, अच्छा पैकेज या किसी प्रतिष्ठित संस्थान में प्रवेश मिल जाना ही जीवन की पूरी सफलता नहीं है। वास्तविक सफलता तब होती है, जब व्यक्ति अपने ज्ञान और विचारों से, समाज में सकारात्मक परिवर्तन ला सके। बच्चों को केवल अंक लाने के लिए नहीं बल्कि जीवन की चुनौतियों के लिए तैयार करना जरूरी है।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को लखनऊवासियों को अनमोल उपहार दिया है। राजधानी के लोगों को 1519करोड़ रुपये की लागत वाले ग्रीन कॉरिडोर के दूसरे चरण का लोकार्पण किया है। यातायात व्यवस्था को और सुगम बनाने की दिशा में यह महत्वपूर्ण कदम है। इसके साथ ही ग्रीन कॉरिडोर परियोजना के तीसरे व चौथे चरण का शिलान्यास किया। तीसरे चरण के अंतर्गत समतामूलक चौक से शहीद पथ व चौथे चरण के अंतर्गत शहीद पथ से किसान पथ तक का निर्माण होगा।

लोकार्पण के उपरांत रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोमती तट स्थित झूलेलाल वाटिका पर जनसभा को भी सम्बोधित किया। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि अटल जी के विजन को जमीनी धरातल पर उतारने का कार्य प्रधानमंत्री व रक्षामंत्री के मार्गदर्शन में हम सब प्रदेश भर में लागू कर रहे हैं। प्रदेश की राजधानी का स्वरूप कैसा होना चाहिए,लोगों का जीवन सुगम कैसे बने,सरलतापूर्वक लोगों को उनके गंतव्य तक पहुंचने में कैसे मदद मिले, यह सभी कार्यक्रम प्रभावी ढंग से लागू करने में मदद मिल रही है। उन्होंने कहा कि हमने रक्षामंत्री के विजन को लखनऊ विकास प्राधिकरण को सौंपा। मैं लखनऊ विकास प्राधिकरण की टीम को धन्यवाद दूंगा जिन्हें हमने शासन से धनराशि नहीं दी थी, बल्कि उन्होंने शासन की जिस भूमि पर कब्जा हुआ था, उस कब्जे को मुक्त करते हुए उससे पैसा बनाया और अब 1618 करोड़ की लागत को अपने हाथ में लेकर लखनऊ की ● शेष पेज 11 पर

## संक्षेप

### मुख्य चुनाव आयुक्त ने प्रशिक्षु अधिकारियों से चुनावी प्रक्रिया को और मजबूत बनाने पर दिया जोर

नई दिल्ली । मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने शुक्रवार को यहां इंडिया इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ डेमोक्रेसी एंड इलेक्शन मैनेजमेंट (आईआईआईडीईएम) में भारतीय राजस्व सेवा (आईआरएस) और रॉयल भूटान सेवा (आरबीएस) के प्रशिक्षु अधिकारियों को संबोधित किया। ज्ञानेश कुमार ने सार्वजनिक सेवाओं में नवाचार के महत्व और लोकतांत्रिक एवं चुनावी प्रक्रिया को और मजबूत करने पर जोर दिया। उल्लेखनीय है कि आईआईआईडीईएम चुनाव आयोग का प्रमुख प्रशिक्षण और अनुसंधान संस्थान है जो न केवल भारतीय अधिकारियों बल्कि मित्र देशों के चुनावी अधिकारियों को भी प्रशिक्षित करता है।

### बिहार विधानसभा को बम से उड़ाने की धमकी, ईमेल की जांच

पटना। बिहार विधानसभा को शुक्रवार को बम से उड़ाने की धमकी भरा ई-मेल मिलने से हड़कंप मच गया। इस सूचना के बाद विधानसभा प्रशासन और सुरक्षा एजेंसियां तुरंत सक्रिय हो गईं। विधानसभा परिसर की सुरक्षा कड़ी कर दी गई है। मामले की जानकारी मिलते ही विधानसभा के अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने तत्काल संज्ञान लेते हुए सभा सचिवालय के वरीय पदाधिकारियों के साथ आपात बैठक की। जिसमें पूरे मामले की समीक्षा की गई और सुरक्षा से जुड़े आवश्यक निर्देश दिए गए। अध्यक्ष ने प्रभारी सचिव ख्याति सिंह को निर्देश दिया कि वे इस मामले की जानकारी राज्य के मुख्य सचिव और बिहार पुलिस के पुलिस महानिदेशक को दें, ताकि विधानसभा परिसर की सुरक्षा के दृष्टिकोण से तत्काल जांच कराई जा सके। सुरक्षा एजेंसियों द्वारा पूरे परिसर में जांच अभियान चलाया गया और संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखी जा रही है।

### कांग्रेस केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक

नई दिल्ली। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी और कांग्रेस महासचिव (संगठन) केसी वेणुगोपाल की मौजूदगी में शुक्रवार को असम विधानसभा चुनाव से जुड़ी पार्टी की केंद्रीय चुनाव समिति (सीईसी) की बैठक हुई।

## अदालत ने फारूक अब्दुल्ला के खिलाफ जारी गैर.जमानती वारंट वापस लिया

एजेंसी



श्रीनगर । श्रीनगर की एक अदालत ने जम्मू.कश्मीर क्रिकेट एसोसिएशन ;जेकेसीएद्ध श्घोटालेश के सिलसिले में पूर्व मुख्यमंत्री फारूक अब्दुल्ला के खिलाफ पहले जारी किये गये गैर.जमानती वारंट को वापस ले लिया है। अदालत ने श्री अब्दुल्ला के अधिवक्ता इश्तियाक खान द्वारा कार्यवाही में उनकी अनुपस्थिति का कारण बताते हुए एक आवेदन दायर करने के बाद यह निर्णय लिया। श्री खान ने अदालत को बताया कि पूर्व मुख्यमंत्री एक दिन पहले जम्मू में उन पर हुए श्कातिलाना हमलेश से सदमे के कारण सुनवाई में शामिल नहीं हो सके हैं। श्री खान ने दलील दी कि नेशनल कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष इस घटना के बाद की स्थितियों के कारण शारीरिक रूप से या वर्चुअल मोड के माध्यम से पेश होने में असमर्थ थे। अधिवक्ता ने कहा कि उन्होंने शुरू में एक नियमित छूट का आवेदन दायर किया थाए लेकिन जब अदालत ने गैर.जमानती वारंट जारी कर दियाए तो उन्होंने वारंट को वापस लेने की मांग करते हुए एक विस्तृत आवेदन दिया और श्री अब्दुल्ला की अनुपस्थिति के पीछे की परिस्थितियों को स्पष्ट भी किया। श्री खान ने बताया कि अदालत ने दलील स्वीकार कर ली और तुरंत वारंट वापस ले लिया। उन्होंने यह भी जोड़ा कि इस तरह का रिकॉल ;वापसीद्ध उसी अदालत द्वारा किया जाना होता है जिसने वारंट जारी किया हो। अब इस मामले पर अगली सुनवाई निर्धारित तिथि 30 मार्च को होगी। श्रीनगर के मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट तबस्सुम ने करोड़ों रुपये के जेकेसीए वित्तीय अनियमितता मामले में श्री अब्दुल्ला के खिलाफ गुरुवार को गैर.जमानती ● शेष पेज 11 पर

### घरेलू गैस की आपूर्ति में कोई समस्या नहीं , जमाखोरों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई होगी

नई दिल्ली । सरकार ने आज देशवासियों को आश्वस्त किया कि देश की रिफायनरियों में कच्चे तेल से द्रवीकृत पेट्रोलियम गैस (एलपीजी) के उत्पादन को बढ़ाने का निर्देश दिया गया है और घरेलू गैस सिलेंडरों की आपूर्ति बाधित होने की कोई भी संभावना नहीं है इसलिए आम जनों को चिंतित होने की जरूरत नहीं है। सरकार ने जमाखोरी करने को चेताया है कि उनके खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी। उच्चपदस्थ सूत्रों ने यहां संवाददाताओं से कहा कि देश में एलपीजी की आपूर्ति पर पश्चिम एशिया के युद्ध के कारण कुछ असर हुआ है लेकिन भारत में स्थिति तेल रिफायनरियों में क्षमता वृद्धि के उपाय किये गये हैं और जल्द ही बाज़ार में उपलब्धता बढ़ेगी। सूत्रों के अनुसार देश की रिफायनरियों में एलपीजी के उत्पादन में करीब 25 प्रतिशत की वृद्धि हुई है और इसके और बढ़ने की संभावना है। सूत्रों ने कहा कि पश्चिम एशिया में संकट के नाम पर देश में जो भी वितरक कृत्रिम संकट बता कर जमाखोरी कर रहे हैं, उन पर सरकार की पैनी नज़र है और उन्हें पछताना पड़ेगा। ● शेष पेज 11 पर

## रसोई गैस की किल्लत को लेकर लोक सभा में हंगामा

एजेंसी

**तीन बार कार्यवाही करनी पड़ी स्थगित**




नयी दिल्ली । हंगामे के कारण लोक सभा की कार्यवाही शुक्रवार को निर्धारित समय से पहले ही स्थगित कर दी गयी। इजरायल-अमेरिका और ईरान युद्ध के कारण देश में रसोई गैस की हो रही किल्लत को लेकर विपक्षी सदस्यों के हंगामे के कारण कार्यवाही पहली बार पूर्वाह्न 11 बजे स्थगित की गयी। सदन के दोपहर 12 बजे समवेत होते ही विपक्षी सदस्य फिर हंगामा करने लगे जिस पर कार्यवाही अपराह्न दो बजे तक के लिए स्थगित करनी पड़ी। अपराह्न दो बजे कार्यवाही फिर शुरू होने पर विपक्षी सदस्यों ने इसी मुद्दे पर फिर हंगामा शुरू कर दिया। हंगामे के बीच ही वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने वित्त वर्ष 2025.26 की अतिरिक्त अनुदान मांगों पर हुई चर्चा का जवाब दिया। इसके बाद अतिरिक्त अनुदान मांगे पारित की गयीं और इससे जुड़ा विनियोग विधेयक 2026 भी पारित ● शेष पेज 11 पर

### एनएक्सटी कॉन्क्लेव नीति-निर्माण, नवाचार, वैश्विक सहयोग का बन रहा है अहम मंच : बिरला

नई दिल्ली । लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा कि एनएक्सटी कॉन्क्लेव 2026 नीति-निर्माण, विचार-विमर्श, नवाचार और अंतरराष्ट्रीय सहयोग के लिए एक महत्वपूर्ण वैश्विक मंच के रूप में उभर रहा है। ऐसे मंच दुनिया भर के सांसदों, नीति-निर्माताओं को समकालीन वैश्विक चुनौतियों और अवसरों पर सार्थक चर्चा का अवसर प्रदान करते हैं। बिरला ने यहां आयोजित एनएक्सटी कॉन्क्लेव 2026 में भाग लेने आए 30 से अधिक देशों के सांसदों के एक प्रतिनिधिमंडल से शुक्रवार को संसद भवन में मुलाकात के दौरान यह बात कही। उन्होंने विभिन्न लोकतांत्रिक देशों के जनप्रतिनिधियों और अन्य गणमान्य व्यक्तियों का संसद भवन में स्वागत करते हुए प्रसन्नता व्यक्त की और वैश्विक संसदीय संवाद के महत्व को रेखांकित ● शेष पेज 11 पर

## पश्चिम एशिया युद्ध की स्थिति में भी अफवाह फैला रही कांग्रेस : मोदी

**असम के लिए 19,500 करोड़ रुपये से अधिक की परियोजनाओं का किया शिलान्यास**

एजेंसी

गुवाहाटी । प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को कांग्रेस पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि वैश्विक संकट और युद्ध की परिस्थितियों के बीच भी कांग्रेस देश में अफवाह फैलाने और गलत जानकारी देने में लगी हुई है, जबकि भाजपा-एनडीए सरकार किसानों के हित, ऊर्जा आत्मनिर्भरता और पूर्वोत्तर के विकास के लिए लगातार काम कर रही है।

प्रधानमंत्री ने यहां एक सार्वजनिक कार्यक्रम के दौरान असम के लिए 19,500 करोड़ रुपये से अधिक की विभिन्न विकास परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि कंाग्रेस ने एक बार फिर साबित कर दिया है कि वह किसी भी स्थिति में देश के प्रति ईमानदार नहीं है। उन्होंने कंाग्रेस नेताओं को सलाह देते हुए कहा कि वे 15 अगस्त को लाल किले से दिए गए भारत के पहले प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू के भाषण को सुनें। मोदी ने कहा कि पंडित नेहरू ने एक बार कहा था कि उत्तर कोरिया और दक्षिण ● शेष पेज 11 पर



- ❑ भाजपा-एनडीए सरकार ने ऊर्जा क्षेत्र में देश को आत्मनिर्भर बनाने के लिए व्यापक काम किया है
- ❑ महिला सशक्तीकरण की नई इबारत लिखने जा रहीं महिलाओं को मिली आर्थिक सहायता

### आजादी के अमृतकाल से आगे शताब्दी काल की ओर बढ़ रहा है भारत : ज्योतिरादित्य सिंधिया

ग्वालियर । केंद्रीय संचार एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विकसित भारत 2047 का संकल्प लिया है और भारत अब आजादी के अमृतकाल से आगे शताब्दी काल की ओर बढ़ रहा है। केन्द्रीय मंत्री सिंधिया शुक्रवार को ग्वालियर जिले में घाटीगांव के समीप स्थित शबरी माता मंदिर परिसर में मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना के तहत आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भितरवार को माता शबरी का विशेष आशीर्वाद प्राप्त है। मध्य प्रदेश में विकास की नई इबारत लिखी जा रही है। लाडली बहनों को आज योजना की 34वीं किश्त सीधे बैंक खाते में मिल रही है। केन्द्रीय मंत्री सिंधिया ने कहा कि बहनों के आर्थिक सशक्तीकरण के बगैर विकसित भारत का लक्ष्य प्राप्त नहीं हो सकता है। इसीलिए मध्य प्रदेश में लाडली लक्ष्मी योजना, लाडली बहना योजना की शुरुआत की गई है। प्रदेश की लाडली बहनों को आगामी वर्षों में प्रति माह 3000 रुपये तक दिए जाएंगे। मुख्यमंत्री कन्यादान योजना के अंतर्गत गरीब एवं जरूरतमंद परिवार की बेटियों का निशुल्क ● शेष पेज 11 पर

## हमें हिन्दुस्तान में बदलाव लाने की राजनीति करनी है: राहुल गांधी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ । लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने कहा कि हमें हिन्दुस्तान में बदलाव लाने की राजनीति करनी है। ऐसी राजनीति करें, जिससे हिंदुस्तान के गरीबों, दलितों, पिछड़ों और आदिवासियों को देश के पावर सेक्टर में शामिल किया जा सके। राहुल गांधी ने अमेरिका केसाथ ट्रेड डील को लेकर केन्द्र सरकार और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर कड़े प्रहार किये। कंाग्रेस सांसद राहुल गांधी शुक्रवार को यहां इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित सामाजिक परिवर्तन दिवस कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि आज हम कांशीराम के संघर्ष, उनके विजन और भारत की राजनीति पर उनके प्रभाव को याद करते हैं और दिल से उनका धन्यवाद करते हैं। राहुल गांधी ने कहा कि नरेन्द्र मोदी ने हमारी ऊर्जा सुरक्षा अमेरिका को सौंप दी। मोदी ने ट्रेड डील में अमेरिका को सब कुछ दे दिया, लेकिन भारत को अमेरिका से कुछ नहीं मिला। उल्टा टैरिफ ज्यादा हो गया। गांधी ने आरोप लगाया कि हिंदुस्तान का सारा डेटा अमेरिका को सौंप दिया। अमेरिका के लिए हिंदुस्तान का पूरा बाजार खोल दिया। अमेरिका से कहा गया कि हर साल 9 लाख करोड़ का सामान खरीदेंगे। अगर अमेरिका का सामान भारत आएगा तो हमारे किसानों और व्यापारियों का क्या होगा? उन्होंने कहा कि अमेरिका के साथ ट्रेड डील पिछले चार महीने से रुकी हुई थी, क्योंकि सरकार कृषि सेक्टर से समझौता नहीं करना चाहती थी, लेकिन संसद में मेरे भाषण के तुरंत बाद नरेन्द्र मोदी ने ट्रंप को फोन किया और ट्रेड डील के लिए हामी भर दी, जिसके बाद ट्रंप ने ट्वीट कर दिया। जो डील पिछले चार महीने से रुकी हुई थी, नरेन्द्र मोदी ने वो डील ● शेष पेज 11 पर

# इलाहाबाद संग्रहालय में 'एकल वस्तु प्रदर्शनी' की शुरुआत, सोने की म्यान का पखवाड़े भर प्रदर्शन

❐ प्रदर्शनी का उद्घाटन अपर पुलिस महानिदेशक प्रयागराज जोन ज्योति नारायण ने मंडलायुक्त एवं संग्रहालय निदेशक सौम्या अग्रवाल की उपस्थिति में किया



कैनविज टाइम्स संवाददाता

प्रयागराज। इलाहाबाद संग्रहालय में 'एकल वस्तु प्रदर्शनी' श्रृंखला के तहत दुर्लभ धरोहरों को आमजन के सामने लाने की पहल शुरू की गई है। इसी कड़ी में सोने की म्यान (स्कैबर्ड) का पखवाड़े भर चलने वाला विशेष प्रदर्शन शुक्रवार को प्रारम्भ हुआ।

प्रदर्शनी का उद्घाटन अपर पुलिस महानिदेशक प्रयागराज जोन ज्योति नारायण ने मंडलायुक्त एवं संग्रहालय निदेशक सौम्या अग्रवाल की उपस्थिति में किया। इस अवसर पर मंडलायुक्त ने मुख्य अतिथि का पुष्पगुच्छ, अंगवस्त्र और स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत किया।मुख्य अतिथि ने प्रदर्शित सोने की म्यान के ऐतिहासिक महत्व की जानकारी लेते हुए इसे अरब और भारत के बीच सांस्कृतिक आदान-प्रदान का प्रतीक बताया। उन्होंने संग्रहालय की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि इससे आम लोगों को दुर्लभ ऐतिहासिक धरोहरों को देखने का अवसर मिलेगा।संग्रहालय निदेशक सौम्या अग्रवाल ने बताया कि संग्रहालयों का उद्देश्य समाज को उसकी सांस्कृतिक और ऐतिहासिक विरासत से जोड़ना है। उन्होंने कहा कि इलाहाबाद संग्रहालय में कई महत्वपूर्ण वस्तुएं सुरक्षित हैं, लेकिन स्थानाभाव के कारण वे स्थायी प्रदर्शनी में शामिल नहीं हो पातीं। इसी कारण 'एकल वस्तु प्रदर्शनी' श्रृंखला शुरू की गई है, जिसमें हर पखवाड़े एक दुर्लभ वस्तु जनता के सामने प्रदर्शित की जाएगी।उन्होंने बताया कि लगभग 400 ग्राम वजनी यह सोने की म्यान एक अरब देश के शाह द्वारा उत्तर प्रदेश के तत्कालीन राज्यपाल को उपहार स्वरूप दी गई थी। बाद में इसे राष्ट्रीय धरोहर के रूप में संरक्षित रखने के लिए राजभवन ने इलाहाबाद संग्रहालय को सौंप दिया।

संग्रहालय प्रशासन ने पर्यटकों और शहरवासियों को जोड़ने के लिए विषय आधारित प्रदर्शनी, विद्यार्थियों के लिए मार्गदर्शित भ्रमण, संवाद कार्यक्रम और डिजिटल माध्यमों से धरोहरों के प्रदर्शन जैसी नई पहल भी शुरू की हैं।प्रदर्शनी का संयोजन सहायक संग्रहाध्यक्ष डॉ. संजू मिश्रा ने किया। इस अवसर पर डॉ. अजय कुमार मिश्र, डॉ. राजेश कुमार मिश्र, श्वेता सिंह, डॉ. वामन वानखेड़े, सुनील कुमार पाण्डेय, सोनिका तिवारी, शशांक त्रिपाठी, शैलेश कुमार सोनू और डॉ. सुशील सहित संग्रहालय के कई अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

## गैस सिलेंडर को लेकर गलत वीडियो पोस्ट करने पर होगी कार्रवाई : जिला प्रशासन

बलिया । बलिया में गैस सिलेंडर की कोई कमी नहीं है। लेकिन इसकी किल्लत को लेकर अफवाह फैलाने वालों पर बलिया का जिला प्रशासन सख्त है। डीएम और एसपी ने शुक्रवार को गैस व पेट्रोल पम्प संचालकों के साथ बैठक की।जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह व पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह ने विकास भवन सभागार में गैस एजेंसी मालिकों और डिस्ट्रिब्यूटरों के साथ बैठक में जनपद के प्रमुख गैस एजेंसी मालिकों और डिस्ट्रिब्यूटरों से वार्ता कर कालाबाजारी रोकने एवं बिना बुकिंग हॉकरों को गैस सिलेंडर न देने तथा अफवाह फैलाने वालों पर सख्त कार्यवाही होने के निर्देश दिए।बैठक में पेट्रोल पंप संचालकों को नो हेलमेट, नो पेट्रोल तथा पुलिस को बिना हेलमेट चालकों का चालान करने के भी निर्देश दिए गए। अधिकारियों ने कहा कि पुलिस सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर भी लगातार नजर रखी जा रही है। पुराने या गलत वीडियो शेयर करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। बैठक में सीडीओ ओजस्वी राज व एडिशनल एसपी दिनेश शुक्ल भी थे।

# कोडीन कफ सिरप मामले में कानपुर क्राइम ब्रांच ने आरोपित को लखनऊ से किया गिरफ्तार

❐ आरोपित फर्जी बिल और फर्जी फर्म के जरिए नशे का कारोबार कर रहा था।

कैनविज टाइम्स संवाददाता

कानपुर । कोडीन युक्त कफ सिरप मामले में क्राइम ब्रांच ने शुक्रवार को गिरोह से जुड़े एक और शातिर अपराधी को लखनऊ से गिरफ्तार किया है। आरोपित फर्जी बिल और फर्जी फर्म के जरिए नशे का कारोबार कर रहा था।

पुलिस उपायुक्त अपराध श्रवण कुमार सिंह ने बताया कि कोडीन युक्त कफ सिरप मामले में मास्टरमाइंड विनोद अग्रवाल के खिलाफ की गई कार्रवाई के दौरान मिले दस्तावेजों और साक्ष्यों के आधार पर लखनऊ के ऐशबाग निवासी प्रभात खरे की भूमिका संदिग्ध पाई गई। इसके बाद पुलिस ने प्रभात को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में आरोपित प्रभात खरे ने बताया कि उसकी मुलाकात कानपुर स्थित अग्रवाल ब्रदर्स के मालिक विनोद अग्रवाल और उनके पुत्र शिवम अग्रवाल से हुई थी। इस अवैध कारोबार के लिए विनोद अग्रवाल और शिवम अग्रवाल ने उसकी पत्नी के नाम से ध्रुव फार्मास्यूटिकल्स नाम से फर्म खुलवाई थी। इसके माध्यम से वैध दवाओं की आपूर्ति की आड़ में कोडीन युक्त कफ सिरप की अवैध तस्करी की जाती थी। फर्जी फर्म श्री राम मेडिकल एजेंसी के नाम से बिल तैयार कर दवाओं को ट्रांसपोर्ट के जरिए अलग-अलग जिलों में भेजा जाता था। जांच में सामने आया कि कफ सिरप को कार्टनों में पैक कर सस्ते ट्रांसपोर्ट के माध्यम से सीतापुर, लखीमपुर खीरी और बहराइच सहित अन्य जिलों में भेजा जाता था। वहां से आरोपित प्रभात खरे माल प्राप्त कर नशे के रूप में इस्तेमाल करने वाले लोगों को ऊंचे दामों पर बेचता था। इस अवैध कारोबार से प्राप्त धनराशि आरोपियों के बीच नकद बांटी जाती थी।

## शटर तोड़कर टायर की दुकान से दो लाख के टायर चोरी

**प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** प्रयागराज के कौंधियारा थाना क्षेत्र के जारी बाजार में चोरों ने एक टायर दुकान को निशाना बनाते हुए करीब दो लाख रुपये के टायर पार कर दिए। जानकारी के अनुसार साई टायर्स के संचालक दिलीप कुमार केसरवानी की दुकान का शटर तोड़कर चोर अंदर घुस गए और बड़ी संख्या में टायर उठा ले गए। घटना की जानकारी सुबह दुकान खुलने पर हुई, जिसके बाद सीसीटीवी फुटेज खंगाला गया। फुटेज में चोर स्कॉर्पियो वाहन से आते और टायर लादकर ले जाते दिखाई दे रहे हैं। सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है और फुटेज के आधार पर आरोपियों की तलाश की जा रही है।

## सीडीओ की अध्यक्षता में जिला आयुष समिति की बैठक, योजनाओं की समीक्षा

**प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** प्रयागराज में शुक्रवार को जिला आयुष समिति के कार्यकारी निकाय की बैठक मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में पिछले कार्यों और व्यय की समीक्षा की गई तथा आयुर्वेद एवं होम्योपैथी के नवनिर्मित भवनों के हस्तांतरण की कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। इसके साथ ही निर्माणाधीन भवनों की गुणवत्ता की निगरानी करने को कहा गया। वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए ट्टइइ़ बजट मांग पत्र को सर्वसम्मति से अनुमोदित किया गया। बैठक में आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में रिक्त अंशकालिक योग शिक्षकों की नियमानुसार भर्ती सहित कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा हुई। इस दौरान आयुष विभाग के अधिकारी और समिति के सदस्य उपस्थित रहे।

## पुरानी रंजिश में दबंगों की फायरिंग, महिला समेत दो घायल

**प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** प्रयागराज के एयरपोर्ट थाना क्षेत्र के भीटी गांव में पुरानी रंजिश के चलते दबंगों ने फायरिंग कर दी, जिसमें एक महिला समेत दो लोग घायल हो गए। गोली चलने से इलाके में अफरा-तफरी मच गई। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया। पुलिस के अनुसार आरोपियों की पहचान कर ली गई है और उनकी गिरफ्तारी के लिए दबिश दी जा रही है। फिलहाल पूरे मामले की जांच जारी है।

## प्रयागराज में मोहम्मद नईम का बयान, स्थानीय मुद्दों को लेकर उठाई आवाज

**प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता ।** जिले से मोहम्मद नईम का एक वीडियो सामने आया है जिसमें उन्होंने क्षेत्र से जुड़े विभिन्न मुद्दों को लेकर अपनी बात रखी। वीडियो में उन्होंने स्थानीय समस्याओं और जनहित के विषयों पर प्रशासन का ध्यान आकर्षित करने की कोशिश की है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र की समस्याओं का समाधान होना चाहिए और संबंधित अधिकारियों को इस पर गंभीरता से ध्यान देना चाहिए।मोहम्मद नईम ने लोगों से भी अपील की कि वे अपने अधिकारों और समस्याओं को लेकर जागरूक रहें तथा प्रशासन तक अपनी बात पहुंचाएं। उनका यह वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है और लोग इस पर अपनी प्रतिक्रियाएं भी दे रहे हैं।बताया जा रहा है कि वीडियो प्रयागराज से रिकॉर्ड किया गया है, जिसमें उन्होंने क्षेत्र की स्थिति और लोगों की परेशानियों पर खुलकर अपनी बात रखी।

## कोचिंग जा रही छात्रा को ट्रक ने रौंदा, मौके पर दर्दनाक मौत

**प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** जिले में एक दर्दनाक सड़क हादसे में कोचिंग पढ़ने जा रही छात्रा की ट्रक की चपेट में आने से मौके पर ही मौत हो गई। बताया जा रहा है कि छात्रा अपने घर से कोचिंग के लिए निकली थी, तभी रास्ते में तेज रफ्तार ट्रक ने उसे टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि छात्रा ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और स्थानीय लोग बड़ी संख्या में जमा हो गए। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने ट्रक चालक की तलाश शुरू कर दी है।इस हादसे से इलाके में शोक का माहौल है। स्थानीय लोगों ने भारी वाहनों की तेज रफ्तार और लापरवाही पर नाराजगी जताते हुए प्रशासन से सख्त कार्रवाई की मांग की है।

## धनंजय सिंह ने अपर मंडल रेल प्रबंधक प्रयागराज का पदभार संभाला

**प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** उत्तर मध्य रेलवे के प्रयागराज मंडल में धनंजय कुमार सिंह ने अपर मंडल रेल प्रबंधक का पदभार ग्रहण किया। यह पद नवीन प्रकाश के दक्षिण पूर्व रेलवे में स्थानांतरण के उपरांत रिक्त हुआ था।यह जानकारी जनसम्पर्क अधिकारी अमित कुमार सिंह ने शुक्रवार को दी। उन्होंने बताया कि पदभार ग्रहण करने से पूर्व धनंजय सिंह प्रयागराज मंडल में वरिष्ठ मंडल यांत्रिक अभियन्ता के पद पर कार्यरत थे। उन्होंने मदन मोहन मालवीय इंजीनियरिंग कॉलेज, गोरखपुर से मैकेनिकल इंजीनियरिंग में बैचलर ऑफ टेक्नोलॉजी की डिग्री प्राप्त की है। वे भारतीय रेलवे यांत्रिक सेवा के वर्ष 2007 बैच के अधिकारी हैं। प्रशिक्षण पूर्ण करने के उपरांत उन्होंने अपने रेलवे करियर की शुरुआत पूर्व तट रेलवे में सहायक मंडल यांत्रिक अभियन्ता के रूप में की।पीआरओ ने बताया कि वर्ष 2017 में उन्होंने जापान में हाई स्पीड ट्रेन तकनीक का प्रशिक्षण प्राप्त किया। अपने उत्कृष्ट कार्यों के लिए उन्हें वर्ष 2025 में रेलवे बोर्ड, नई दिल्ली द्वारा ल्लअति विशिष्ट रेल सेवा पुरस्कारङ्क से भी सम्मानित किया गया है।

## अनुशासन, परिश्रम व सकारात्मक सोच से ही जीवन सफल: प्रो. धीरज चौधरी

**प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** ईश्वर शरण डिग्री कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई संख्या 046 एवं 049 के सात दिवसीय विशेष शिविर के चौथे दिन शुक्रवार का शुभारम्भ विकास विद्यालय, सलोरी में राष्ट्रीय सेवा योजना के लक्ष्य गीत ल्लउठे समाज के लिए उठेङ्क तथा देशभक्ति गीत ल्लहम होंगे कामयाबङ्क के साथ किया गया।इस अवसर पर मुख्य वक्ता मध्यकालीन और इतिहास विभाग ईश्वर शरण डिग्री कॉलेज के प्रोफ़ेसर धीरज चौधरी ने स्वयंसेवकों को सम्बोधित करते हुए स्वास्थ्य एवं फिटनेस के महत्व पर युवाओं को नियमित व्यायाम करने, अनुशासन का पालन करने तथा अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने के लिए प्रेरित किया। साथ ही उन्होंने जीवन को सही दिशा में जीने का तरीका बताते हुए कहा कि अनुशासन, परिश्रम और सकारात्मक सोच से ही व्यक्ति अपने जीवन को सफल बना सकता है। उन्होंने कहा पैसे से स्वास्थ्य को खरीदा नहीं जा सकता है। धन से कोई धनवान नहीं होता है, असली धन सम्पदा हमारा शरीर और स्वास्थ्य है। उन्होंने कहा कि हमें अपनी व्यस्त दिनचर्या के बीच से अपने हेल्थ और फिटनेस के लिए जरूर समय निकालना चाहिए। स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क का विकास होता है।व्याख्यान के दूसरे सत्र में स्वयंसेवकों ने हेल्थ और फिटनेस से संबंधित प्रश्न किये। डॉ. आलोक मिश्र ने प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी एवं परीक्षा में प्रश्नों का सही जवाब कैसे लिखे, उत्तर लिखने की सही विधि स्पष्ट एवं सुव्यवस्थित प्रस्तुति तथा विषय की समझ के साथ उत्तर देने के महत्व के बार में बताया।दोनों इकाइयों के कार्यक्रम अधिकारियों डॉ. रेफाक अहमद एवं डॉ. आलोक मिश्र के निर्देशन में कार्यक्रम का संचालन किया गया। इसी क्रम में यूनिट 046 के लीडर प्रथम कुमार यादव तथा यूनिट 049 के लीडर अंकित पटेल ने सभी स्वयंसेवकों का मार्गदर्शन करते हुए कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और सभी को अनुशासन एवं टीम भावना के साथ कार्य करने के लिए प्रेरित किया।इस अवसर पर विद्यालय परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया गया, जिसके अंतर्गत विद्यालय के प्रांगण एवं बगीचे की साफ-सफाई की गई। इस अभियान में सभी स्वयंसेवकों ने बढ़-चढ़कर सहभागिता निभाई।

# जयंती पर याद किए गए लोक अदालत के जनक शिवदयाल चौरसिया



कैनविज टाइम्स संवाददाता

प्रयागराज । लोक अदालत की अवधारणा पूर्व राज्यसभा सांसद शिव दयाल चौरसिया के ही प्रयासों और पैरवी का परिणाम है, इसलिए उन्हें लोक अदालत का जनक कहा जाता है।

उक्त बातें उत्तर प्रदेश के प्रयागराज जिले में शुक्रवार को समाजवादी पार्टी के जिला कार्यालय जार्ज टाउन में आयोजित जयंती कार्यक्रम को संबोधित करते हुए एमएलसी मान सिंह यादव ने कही।उन्होंने कहा कि स्व. शिवदयाल चौरसिया का जन्म 13 मार्च 1903 को लखनऊ के खरिका गांव (वर्तमान तेलीबाग) में स्व. पराग राम चौरसिया के पुत्र के रूप में हुआ था। वकालत की पढ़ाई के बाद उन्होंने हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट में अधिवक्ता के रूप में कार्य किया। इस दौरान उन्होंने सामाजिक न्याय के लिए संघर्ष करने वाले नेताओं के साथ मिलकर साइमन कमीशन समक्ष पिछड़े वर्गों की दयनीय स्थिति को मजबूती से रखा।उन्होंने आगे कहा कि स्व. चौरसिया ने भीम राव आंबेडकर के साथ डिप्रेस्ड क्लासेस तथा बाद में डिप्रेस्ड लीग में भी काम किया। उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के खिलाफ रायबरेली से चुनाव लड़ा था। बाद में कांग्रेस ने वर्ष 1974 में उन्हें राज्यसभा भेजा, जहां उन्होंने उद्योगपति के.के. बिड़ला को पराजित किया था।

# हर अभिकर्ता एलआईसी की रीढ़: अनिल कुमार

❐ अच्छा व्यवसाय करने वाले अभिकर्ता को मिला सम्मान



कैनविज टाइम्स संवाददाता

प्रयागराज। एलआईसी इलाहाबाद मंडल के एसडीएम अनिल कुमार और डिप्टी मैनेजर अजय श्रीवास्तव ने यमुनापार शाखा 31 ग का दौरा किया । शाखा प्रबंधक अखिलेश कुमार सिंह ने बताया कि शाखा ने इस वर्ष का बजट 84% पूरा कर लिया है और 25 मार्च तक लक्ष्य पूरा करने का लक्ष्य है। शाखा में लगभग 1100 अभिकर्ता हैं और 14 शतकवीर हैं, मार्च पूरा होते तक 25 शतकवीर बनने की उम्मीद है।

सेटेलाइट शाखा मेजारोड के शाखा प्रबंधक विनय मिश्र ने भी समय से पूर्व शाखा का लक्ष्य पूरा कर लिया डिप्टी मैनेजर अजय श्रीवास्तव ने शाखा की प्रशंसा की और अभिकर्ताओं को अधिक व्यवसाय करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि 31 ग शाखा हमेशा मंडल में नाम रोशन करने का काम करती है और इस वर्ष भी समय से पहले अपना स्थान बनाए रखने की उम्मीद है।

लकी ड्रॉ में मोटर साइकिल जीतने वाले अभिकर्ता इंद्र जीत कुशवाह को सम्मानित किया गया। एसडीएम अनिल कुमार ने पीएस क्लेम विभाग की अच्छा कार्य करने की प्रशंसा की और अच्छा बीमा व्यवसाय करने वाले अभिकर्ता व विकास अधिकारी साथ ही शाखा के सभी विभाग के स्टाफ को माला पहनाकर सम्मानित किया।

शाखा के विकास अधिकारी सुनील कुमार गुप्ता ने बैठक का संचालन किया और अभिकर्ताओं को प्रेरित किया। अंत में, क्लेम विभाग में प्रशासनिक अधिकारी पी के मिश्र ने अभिकर्ताओं का उत्साह वर्धन किया। इस बैठक में लालता तिवारी,सर्वेश सिंह, शालिनी सिंह , अनन्या,आशीष स्थाना,एसपी गुप्ता,अजय कुमार गुप्ता विकास अधिकारी,मनोज सक्सेना, जय कुमार सिंह, प्रभात केशरी,सौरभ सिंह,मनीष कुमार सिंह अन्य अभिकर्ता व स्टाफ शामिल था

# पशुपालन, बागवानी और मत्स्य पालन से आय बढ़ायें किसान : ए के शर्मा




कैनविज टाइम्स संवाददाता

मऊ । उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री एके शर्मा ने आज जनपद मऊ में कुशमौर स्थित राष्ट्रीय बीज विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संस्थान में निस्ट किसान मेला 2026 का उद्घाटन किया।

उन्होंने समन्वित खेती अपनाकर यानी खेती के साथ पशुपालन, बागवानी और मत्स्य पालन को कर अपनी आय बढ़ाने का किसानों से आग्रह किया।घोसी चीनी मिल को लेकर फैल रही अफवाहों पर मंत्री ने कहा कि घोसी चीनी मिल को बंद करने की किसी में ताकत नहीं है, किसान किसी भी तरह की भ्रामक बातों पर ध्यान न दें। उन्होंने किसानों से ऊर्जा क्षेत्र में भी आगे आने की अपील करते हुए कहा कि किसान सोलर पैनल और बायोगैस के माध्यम से बिजली उत्पादन कर अतिरिक्त आय प्राप्त कर सकते हैं।कार्यक्रम के दौरान मंत्री ने कृषि स्टालों का अवलोकन किया और किसानों के नवाचारों की सराहना की। मेले में बड़ी संख्या में किसान, कृषि वैज्ञानिक और अधिकारी मौजूद रहे।

## विश्व किडनी दिवस पर एमजीयूजी में जागरूकता कार्यक्रम

गोरखपुर । महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय गोरखपुर (एमजीयूजी) में विश्व किडनी दिवस के अवसर पर शुक्रवार को फैकल्टी ऑफ नर्सिंग एंड पैरामेडिकल की तरफ से एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि नेफ्रोलॉजिस्ट डॉ. धैर्य प्रकाश प्रजापति ने किडनी रोगों के प्रमुख कारणों, उनके बचाव के उपायों तथा उपचार सम्बंधी महत्वपूर्ण जानकारी साझा की।डॉ. प्रजापति ने बताया कि किडनी को स्वस्थ रखने के लिए ब्लड प्रेशर और शुगर लेवल को नियंत्रित रखना बहुत आवश्यक है। साथ ही फास्ट फूड के अत्यधिक सेवन से बचना चाहिए। उन्होंने गुर्दा प्रत्यारोपण के विषय में जानकारी देते हुए बताया कि डायलिसिस एक अस्थायी उपचार है, जबकि गुर्दा प्रत्यारोपण किडनी फ़ेलियर के मामलों में एक स्थायी उपचार माना जाता है। उन्होंने विद्यार्थियों को समाज में किडनी स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए प्रेरित किया।कार्यक्रम का शुभारम्भ पैरामेडिकल के प्राचार्य डॉ. रोहित कुमार श्रीवास्तव के स्वागत सम्बोधन से हुआ।

# गणित प्रवक्ता लापता, पुलिस तलाश में जुटी

कैनविज टाइम्स संवाददाता




हाथरस । कुरसंडा इंटरमीडिएट कॉलेज के गणित प्रवक्ता योगेश कुमार 12 मार्च की शाम से लापता हैं। वे बोर्ड परीक्षा ड्यूटी के बाद घर से रिलीविंग लेटर लेने निकले थे, जिसके बाद से उनका कोई सुराग नहीं मिल रहा है। परिजनों ने पुलिस को सूचना दी है।

मूल रूप से गांव सीस्ता निवासी योगेश कुमार पुत्र प्रभूदयाल अपनी पत्नी और बच्चों के साथ आगरा में रहते हैं। वे कुरसंडा इंटरमीडिएट कॉलेज में गणित प्रवक्ता के पद पर कार्यरत हैं। इन दिनों उनकी बोर्ड परीक्षा ड्यूटी ग्राम सीस्ता स्थित एचएस इंटर कॉलेज में बाह्य केंद्र व्यवस्थापक के रूप में लगी हुई थी। परीक्षा सम्पन्न होने के बाद 12 मार्च को वे सुबह आगरा से पत्नी और बच्चों को लेकर गांव आए थे। गांव के घर से रिलीविंग लेटर लेने के लिए वे परीक्षा केंद्र भी गए। रिलीविंग लेटर लेने के बाद उनका मोबाइल फोन परीक्षा केंद्र पर ही रह गया था। इसके बाद उन्हें गांव में लगे मेले में भी देखा गया था। परिजनों के अनुसार, शाम करीब 6 बजे तक जब योगेश कुमार घर नहीं पहुंचे तो उन्हें चिंता हुई। इसके बाद घरवालों ने आसपास के संभावित स्थानों पर उनकी तलाश शुरू कर दी, लेकिन उनका कोई पता नहीं चल सका।परिवार के लोगों ने कॉलेज प्रबंधक से सम्पर्क कर जानकारी ली तो उन्होंने बताया कि योगेश कुमार रिलीविंग लेटर लेकर चले गए थे, लेकिन उनका मोबाइल फोन परीक्षा केंद्र पर ही छूट गया था। घटना की सूचना परिजनों ने डायल 112 पुलिस को भी दी। जिस पर पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जानकारी चौकी गोविंदपुर पुलिस को भी दी गई। हालांकि, अभी तक शिक्षक का कोई सुराग नहीं मिल पाया है। परिजनों ने सादाबाद कोतवाली में शिकायत दर्ज कराकर शिक्षक की तलाश कराने की मांग की है।

# श्रीमदभागवत कथा सत्य, करुणा, भक्ति के पथ पर चलने की देता है प्रेरणा आशुतोष जी महाराज

❐ गोवर्धन पूजा, रूक्मणी विवाह, कंस वध की कथा सुन भाव विभोर हुए श्रोता

कैनविज टाइम्स संवाददाता



कोरांव, प्रयागराज। हनुमान गंज पैतिहा फार्म हाउस पर चल रहीं श्री मद भागवत कथा का शुक्रवार को कथा मनोरथी कुंवर दिवाकर प्रताप सिंह के द्वारा ब्यास गद्दी का पूजन के बाद श्री आशुतोष जी महाराज के मुखारविंद से भक्ति रस के साथ छठे दिन की कथा संपन्न की गई। कथा के छठे दिन शुक्रवार को ब्यास गद्दी पर सुशोभित श्री आशुतोष जी महाराज ने गोवर्धन पूजा,रूक्मणी विवाह,कंस वध की कथा का मार्मिक वर्णन श्रवण कर्ताओं के समक्ष प्रस्तुत किया । त्याग करना सरल लेकिन अहंकार पर नियंत्रण पाना सरल नहीं जिसका जितना बड़ा अहंकार होता है उसे उतना बड़ा दुख होना निश्चित होता हैं, वहीं अहंकार छोटासा भी न हो तो सुख की प्राप्ति होती हैं। अहंकार का वर्णन करते हुए कथा ब्यास जी ने देवराज इंद्र के अहंकार को गोवर्धन पूजा करके जिस प्रकार से भगवान श्री कृष्ण ने चूर कर के कनिष्ठिका अंगुली पर गोवर्धन पर्वत को उठाकर गोकुल वासियों की रक्षा की थी उसका भी मार्मिक वर्णन देखने को मिला। आगे उन्होंने श्रीमद् भागवत महापुराण न केवल मोक्ष का मार्ग प्रशस्त करता है , बलिक मानव को सत्य करुणा और भक्ति के पथ पर चलने की प्रेरणा भी देता है । उन्होंने बताया कि जीवन में आने वाले कष्ट से दूर रहने का एकमात्र उपाय है । प्रभु का निरंतर भजन स्मरण और स्वयं को ईश्वर में समर्पित करना है। भागवत कथा जीवन में आध्यात्मिक चेतना को जागृत करने का सशक्त माध्यम है। जो मनुष्य को सांसारिक मोह माया से दूर कर भगवान की भक्ति की और अग्रसर करती है। उन्होंने कहा की भागवत कथा के श्रवण मात्र से मन को शांति, बुद्धि को विवेक और जीवन को सही दिशा मिलती है। पैतिहा फार्म हाउस पर चल रही श्रीमद् भागवत कथा के छठवें दिन श्रोताओं में प्रमुख रूप से कुंवर आनंद प्रताप सिंह अमेठी, दयाशंकर शुक्ल, वीरेंद्र प्रताप सिंह, राजकुमार सिंह, रजनीश प्रताप सिंह, राकेश प्रताप सिंह, विजय शंकर मिश्र, तुलसी दास राणा, महेंद्र प्रताप सिंह, शिक्षक महेंद्र मौर्य, अजय श्रीवास्तव, राजेश मौर्य, रोशन सिंह , शारदा प्रताप सिंह, मनीष वर्मा, तन्मय श्रीवास्तव सहित अन्य क्षेत्रीय भक्त मौजूद रहें।


**उत्तर रेलवे**

**ई—ऑक्शन सूचना**

वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक/पी0एस0, उत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई—ऑक्शन से सम्बन्धित सूचना।

| | |
|---|---|
| एडमिन यूनिट/जोन | लखनऊ—उ0रे0—मण्डल—वाणिज्य/उ0रे0 |
| नीलामी सूची सं0/ लॉट सं0 | PARKING-LKO-RDL-MX-90-25-1 (Parking Mixed) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 09-03-2026 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 24-03-2026 समय 10:30 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 24-03-2026 समय 11:00 बजे |
| नीलामी सूची सं0/ लॉट सं0 | PARKING-LKO-SKN-MX-147-25-1 (Parking Mixed) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 09-03-2026 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 24-03-2026 समय 10:30 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 24-03-2026 समय 11:10 बजे |
| नीलामी सूची सं0/ लॉट सं0 | PARKING-LKO-AYC-MX-180-26-2 (Parking-Mixed) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 09-03-2026 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 25-03-2026 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 25-03-2026 समय 10:30 बजे |
| नीलामी का प्रकार | Close Ended |
| वेबसाइट विवरण जहाँ पंजीकृत बोलीदाताओं द्वारा नीलामी का पूरा विवरण देखा जा सकता है। | E-Auction Module of www.ireps.gov.in |

856/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# ‘सुर साधना’ से जीवंत हो रही यूपी की लोक परंपराएं : जयवीर सिंह

❒ सुर साधना’ से सजी यूपी की संस्कृति, 2200 से ज्यादा कलाकारों ने दिखाई प्रतिभा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ । स्थानीय कलाकारों को आगे बढ़ाने के लिए ‘सुर साधना ‘ जैसी खास पहल के तहत यूपी के 22 जिलों में साप्ताहिक सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसमें अलग-अलग जिलों के धार्मिक, ऐतिहासिक और पर्यटन स्थलों पर कलाकार अपनी प्रस्तुति दे रहे हैं।

खास बात यह है कि 156 दिनों में अब तक 374 सांस्कृतिक दलों के लगभग 2200 से ज्यादा कलाकार इन कार्यक्रमों में हिस्सा लेकर अपनी प्रतिभा दिखा चुके हैं, जिससे प्रदेश की लोक संस्कृति को नया मंच मिल रहा है। वहीं दर्शकों को भी प्रदेश की समृद्ध लोक परंपराओं को करीब से देखने और समझने का मौका मिल रहा है। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि इन कार्यक्रमों में कई तरह की सांस्कृतिक विधाओं की प्रस्तुतियां दी जाती हैं। कलाकार लोकगायन, भजन-कीर्तन, लोकनृत्य, लोकनाट्य, कठपुतली और जादू जैसी विधाओं का प्रदर्शन करते हैं। इसके अलावा शास्त्रीय गायन-वादन, किस्सागोई और काव्य पाठ भी कार्यक्रम का हिस्सा हैं। इन प्रस्तुतियों के माध्यम से दर्शकों को प्रदेश की विविध लोक परंपराओं से रूबरू होने का मौका मिलता है। कार्यक्रम में स्थानीय कलाकारों को प्राथमिकता दी जाती है, जिससे उस क्षेत्र की पारंपरिक कला को बढ़ावा मिल सके। कलाकारों को उनकी प्रस्तुति के अनुसार मानदेय भी दिया जाता है। लोक नृत्य के लिए 15,000 रुपये, लोक भजन गायन के लिए 10,000 रुपये और अन्य विधाओं जैसे जादू, कठपुतली, किस्सागोई/ दास्तानगोई और काव्य पाठ के लिए 5,000 रुपये मानदेय निर्धारित किया गया है। इससे कलाकारों को आर्थिक सहयोग भी मिल रहा है और वे अपनी कला को बेहतर तरीके से प्रस्तुत कर पा रहे हैं।

‘सुर साधना‘ कार्यक्रम में कुसुमवन सरोवर (मथुरा), झांसी का किला (झांसी), रामघाट (चित्रकूट), नया अस्सी घाट (वाराणसी), त्रिवेणी घाट (प्रयागराज), कुड़िया घाट और जनेश्वर मिश्र पार्क (लखनऊ), शिल्पग्राम (आगरा), डाइट ऑडिटोरियम विकास भवन (बदायूं), नैमिषारण्य धाम (सीतापुर), राम की पैड़ी (अयोध्या), रामगढ़ताल (गोरखपुर), सामौर बाबा धाम (फिरोजाबाद), सीता समाहित स्थल (भदोही), बटेश्वर धाम (आगरा) और पाल्हमेश्वरी देवी मंदिर (आजमगढ़) जैसे स्थान शामिल हैं।

इसके अलावा विंध्यवासिनी देवी मंदिर (विंध्याचल/मिर्ज़ापुर), प्रेम मंदिर (वृंदावन/मथुरा), शुक्र तीर्थ (मुजफ्फरनगर), देवीपाटन मंदिर (बलरामपुर), गढ़मुक्तेश्वर (हापुड़), मां शाकुंभरी देवी मंदिर (सहारनपुर) और शीतला माता मंदिर (मैनपुरी) जैसे जिलों के प्रमुख धार्मिक स्थलों पर भी ‘सुर साधना‘ के कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इच्छुक स्थानीय कलाकार ‘ठघ संस्कृति ऐप’ के जरिए इस कार्यक्रम से जुड़ सकते हैं और अपनी कला को मंच पर प्रस्तुत करने का मौका पा सकते हैं। इस पहल का उद्देश्य स्थानीय कलाकारों को मंच देना, सांस्कृतिक पर्यटन को बढ़ावा देना और पारंपरिक लोक कलाओं को बचाए रखना है। साथ ही इसका उद्देश्य शहर और गांव दोनों जगह के लोगों को लोक संस्कृति से जोड़ना और समाज में सांस्कृतिक जागरूकता बढ़ाना भी है।

# तेज रफ्तार वैगनआर की टक्कर से मासूम की दर्दनाक मौत

कैनविज टाइम्स संवाददाता



मोहनलालगंज। कोतवाली क्षेत्र के सिसेंडी रोड स्थित इमलिहिया खेड़ा गांव के सामने शुक्रवार शाम एक दिल दहला देने वाला सड़क हादसा हो गया। तेज रफ्तार वैगनआर कार की टक्कर से एक मासूम बच्चे की दर्दनाक मौत हो गई।

टक्कर इतनी भीषण थी कि बच्चा कार में फंस गया और करीब सौ मीटर तक सड़क पर घिसटता चला गया। इस भयावह दृश्य को देखकर आसपास मौजूद ग्रामीणों में अफरा-तफरी मच गई और उन्होंने कार को घेरकर चालक महिला को पकड़ लिया।पुलिस के अनुसार शुक्रवार को लगभग शाम 4 बजे सूचना मिली कि सिसेंडी रोड पर एक कार ने बच्चे को टक्कर मार दी है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची तो पता चला कि वैगनआर कार संख्या यूपी 32 एमवी 0089 को रेनू संजीव कुमार पुत्री राममूर्ति निवासी गांधीनगर, नियर जीएस पब्लिक स्कूल, तेलीबाग, लखनऊ चला रही थीं। इसी दौरान कार ने सड़क किनारे मौजूद अर्जुन लगभग 6 वर्षीय पुत्र पिंकल उर्फ टिंकल निवासी इमलिहिया खेड़ा थाना मोहनलालगंज को जोरदार टक्कर मार दी।प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक मासूम अर्जुन घर के पास सड़क किनारे खेल रहा था। तभी तेज रफ्तार से आई कार ने उसे टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही बच्चा कार के नीचे फंस गया और वाहन के साथ करीब सौ मीटर तक सड़क पर घिसटता चला गया। यह दर्दनाक मंजर देखकर आसपास के लोग दौड़ पड़े और किसी तरह कार को रुकवाया।घटना के बाद गुस्साए ग्रामीणों ने कार को चारों तरफ से घेर लिया और चालक महिला को पकड़कर रोक लिया। कुछ देर तक मौके पर तनाव का माहौल बना रहा। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और ग्रामीणों को शांत कराते हुए चालक महिला को उनके चंगुल से छुड़ाकर सिसेंडी चौकी ले गई।हादसे में गंभीर रूप से घायल बच्चे को तत्काल सीएचसी मोहनलालगंज भेजा गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मासूम की मौत की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। मृतक के बाबा केशन पासी ने बताया कि अर्जुन उनके पुत्र पिंकल का बेटा था और घर का इकलौता चिराग था।पुलिस ने वाहन को कब्जे में लेकर चालक महिला को हिरासत में ले लिया है। मोहनलालगंज इंस्पेक्टर बृजेश त्रिपाठी ने बताया कि मृतक के परिजनों से तहरीर प्राप्त कर मुकदमा दर्ज किया जा रहा है। शव का पंचायतनामा भरकर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।इस दर्दनाक हादसे के बाद गांव में शोक का माहौल है और ग्रामीणों ने सिसेंडी रोड पर तेज रफ्तार वाहनों पर अंकुश लगाने तथा सड़क सुरक्षा के लिए ठोस इंतजाम करने की मांग की है।

# उत्तर प्रदेश के 2.15 करोड़ किसानों के खाते में पहुंचे 4335.11 करोड़ रुपये

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ । प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को खानापारा, गुवाहाटी (असम) से देश के करोड़ों किसानों के बैंक खातों में ‘प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि‘ की 22वीं किस्त डीबीटी के माध्यम से सीधे हस्तांतरित की। इस ऐतिहासिक अवसर पर उत्तर प्रदेश के 2.15 करोड़ से अधिक किसान लाभान्वित हुए, जिनके खातों में कुल 4335.11 करोड़ रुपये की धनराशि भेजी गई।

राजधानी लखनऊ स्थित कृषि भवन के सभागार में प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने सैकड़ों किसानों की उपस्थिति में इस कार्यक्रम का सजीव प्रसारण देखा और प्रधानमंत्री का प्रदेश के अन्नदाताओं की ओर से आभार व्यक्त किया।कार्यक्रम के पश्चात उपस्थित किसानों को संबोधित करते हुए कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने बताया कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत उत्तर प्रदेश के किसानों को अब तक की सबसे बड़ी आर्थिक सहायता प्राप्त हुई है। उन्होंने बताया कि 21वीं किस्त तक प्रदेश के किसानों को 94,668.58 करोड़ रुपये मिल चुके थे और आज की 22वीं किस्त के बाद यह कुल धनराशि बढ़कर 99,003.69 करोड़ रुपये हो गई है। उन्होंने वर्षवार विवरण देते हुए बताया कि वर्ष 2018-19 में जहां 2,238.92 करोड़ रुपये से शुरुआत हुई थी, वहीं वर्ष 2024-25 में 15,594.74 करोड़ रुपये और चालू वित्तीय वर्ष 2025-26 की तीनों किस्तों को मिलाकर अब तक 13,692.70 करोड़ रुपये सीधे किसानों के खातों में पहुँचे हैं।कृषि मंत्री ने कहा कि बीज से लेकर बाजार तक और सम्मान निधि से लेकर फसल बीमा तक, सरकार हर मोर्चे पर अन्नदाता के साथ खड़ी है। आज का यह कार्यक्रम इस बात का प्रमाण है कि तकनीक के माध्यम से भ्रष्टाचार मुक्त व्यवस्था सुनिश्चित करते हुए पारदर्शिता के साथ लाभ सीधे पात्रों तक पहुँच रहा है।इस अवसर पर 200 से अधिक किसान, प्रमुख सचिव कृषि रवींद्र, कृषि निदेशक डॉ. पंकज त्रिपाठी, कृषि विभाग के सभी उच्च अधिकारी उपस्थित रहे।

# राज्यपाल से संस्कृति स्कूल के विद्यार्थियों की शिष्टाचार भेंट



कैनविज टाइम्स संवाददात

लखनऊ । उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल से शुक्रवार को जनभवन में संस्कृति स्कूल, लखनऊ की कक्षा केजी से कक्षा 11 तक के 60 विद्यार्थियों एवं 16 अध्यापकों के प्रतिनिधिमंडल ने शिष्टाचार भेंट की।राज्यपाल ने विद्यार्थियों से संवाद करते हुए उनके जीवन के लक्ष्य के बारे में जानकारी प्राप्त की।

बच्चों ने भी उत्साहपूर्वक अपने भविष्य के सपनों और लक्ष्यों को साझा किया। किसी विद्यार्थी ने देश का प्रधानमंत्री बनने की इच्छा व्यक्त की तो किसी ने कमर्शियल पायलट बनने का लक्ष्य बताया।राज्यपाल ने विद्यार्थियों को जीवन में अनुशासन, स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण के महत्व से अवगत कराते हुए उन्हें नियमित रूप से विद्यालय आने, कूड़ा सदैव डस्टबिन में डालने और जल संरक्षण की प्रेरणा दी। उन्होंने बच्चों को यह भी सलाह दी कि बचे हुए पानी को पौधों में डालें तथा ‘मां के नाम पर पौधारोपण’ जैसे अभियानों में सक्रिय भागीदारी निभाएं।उन्होंने बच्चों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए हरी शाक-सब्जियां, दूध, दाल, पनीर आदि पौष्टिक आहार लेने तथा नियमित रूप से खेल-कूद में भाग लेने के लिए भी प्रोत्साहित किया। राज्यपाल ने विद्यार्थियों को चॉकलेट भी बांटे।

## राष्ट्रीय स्वयंसेवक राष्ट्रीय योजना का लगा शिविर




**चिनहट ,लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** मटिआरी अयोध्या रोड हाईवे स्थित विजडम वे प्रोगेसिव इंटर कॉलेज के द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना का सात दिवसीय कार्यक्रम का हुआ उद्घाटन. कॉलेज के मैनेजर प्रिंस विश्वकर्मा एवं नंदपुर गांव के पूर्व प्रधान दिलीप विश्वकर्मा भी मौजूद रहे.. पूरा आयोजन नंदगांव स्थित न्यू विजड़मे स्कूल में आयोजित हुआ। इस कार्यक्रम में स्वयंसेवकों के दल के नाम का भी गठन किया गया। विजडम में प्रोगेसिव इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य राम तिलक यादव ने राष्ट्रीय सेवा योजना के बारे में सफलतापूर्वक संपन्न होने की कामना की।

## महिला से चेन लूटने वाला शातिर गिरफ्तार 24 घंटे में सैरपुर पुलिस का खुलासा

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता ।** राजधानी के थाना सैरपुर पुलिस ने महिला से चेन लूट की घटना का महज 24 घंटे के भीतर खुलासा करते हुए एक शातिर आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से लूटी गई एक अदद चेन (पीली धातु) भी बरामद की है। पुलिस के मुताबिक न्यू शाहपुर कॉलोनी निवासी एक महिला ने 11 मार्च 2026 को थाना सैरपुर में शिकायत दर्ज कराई थी कि 10 मार्च की शाम करीब 6 बजे सीतापुर लखनऊ मार्ग स्थित सब्जी मंडी छठामील के पास एक युवक ने उन्हें रोककर धमकाया और गले में पहनी सोने की चेन छीनकर फरार हो गया। इस मामले में मुकदमा दर्ज कर सैरपुर पुलिस आरोपी की तलाश में जुट गई थी।गुरुवार को पुलिस टीम क्षेत्र में संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान मुखबिर की सूचना पर फर्रुखाबाद मोड़ के पास से एक संदिग्ध युवक को पकड़ लिया गया। पूछताछ में उसने अपना नाम विरेंद्र कुमार (26 वर्ष) पुत्र लल्लन निवासी सरकपुर सरैया थाना बीकेटी, लखनऊ बताया। तलाशी लेने पर उसके कब्जे से लूटी गई चेन (पीली धातु) बरामद हुई।पुलिस पूछताछ में आरोपी ने बताया कि उसने अपनी जरूरतों को पूरा करने के लिए महिला से चेन लूट की घटना को अंजाम दिया था। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में कार्रवाई करते हुए उसे न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया है।इस कार्रवाई में थाना प्रभारी सैरपुर मनोज कोरी, उपनिरीक्षक रामदेव, उपनिरीक्षक अनुराग गोस्वामी, कांस्टेबल दिलीप द्विवेदी और कांस्टेबल राजू राणा की टीम की अहम भूमिका रही।

## सोलर एशिया एक्सपो 2026 के तीसरे संस्करण में ''लूम सोलर'' ने किया प्रतिभाग

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** उत्तर प्रदेश के कानपुर में आयोजित हो रहे सोलर एशिया एक्सपो 2026 के तीसरे संस्करण में लूम सोलर प्रतिभाग कर रहा है। कंपनी स्टॉल ए18-19 में अपने नवीनतम सौर और भंडारण इनोवेशन का प्रदर्शन कर रही है, जिसमें आवासीय, कमर्शियल, संस्थागत और स्मॉल स्केल इंडस्ट्रियल इस्तेमाल के लिए डिज़ाइन की गई इंटीग्रेटेड टेक्नोलॉजीज़ को प्रदर्शित किया गया है। लूम सोलर के सह-संस्थापक और निदेशक, अमोद आनंद का कहना है कि भारत का अक्षय ऊर्जा परिवर्तन सौर उत्पादन से आगे बढ़कर इंटीग्रेटेड एनर्जी इकोसिस्टम की ओर बढ़ रहा है। यहां भंडारण, इंटेलीजेंट बिजली प्रबंधन और उच्च दक्षता वाले मॉड्यूल विश्वसनीय बिजली देने के लिए मिलकर काम करते हैं।

## मड़ियांव पुलिस के हत्थे चढ़ा बुलेट चोर, चोरी की रॉयल एनफील्ड बरामद

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** राजधानी के मड़ियांव थाना क्षेत्र में चोरी की बुलेट मोटरसाइकिल के साथ एक युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से चोरी हुई रॉयल एनफील्ड क्लासिक-350 मोटरसाइकिल बरामद की गई है।पुलिस के अनुसार 23 फरवरी 2026 को पीड़ित शशांक कुमार वर्मा की बुलेट मोटरसाइकिल (वाहन संख्या ठघ्32ख्ख7970) घर के बाहर से चोरी हो गई थी। इस संबंध में पीड़ित की तहरीर पर मड़ियांव थाने में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की गई थी।मामले की जांच के दौरान 12 मार्च को पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि चोरी की मोटरसाइकिल के साथ एक युवक सीतापुर रोड स्थित मड़ियांव पुल के नीचे खड़ा है। सूचना पर सक्रिय हुई पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर युवक को घेराबंदी कर पकड़ लिया। पूछताछ में उसकी पहचान आदर्श मिश्रा (उम्र 23) निवासी स्कॉर्पियो क्लब के पास आधारखेड़ा थाना गुडंबा क्षेत्र के रूप में हुई।तलाशी के दौरान उसके पास से चोरी की बुलेट मोटरसाइकिल बरामद कर ली गई। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में कार्रवाई करते हुए उसे न्यायालय के समक्ष पेश किया है। साथ ही आरोपी के आपराधिक इतिहास के संबंध में अन्य थानों से भी जानकारी जुटाई जा रही है।गिरफ्तारी करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक मड़ियांव शिवानंद मिश्रा, उपनिरीक्षक भूपेंद्र सिंह, उपनिरीक्षक रामनारायण वर्मा, उपनिरीक्षक पुष्पेंद्र चौधरी, कांस्टेबल ऋषि कुमार और कांस्टेबल मनोज कुमार शामिल रहे।

# नगराम में गूंज रही शिव महिमा: सृष्टि उत्पत्ति का प्रसंग सुन श्रद्धालु हुए भाव-विभोर

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नगराम, लखनऊ । नगराम के कटरा कस्बा में चल रही द्वितीय श्री शिव महापुराण कथा में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ रही है। कथा के पहले दिन अवधेश नंदन मिश्र ने भगवान शिव की महिमा का वर्णन किया वहीं दूसरे दिन कथावाचक ने सृष्टि की उत्पत्ति का विस्तृत और भावपूर्ण व्याख्यान करते हुए श्रद्धालुओं को आध्यात्मिक ज्ञान से सराबोर कर दिया।

उन्होंने बताया कि सृष्टि की रचना भगवान शिव की दिव्य शक्ति से हुई है और शिव ही सृष्टि के पालनहार और संहारकर्ता हैं। कथा के दौरान उन्होंने सृष्टि की उत्पत्ति, ब्रह्मांड की रचना और शिव तत्व की महिमा का वर्णन करते हुए कहा कि भगवान शिव ही आदि और अनंत हैं, उन्हीं से संपूर्ण जगत की उत्पत्ति हुई है। महाराज के मुखारविंद से सृष्टि उत्पत्ति का प्रसंग सुनकर कथा पंडाल में मौजूद श्रद्धालु भाव-विभोर हो उठे और पूरा वातावरण हर-हर महादेव के जयघोष से गूंज उठा। कथा के मुख्य आयोजक सुशील गुप्ता , अवधेश गुप्ता, राम आधार, डॉ रमेश चौरसिया , सज्जन कश्यप , पिन्टू रावत , सुरेंद्र रावत हैं। कथा स्थल पर भक्ति और श्रद्धा का अद्भुत माहौल बना हुआ है तथा बड़ी संख्या में श्रद्धालु कथा का श्रवण कर पुण्य लाभ प्राप्त कर रहे हैं।

# बंगाली समाज के साथ प्रधानमंत्री का भाषण सुनेंगे भाजपा कार्यकर्ता

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ । प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कोलकाता में आयोजित होने वाली विशाल जनसभा का सीधा प्रसारण शनिवार को उत्तर प्रदेश के लखनऊ, वाराणसी तथा नोएडा शहरों में बंगाली समाज के साथ देखा व सुना जाएगा।

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष एवं केन्द्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी शनिवार को प्रदेश भाजपा मुख्यालय, लखनऊ में बंगाली समाज के प्रतिनिधियों के साथ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की कोलकाता जनसभा के लाइव प्रसारण में शामिल होंगे।प्रदेश महामंत्री सुभाष यदुवंश ने बताया कि शनिवार, 14 मार्च 2026 को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कोलकाता के विग्रेड परेड ग्राउण्ड में आयोजित विशाल जनसभा को संबोधित करेंगे। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश के लखनऊ, वाराणसी और नोएडा महानगरों में बंगाली समाज के साथ पार्टी के कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी सीधे प्रसारण के माध्यम से जनसभा से जुड़ेगे तथा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संबोधन को सुनेंगे।सुभाष यदुवंश ने बताया कि प्रदेश भाजपा मुख्यालय में दोपहर 02 बजे से प्रदेश भाजपा अध्यक्ष पंकज चौधरी बंगाली समाज के प्रतिनिधियों तथा पार्टी पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं के साथ सीधे प्रसारण के माध्यम से प्रधानमंत्री के संबोधन को सुनेंगे।

## नगर निगम लखनऊ का निर्णय: राजस्व बढ़ाने के लिए 14 व 15 मार्च को अवकाश के दिन भी खुलेंगे कर कार्यालय

लखनऊ । नगर निगम लखनऊ ने वर्तमान वित्तीय वर्ष की समाप्ति से पूर्व टैक्स कलेक्शन को गति देने के उद्देश्य से एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। शनिवार एवं रविवार, 14 व 15 मार्च 2026 को नगर निगम के समस्त जोनल कार्यालय एवं टैक्स काउंटर सुबह 10:00 बजे से दोपहर 03:00 बजे तक खुले रहेंगे।वर्तमान वित्तीय वर्ष की समाप्ति में 18 दिन शेष रह गया है। इस अवधि में नागरिकों को अधिक से अधिक सुविधा प्रदान करते हुए गृहकर एवं जलकर की वसूली बढ़ाने तथा राजस्व लक्ष्य की पूर्ति के लिए विशेष प्रयास किए जा रहे हैं। इसी क्रम में सार्वजनिक अवकाश के दिन भी टैक्स संबंधी कार्य किए जाने के निर्देश जारी किए गए हैं।इन दोनों दिनों में नगर निगम के सभी जोनल कार्यालयों में भवनस्वामियों का कर निर्धारण, फीडिंग, संशोधन, आपत्तियों का निस्तारण तथा कर जमा कराने से संबंधित समस्त कार्य किए जाएंगे। संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देशित किया गया है कि वे करदाताओं से संपर्क कर उन्हें बकाया गृहकर व जलकर जमा कराने के लिए प्रेरित करें, जिससे अधिक से अधिक राजस्व संग्रह सुनिश्चित किया जा सके।

# राकस वीर बाबा मंदिर में दो दिवसीय भव्य मेले का समापन

❒ दंगल और आल्हा गायन ने बांधा समां, मशहूर गायिका काजल सिंह को ग्राम प्रधान व नवीन मिश्रा ने किया सम्मानित

कैनविज टाइम्स संवाददाता




नगराम, लखनऊ । क्षेत्र के समेसी स्थित राकस वीर बाबा मंदिर परिसर में आयोजित भव्य दो दिवसीय मेला श्रद्धा और उत्साह के बीच संपन्न हो गया। मेले में दूर-दराज से आए श्रद्धालुओं और ग्रामीणों की भारी भीड़ उमड़ी, जिससे पूरे क्षेत्र में उत्सव जैसा माहौल बना रहा। मेले के पहले दिन भव्य दंगल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें महिला व पुरुष पहलवानों ने अखाड़े में उतरकर अपने दमखम का शानदार प्रदर्शन किया। पहलवानों के रोमांचक दांव-पेच देखकर दर्शकों ने तालियों की गड़गड़ाहट के साथ उनका उत्साहवर्धन किया। वहीं रात्रि में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने मेले की रौनक को और बढ़ा दिया। मेले के दूसरे दिन रायबरेली जनपद के नेहरू नगर की रहने वाली प्रसिद्ध आल्हा गायिका काजल सिंह ने अपने सुरीले स्वर में मछला हरन का प्रसंग सुनाकर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। उनके जोशीले और भावपूर्ण गायन को सुनकर पूरा पंडाल देर शाम तक तालियों की गूंज से गूंजता रहा। मेले के मुख्य आयोजक ग्राम प्रधान अशोक कुमार तथा भाजपा निगोहा मंडल महामंत्री नवीन मिश्रा ने आल्हा गायिका काजल सिंह को राधा-कृष्ण का चित्र भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर क्षेत्र के बड़ी संख्या में ग्रामीण, श्रद्धालु और गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# लंदन से आए न्यायिक सदस्यों एवं बैरिस्टरों ने यूपीएसआईएफएस का परिभ्रमण किया

❒ यूपीएसआईएफएस मा.मुख्यमंत्री के दूरदर्शिता का परिणाम :डॉ जी.के गोस्वामी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ । उत्तर प्रदेश स्टेट इंस्टीट्यूट ऑफ़ फॉरेंसिक साइंस लखनऊ में आज लंदन (UK) से आए न्यायिक सदस्यों एवं पदाधिकारियों के प्रतिनिधि मंडल ने संस्थान का परिभ्रमण किया द्य संस्थान में परिभ्रमण पर आए सदस्यों को संस्थापक निदेशक डॉ जी.के गोस्वामी, आईजी राजीव मल्होत्रा एवं डीआईजी हेमराज मीणा ने स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित भी किया।

उल्लेखनीय है कि प्रतिनिधि मंडल में वरिष्ठ बैरिस्टर बलदीप सिंह, पीटर क्लार्क, डेविड जोस्से केसी, देवेंद्र धालीवाल,डॉ सतविंदर एस जूसे, तलवीर सिंह केसी, हरजोत सिंह,ईरविंदर बक्शी, इकबाल दीप सिंह, शरणदीप सहोता, रूठ में बारबर, महिला प्रकरण के बैरिस्टर गेराल्डिन मोर, या दानकवा एमपाडु, सखे, ग्रेगरी वेज, श्री संजय तुरा, श्री रुपिंदर कौर मथारू, अरुणा वर्मा, जस्टिन वांग, श्री मनदीप सिंह खटकड़, लवजोत सिंह, लखबीर सिंह, अनहद सिंह, गुरु मनजोत सिंह तिवाना, ज्योति कौर, अमनदीप सिंह सिद्धू, जयवीन सिंह मल्ही, देवजोत सिंह, हरमन सिंह, चरण संधू, रोसिये कौर, पुनीत चीमा, हर सिमरन गुलाटी, दिलप्रीत सलूजा, जज राज सिंह भदेसर, जज मनप्रीत, ईशपाल सिंह, जज जिंदर सिंह, जज रवि सैंडिल तथा जज सुखी गिल ने फॉरेंसिक इंस्टिट्यूट में स्थापित विश्व स्तरीय डीएनए लैब तथा आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस ड्रोन लैब का विजिट भी कियाद्य फॉरेन डेलिगेट्स ने लैब में स्थापित विभिन्न प्रकार के सभी महत्वपूर्ण उपकरणों एवं उनके के बारे में जाना क्र इस अवसर पर संस्थान के संस्थापक निदेशक डॉ. जी.के गोस्वामी ने परिभ्रमण पर आए हुए बैरिस्टर तथा न्यायिक सदस्यों को संबोधित करते हुए में चल रहे शैक्षणिक सत्र एवं प्रचलित कोर्सों के बारे में विस्तृत रूप से परिचय कराया द्य उन्होंने कहा कि यूपीएसआईएफएस मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश योगी आदित्यनाथ के दूरदर्शिता का परिणाम है। यह संस्थान भारत का दूसरा संस्थान है जो फॉरेंसिक विषयों पर तकनीकी एवं फॉरेंसिक शिक्षा के क्षेत्र में अग्रसर है द्य डॉ गोस्वामी ने कहा कि आज के दौर में अनसुलझे अपराधों की रहस्यों को खोलने में फॉरेंसिक की भूमिका अति महत्वपूर्ण हैद्य फॉरेंसिक विषय से संबंधित साक्ष्य अपराधियों को सजा के द्वार तक पहुंचाते हैं द्यइस अवसर पर डीआईजी हेमराज मीणा ने संस्थान परिभ्रमण पर लंदन(यूके) से आए प्रतिनिधि मंडल के सदस्यों का आभार व्यक्त किया द्य प्रतिनिधि मंडल के कोऑर्डिनेटर बैरिस्टर हरजोत सिंह ने संस्था प्रमुख डॉ जी के गोस्वामी सहित यूपीएसआईएफएस परिवार का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर प्रदेश के उच्च न्यायालय के कई अधिवक्तागणों सहित अपर पुलिस अधीक्षक जितेंद्र श्रीवास्तव, चिरंजीव मुखर्जी, अतुल यादव, विवेक कुमार, जनसंपर्क अधिकारी संतोष तिवारी सहित फैकेल्टी डॉ श्रुति दास गुप्ता , डॉ मनीष राय, डॉ पलक अनेजा, शैलेंद्र सिंह, अमर सिंह, बृजेश सिंह सहित अन्य उपस्थित रहे।

## नगराम में तेज रफ्तार कार की टक्कर से बाइक सवार दो सगे भाई गंभीर घायल

नगराम, लखनऊ। थाना क्षेत्र में शारदा नहर के पास तेज रफ्तार कार की टक्कर से मोटरसाइकिल सवार दो सगे भाई गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद पीड़ित पक्ष की तहरीर पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।जानकारी के अनुसार ग्राम टिकरा जुगराज निवासी विन्देश्वर के पुत्र अजीत कुमार और सतीश कुमार 24 फरवरी की रात करीब आठ बजे मोटरसाइकिल से जा रहे थे। तभी पीछे से तेज रफ्तार में आ रही कार ने ओवरटेक करते हुए उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही दोनों भाई सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए।स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंची एंबुलेंस से दोनों को सीएचसी मोहनलालगंज ले जाया गया, जहां से हालत गंभीर होने पर डॉक्टरों ने उन्हें लखनऊ ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया। चिकित्सकीय जांच में अजीत कुमार की सीने की हड्डी टूटने तथा सतीश कुमार के पैर में फ्रैक्चर व आंख और जबड़े में गंभीर चोट आने की पुष्टि हुई है। पीड़ित पक्ष ने कार संख्या यूपी 32 एख 9162 के चालक आयुष वर्मा पर तेज रफ्तार व लापरवाही से वाहन चलाने का आरोप लगाया है। थाना अध्यक्ष विवेक कुमार चौधरी ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

# लहरपुर में नि:शुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन, सैकड़ों मरीजों को मिला उपचार

❒ विशेषज्ञ डॉक्टरों ने 300 से अधिक मरीजों की जांच कर दी दवाइयां, 65 लोगों की हुई रक्त जांच

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**




लहरपुर, सीतापुर। जनरल इंश्योरेंस कॉरपोरेशन आफ इंडिया श्री पीतांबरा शिक्षा समिति एवं केपी सिंह मेमोरियल हॉस्पिटल पारा सराय के संयुक्त तत्वाधान में एक फ्री मेडिकल हेल्थ कैंप का आयोजन लहरपुर के शाह मज़ा कलंदर की दरगाह के सामने मजाशाह मे आयोजित किया गया।

शिविर में क्षेत्र के गरीब जरूरतमंद व लहरपुर के लोगों ने निशुल्क चिकित्सा सेवाओं का लाभ उठाया चिकित्सा शिविर में वरिष्ठ सलाहकार डॉक्टर एस ए मीर एमडी मेडिसिन ने 178 रोगियों का स्वास्थ्य परीक्षण कर दवाइयां दी और उनकी जांच कराई गई तथा डॉक्टर मधुलिका राय ने महिलाओं में बाझपन लिकोरिया एवं माहवारी से जुड़ी 32 महिलाओं में बीमारियों की जांच कर निशुल्क दवाइयां दी गई इसके अलावा डॉक्टर हर्षित जैन के द्वारा 52 रोगियों का परीक्षण कर उन्हें दवाइयां दी गई डॉ सौरभ सिंह सर्जन के द्वारा 47 रोगियों का परीक्षण कर उनको दवाइयां दी गयी कैंप में डॉक्टर निशा गौतम गाईनी स्पेशलिस्ट के अलावा नर्स स्टाफ व मेडिकल टीम के लोग उपस्थित रहे कैंप में 65 लोगों का रक्त जांच भी किया गया कार्यक्रम में अंशुमान सिंह ऐश्वरय प्रताप सिंह मोहम्मद ताहिर मोहम्मद अरशद शाही इमाम कारी अनवार आलम साहब मोहम्मद हसीन अंसारी के अलावा शहर के सम्मानित नागरिक उपस्थित रहे।

# वाराणसी में अब अंडरग्राउंड दौड़ेंगे इंटरनेट व डिश टीवी के केबल

❒ सड़कों के किनारे खत्म होगा तारों का जाल,अंडरग्राउंड नेटवर्क का होगा इस्तेमाल

❒ अंडरग्राउंड ऑप्टिकल फाइबर नेटवर्क और यूटिलिटी डक्ट का एजेंसियां करेंगी उपयोग

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**




वाराणसी । उत्तर प्रदेश की धार्मिक नगरी वाराणसी शहर के स्वरूप को बिगाड़ रहे बेतरतीब बिजली और इंटरनेट के तारों के जाल से अब मुक्ति मिलने वाली है। नगर आयुक्त हिमांशु नागपाल की अध्यक्षता में शुक्रवार को हुई बैठक में रिलायंस जियो, एयरटेल, वोडाफोन, बीएसएनएल और जीटीपीएल जैसी बड़ी कंपनियों ने शहर को केबल मुक्त बनाने के लिए हरी झंडी दे दी है।बैठक के दौरान केबल कंपनियों के प्रतिनिधियों ने भी माना कि सड़कों और गलियों में फैला तारों का मकड़जाल काशी आने वाले पर्यटकों और श्रद्धालुओं के मन में शहर की नकारात्मक छवि बनाता है। स्मार्ट सिटी परियोजना के तहत जिन इलाकों में अंडरग्राउंड ओएफसी (ऑप्टिकल फाइबर केबल) की सुविधा उपलब्ध है, वहां सभी एजेंसियां अपने ओवरहेड तारों को हटाकर उन्हें जमीन के नीचे ले जाएंगी। इसके अलावा सीएम ग्रिड योजना के तहत बने यूटिलिटी डक्ट का भी इस्तेमाल केबल बिछाने के लिए किया जाएगा। इसके अलावा खंभों पर लटकते तारों के गुच्छों को ढकने के लिए एयरटेल की ओर से एक विशेष वायर कवरिंग बॉक्स का मॉडल पेश किया गया है।नगर निगम के जनसम्पर्क कार्यालय के अनुसार प्रथम चरण में लहुराबीर से मैदागिन, मैदागिन से गोदौलिया और कालभैरव मंदिर मार्ग जैसे प्रमुख रास्तों पर इन बॉक्स का प्रयोग किया जाएगा। सफल रहने पर इसे पूरे शहर में लागू किया जाएगा। वहीं, मणिकर्णिका घाट और ठठेरी बाजार जैसी तंग गलियों में, जहां खंभे नहीं हैं, वहां स्थानीय भवन स्वामियों के सहयोग से दीवारों पर क्लैंप लगाए जाएंगे। इन्हीं क्लैंप के माध्यम से तारों को कसकर व्यवस्थित किया जाएगा। इसके लिए नगर निगम ने शहर के नागरिकों से सहयोग की अपील भी की है।

# महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा: महिला दिवस पर एचसीएल फाउडेंशन ने वितरित किए कृषि यंत्र

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**




बिसवां , सीतापुर। आज बिसवां ब्लॉक के सुखावन कला ग्राम पंचायत में एचसीएल फाउडेंशन के द्वारा अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महिला किसानों के साथ-साथ स्वयं सहायता समूह , ग्राम संगठन तथा एख्रक्क से लगभग 300 महिलाओं ने प्रतिभाग किया।कार्यक्रम में ब्लॉक स्तर के कई अधिकारी एवं अतिथि उपस्थित रहे, जिनमें NRLM से गुलशन तिवारी (BMM) एवं संगीता, सदर पुलिस स्टेशन से कामिनी एवं सपना, एसआई रामचरन यादव, एक्क्र रोली जायसवाल, उप्ए स्वेता वर्मा, ग्राम सचिव कनकलता तथा CLF सचिव अंजू देवी शामिल रहीं। इसके साथ ही चयनित 5 ग्राम पंचायतों की महिला प्रधान भी कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं।कार्यक्रम की अध्यक्षता HCL Foundation के प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर श्री कमलेश कुमार ने की। उन्होंने HCL Foundation और उसकी माटी परियोजना एवं महिला दिवस के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी तथा सभी महिलाओं को महिला दिवस की शुभकामनाएं दीं।इस अवसर पर पुलिस विभाग से आईं कामिनी एवं सपना ने महिलाओं की सुरक्षा, नारी शक्ति और सरकार द्वारा चलाई जा रही सुरक्षा संबंधी सेवाओं की जानकारी देते हुए अपने संपर्क विवरण भी साझा किए। वहीं उप्ए स्वेता वर्मा ने महिलाओं को स्वास्थ्य, टीकाकरण और संतुलित खान-पान के बारे में जानकारी दी।गुलशन तिवारी (BMM, NRLM) ने महिलाओं को स्वयं सहायता समूहों को सक्रिय रखने और समूह के माध्यम से आजीविका बढ़ाने के विभिन्न अवसरों के बारे में विस्तार से बताया।कार्यक्रम के दौरान चयनित 5 ग्राम पंचायतों के एक-एक स्वयं सहायता समूह को संस्था द्वारा विभिन्न प्रकार के कृषि यंत्र भी प्रदान किए गए, जिससे महिलाओं की कृषि गतिविधियों को बढ़ावा मिल सके।इस अवसर पर HCL Foundation की टीम से कमलेश कुमार, रामकुमार, जावेद अख्तर, वीरेंद्र कुमार, अमित, अमरजीत, अनुराग, संतोष, क्षमा, लक्ष्मी, प्रीति सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

## चेक बाउंस मामले में 9 लाख के बदले 19 लाख से अधिक की देनदारी, 3 माह की सजा भी

जालौन । उत्तर प्रदेश के जालौन नगर में चेक बाउंस से जुड़े एक मामले में अदालत ने शुक्रवार को अहम फैसला सुनाते हुए आरोपित व्यापारी को कड़ी सजा दी है। इस फैसले से समाज को संदेश गया है कि चेक देकर भुगतान न करना भारी पड़ सकता है।जालौन नगर के व्यापारी मनीष तिवारी को वर्ष 2021 में हापुड़ के व्यापारी योगेंद्र द्वारा 9 लाख रुपये का चेक दिया गया था। जब चेक बैंक में लगाया गया तो बाउंस हो गया। इसके बाद पीड़ित पक्ष की ओर से जालौन नगर के वरिष्ठ अधिवक्ता संतोष कुमार यादव ने न्यायालय में वाद दायर किया।मामले की सुनवाई न्यायाधीश जावेद खान की अदालत में चली। लगभग पांच वर्ष तक चली सुनवाई के बाद अदालत ने महत्वपूर्ण फैसला सुनाते हुए आरोपित पर शुक्रवार को 19 लाख रुपये से अधिक की देनदारी निर्धारित की है। साथ ही अदालत ने तीन माह के कारावास की सजा भी सुनाई है।

# पंचायत सचिव व ग्राम प्रधान ने मिलकर ग्राम पंचायत में लाखों की हेराफ़ेरी

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

❒ फर्जी फर्म के नाम लाखों रुपए किया जमकर घोटाला

लहरपुर, सीतापुर। एक तरफ गांव के विकास को चाक चौबंद करने के बजाय लाखों रुपए की डकैती करते नजर आ रहे हैं।अब देखना यह है कि जिलाधिकारी महोदय के द्वारा इस ग्राम पंचायत के खिलाफ और प्रधान सचिव की मिली भगत से हो रही हेरा फ़ेरी के मामले में क्या कार्रवाई होती है ।

लहरपुर ब्लाक अंतर्गत ग्राम अकैचनपुर टप्पा के ग्राम प्रधान पुत्तन खान तथा एडियो पंचायत व ग्राम सचिव मिलकर विकास की धनराशि का दुरुपयोग करते हुए बंदर बांट का खेला बहुत बड़े पैमाने पर घोटाला किया गया है ।उक्त तीनों लोगों की मिली भगत से ग्राम प्रधान द्वारा अपने पिता स्वर्गीय हाजी रफीक ट्रेडर्स के नाम पर एक फॉर्म बनाई गई तथा सरकारी पैसे के उक्त फार्म पर हस्तांतरित किया गया इसी तरह से ग्राम प्रधान द्वारा अपने बेटे मेराज खान के नाम पर फर्जी भुगतान किया गया इसी तरह से ग्राम प्रधान द्वारा तीनों लोगों की मदद से मजदूरी का पैसा अपने खाते में हस्तांतरित करवा लिया उक्त बंदरबांट का खेल वर्ष 2021 2022 के मध्य का है प्रार्थी गण द्वारा बताया जा रहा है ।इसके पूर्व भी उक्त तीनों लोगों द्वारा मिलकर 50 लख रुपए का बंदर बांट किया गया था ।वर्ष 2021 2022 तक उक्त तीनों व्यक्तियों द्वारा 52 लाख 134008 रुपए के भुगतान में हेरा फ़ेरी करके घोटाला किया गया तीनों लोगों के द्वारा किए गए घोटाले के संबंध में तारीख क्रम संख्या सहित विवरण निम्नवत है ।धारा 1 यह की फर्जी फर्म हाजी रफीक ट्रेडर्स के नाम निकाली गई धनराशि निम्नवत है ।धारा 2 यह की पुत्तन का ग्राम प्रधान द्वारा सरकारी खाते से अपने खाते में निकल गए पैसे का विवरण निम्न प्रकार है। धारा 3 यह की मेराज खान पुत्र पुत्तन का प्रधान द्वारा सरकारी खाते से अपने बेटे के खाते में निकाले गए पैसे का विवरण निम्न वत है कुल योग 41 लाख 58672 रुपए धारा त2 यह की पुत्तन का ग्राम प्रधान द्वारा सरकारी खाते से अपने खाते में निकल गए पैसे का विवरण निम्न प्रकार है। गांव के विकास के नाम पर उक्त लोगों ने इसकी शिकायत ऑनलाइन दर्ज करवा कर कार्रवाई की मांग की जसकरण ,जगदीश, बनवारी ,नकुल, जगदीश,रामकिशोर आदि लोगों ने प्रधान व सचिव के खिलाफ कार्यवाही की मांग की है

## आप की लखनऊ जिला कार्यकारिणी में उपाध्यक्ष बने राजेश रवि मिश्रा

सीतापुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता। प्रदेश कार्यकारिणी की दिशा निर्देश पर लखनऊ जिला कार्यकारिणी की अध्यक्षा इरम रिजवी के द्वारा आम आदमी पार्टी के संगठन को मजबूत और पार्टी के विस्तार को ध्यान में रखते हुए नगर पंचायत महोली मास्टर कालोनी पूर्वी के निवासी राजेश रवि मिश्रा को जिला कार्यकारिणी लखनऊ मे उपाध्यक्ष के पद पर मनोनीत कर पार्टी में स्थान दिया गया है राजेश रवि मिश्रा पूर्व में सीतापुर जिला कार्यकारिणी सदस्य के रूप में पार्टी में अपने कर्तव्यों का निर्वहन कर रहे थे जिला कार्यकारिणी लखनऊ में स्थान मिलने पर पार्टी के पदाधिकारी सुशील मिश्रा, अनूप पाल सहित तमाम कार्यकर्ताओं द्वारा उन्हें बधाई मिल रही है।

# बुकिंग के बाद भी गैस सिलेण्डर नहीं मिल रहा, उपभोक्ता परेशान

❒ व्यापार मण्डल ने उठाई गैस सिलेण्डर की कालाबाजारी रोकने की मांग, दिया ज्ञापन

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



शाहजहांपुर। गैस सिलेण्डर की समस्याओं को लेकर अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मण्डल के जिलाध्यक्ष वीरेन्द्र पाल सिंह गोल्डी के नेतृत्व में जिला पूर्ति अधिकारी को ज्ञापन दिया गया।

इस दौरान जिलाध्यक्ष वीपी सिंह गोल्डी ने कहा कि वितरण कंपनी द्वारा जारी मोबाइल नंबर के माध्यम से 25 दिन पहले की गई गैस बुकिंग के बाद भी लोगों को गैस सिलेण्डर नहीं मिल रहा है। इससे उपभोक्ता परेशान है। इसके अलावा होटल और रेस्टोरेन्ट व्यापारियों को व्यवसायिक सिलेण्डर नहीं मिल पा रहा है। सिलेण्डर की कमी से होटल और रेस्टोरेन्ट बंद होने के कगार पर हैं। इससे होटल व्यवसाय की आर्थिक स्थिति बिगड़ जाएगी और गैस की कोई भी कालाबाजारी न हो सके। इसके लिए सख्त कदम उठाए जाएं। कहा कि उपभोक्ताओं को जो गैस बुकिंग के लिए नंबर दिए गए हैं, वो नंबर काम नहीं कर रहे हैं। उपभोक्ताओं को एक सिलेण्डर नहीं मिल पा रहा है और जिनके घरों में शादी व पार्टी है, उन्हें भोजन व्यवस्था के लिए 8-10 सिलेण्डर कहां से मिलेंगें। मांग की गई कि गैस की कालाबाजारी पर रोक लगाई जाए। उपभोक्ताओं की सुविधा के लिए हेल्पलाइन नंबर जारी किया जाए। ताकि उन नंबरों पर आसानी से सम्पर्क और समस्या का निवारण हो सके। वहीं, जिला पूर्ति अधिकारी ने उन्हें आश्वासन दिया कि गैस को लेकर हो रही समस्याओं का जल्द समाधान किया जाएगा। इस दौरान अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मण्डल के जिलाध्यक्ष वीपी सिंह गोल्डी के साथ महानगर अध्यक्ष नरेन्द्र शुक्ला, महानगर मंत्री श्याम मोहन मिश्रा, आशीष वर्मा, अनिल कुमार, शहबाज मंसूरी, विजय राठौर, संदीप वर्मा, अनुराग दीक्षित, बॉबी मेहता, गौरव सक्सेना, मो. वाजिद, चमन तिवारी, पिंटू यादव, विशाल यादव, धीरज मिश्रा, शुभम, अतुल गुप्ता, गुरवन्त सिंह आदि मौजूद रहे।

# सामूहिक विवाह योजना के तहत पुवायां में 169 जोड़ों का विवाह सम्पन्न

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



शाहजहांपुर। समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत सूरज मैरिज लॉन पुवायां में 169 जोड़ों का विवाह सम्पन्न हुआ। जिसमें 164 हिन्दू और 05 मुस्लिम नवयुगलों का विवाह रीतिरिवाज से सम्पन्न हुआ।

कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि पुवायां विधायक चेतराम ने दीप प्रज्जवलन से किया। इस दौरान विधायक चेतराम ने नवयुगलों को उपहार देकर नव दामपत्य जीवन की बधाई और शुभकामनायें दीं। इस दौरान वर-वधू को सरकार की ओर से उपहार स्वरूप दूल्हे के लिए पैंट-शर्ट, गैस चूल्हा, बर्तन और बैग, वधु को साड़ी, पायल व बिछिया भेंट आदि सामग्री दी गई। कार्यक्रम समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित हुआ। जबकि मंच संचालन इन्दु अजनबी ने किया। इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष केसी मिश्रा, महानगर अध्यक्ष शिल्पी गुप्ता, पुवायां नगर पंचायत अध्यक्ष संजय गुप्ता, पूर्व मण्डल अध्यक्ष विपिन शुक्ला, जिला समाज कल्याण अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी, सम्बन्धित खण्ड विकास अधिकारी, नगर पालिका परिषद व नगर पांचायत के अधिशासी अधिकारी अन्य विभागीय अधिकारी व कर्मचारी तथा पुवायां, बंडा और खुटार के वर-वधु पक्ष के लोग मौजूद रहे।

## वाराणसी स्टेशन पर 3.54 करोड़ का सोना बरामद, दो गिरफ्तार अफ्रीका से बांग्लादेश होते हुए पहुंचा था भारत

**वाराणसी, कैनविज टाइम्स संवाददाता** । वाराणसी कैंट रेलवे स्टेशन पर राजधानी एक्सप्रेस से जीआरपी थाना के पुलिसकर्मियों ने दो किलो से अधिक सोना बरामद किया है। यह सोना अफ्रीका से बांग्लादेश होते हुए भारत पहुंचा था। इस मामले में जीआरपी ने दो लोगों को गिरफ्तार किया है। उनसे पूछताछ की जा रही है। जीआरपी कैंट थाना के निरीक्षक राजोल नागर ने बताया कि महाराष्ट्र के सातार के निवासी बालासो व पूना निवासी तेजस को कैंट रेलवे स्टेशन से जीआरपी पुलिस ने राजधानी एक्सप्रेस से पकड़ा है। यह दोनों शातिर किस्म के हैं और अक्सर इस तरह की घटनाओं में लिप्त पाए जाते हैं। उन्होंने बताया कि दोनों युवकों के पास से दो किलो से अधिक सोने के बिस्किट बरामद किये गए। बरामद सोने की कीमत करीब 3.54 करोड़ के करीब बताई जा रही है। इनके पास से बरामद सोना विशेष रूप से अफ्रीकी सोना है। पूछताछ में पता चला कि दोनों अफ्रीका से बांग्लादेश के रास्ते सोना लेकर भारत पहुंचे थे। जीआरपी पुलिस दोनों के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कर आगे की कार्यवाही शुरू कर दी है।

## मीरजापुर में बाबू शिवदयाल सिंह चौरसिया की 123वीं जयंती मनी

**मीरजापुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता** । उत्तर प्रदेश के जनपद मीरजापुर में अपना दल (एस) के जिलाध्यक्ष ई0 राम लौटन बिंद के नेतृत्व में शुक्रवार को भरुहना स्थित पटेल चौक पर सांसद जनसंपर्क कार्यालय में अधिवक्ता एवं पूर्व राज्यसभा सदस्य बाबू शिवदयाल सिंह चौरसिया की 123वीं जयंती मनाई गई। इस अवसर पर पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी । कार्यक्रम में भारतीय चौरसिया महासभा के जिलाध्यक्ष अनिल चौरसिया, राम अनुज चौरसिया, मानवेंद्र चौरसिया तथा गौरव चौरसिया को शॉल और पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित भी किया गया। इस मौके पर प्रदेश उपाध्यक्ष आईटी मंच दुर्गेश पटेल, प्रदेश सचिव रामवृक्ष बिंद, मुन्नर पटेल, दिलीप पटेल, तुलसीदास प्रजापति, संतोष विश्वकर्मा, शंकर सिंह चौहान, उमाशंकर सोनी, बसंत लाल पाल, नमिता केसरवानी, अर्चना अग्रहरि समेत कई पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## नोएडा में बिजली का ट्रांसफार्मर चोरी

**नोएडा , कैनविज टाइम्स संवाददाता**। थाना बादलपुर क्षेत्र से अज्ञात बदमाशों ने बिजली का ट्रांसफार्मर चोरी कर लिया। विद्युत विभाग के अधिकारी ने घटना की रिपोर्ट थाने में दर्ज कराई है। इस घटना से क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति में बाधा आई है।थाना बादलपुर के प्रभारी निरीक्षक अमित कुमार भड़ाना ने बताया की बीती रात को राजकुमार मौर्य ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि वह विद्युत विभाग में कार्यरत हैं। उनके अनुसार ग्राम रजातपुर एनटीपीसी रोड पर 250 केवीए का बिजली का ट्रांसफार्मर लगा था। अज्ञात बदमाशों ने वहां से ट्रांसफार्मर चोरी कर लिया। कुछ दूर पर ट्रांसफार्मर का खाली टैंक पड़ा था। बदमाश ट्रांसफार्मर के अंदर लगे हुए कॉपर की क्वायल और कीमती तेल चोरी कर ले गए हैं।

## पशुपालन, बागवानी और मत्स्य पालन से आय बढ़ायें किसान : ए के शर्मा

**मऊ , कैनविज टाइम्स संवाददाता**। उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री एके शर्मा ने आज जनपद मऊ में कुशमौर स्थित राष्ट्रीय बीज विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संस्थान में निस्ट किसान मेला 2026 का उद्घाटन किया। उन्होंने समन्वित खेती अपनाकर यानी खेती के साथ पशुपालन, बागवानी और मत्स्य पालन को कर अपनी आय बढ़ाने का किसानों से आग्रह किया। घोसी चीनी मिल को लेकर फैल रही अफवाहों पर मंत्री ने कहा कि घोसी चीनी मिल को बंद करने की किसी में ताकत नहीं है, किसान किसी भी तरह की भ्रामक बातों पर ध्यान न दें। उन्होंने किसानों से ऊर्जा क्षेत्र में भी आगे आने की अपील करते हुए कहा कि किसान सोलर पैनल और बायोगैस के माध्यम से बिजली उत्पादन कर अतिरिक्त आय प्राप्त कर सकते हैं। कार्यक्रम के दौरान मंत्री ने कृषि स्टालों का अवलोकन किया और किसानों के नवाचारों की सराहना की। मेले में बड़ी संख्या में किसान, कृषि वैज्ञानिक और अधिकारी मौजूद रहे।

## राष्ट्रीय युवा वाहिनी नेशनल वालंटियर भाजपा में नई नियुक्ति, गुड्डू त्रिपाठी बने जिला अध्यक्ष

**सीतापुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता**। राष्ट्रीय युवा वाहिनी नेशनल वालंटियर भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष हिंदू देव प्रकाश शुक्ला जी के नेतृत्व एवं मार्गदर्शन मेंसंगठन विस्तार अभियान को आगे बढ़ाते हुएगुड्डू त्रिपाठी जी को जिला अध्यक्ष (सीतापुर, उत्तर प्रदेश) की जिम्मेदारी सौंपी गई है। गुड्डू त्रिपाठी जी की नई भूमिकागुड्डू त्रिपाठी जी लंबे समय से सामाजिक सेवा, धर्म रक्षा, युवा जागरण और संगठन निर्माण के कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाते रहे हैं।उनकी नियुक्ति से सीतापुर जिले में संगठन को नई ऊर्जा, मजबूत नेतृत्व और जनसंपर्क का विस्तार मिलेगा। राष्ट्रीय अध्यक्ष हिंदू देव प्रकाश शुक्ला जी का वक्तव्यल्लगुड्डू त्रिपाठी जी जैसे समर्पित और कर्मठ कार्यकर्ता का संगठन के जिला नेतृत्व में आना हमारे लिए गर्व की बात है।उनका अनुभव और सेवा भावना सीतापुर जिले में संगठन को नई ऊँचाइयों तक पहुँचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।ङ्क संगठन का उद्देश्यराष्ट्रीय युवा वाहिनी नेशनल वालंटियर भाजपा का संकल्प है । गौ, गंगा, गीता, गायत्री, मठ और मंदिर की रक्षा करते हुए भारत को वैदिक सनातन राष्ट्र बनाना।संगठन पूरे देश में गौ सेवा, संस्कारशाला स्थापना, धर्म रक्षा, महिला सशक्तिकरण और राष्ट्र निर्माण के लिए निरंतर कार्य कर रहा है। संपूर्ण राष्ट्रीय कार्यकारिणी, प्रदेश पदाधिकारीगण, एवं संगठन परिवार नेगुड्डू त्रिपाठी जी को उनकी नई जिम्मेदारी पर हार्दिक बधाई और शुभकामनाएँ दीं।

# जीबीसी 5.0 से गोरखपुर को मिलेगा निवेश का बूस्टर डोज

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

गोरखपुर । ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी के पांचवें संस्करण (जीबीसी 5.0) से गोरखपुर को निवेश का बूस्टर डोज मिलेगा। जीबीसी की तिथि निर्धारित होने से पहले ही गोरखपुर ने निवेश को धरातल पर उतारने से जुड़े दो तिहाई से अधिक लक्ष्य को हासिल कर लिया है।

उद्योग विभाग और इन्वेस्ट यूपी के अधिकारी बाकी बचे लक्ष्य को हासिल करने के प्रोजेक्ट्स की पहचान और संभावित निवेशकों से संपर्क में जुटे हैं। नए निवेश से प्रगति की रफ्तार बढ़ेगी और रोजगार के व्यापक अवसर बढ़ेंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के अब तक के कार्यकाल में ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी के चार संस्करण सफलतापूर्वक आयोजित हो चुके हैं। इसके परिणाम भी धरातल में विकास के नए आयाम और नव रोजगार सृजन के रूप में नजर आते हैं। अब सरकार ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी के पांचवें संस्करण से निवेश के ग्रॉफ को नई ऊंचाई देने की तैयारी में है। जीबीसी 5.0 के लिए प्रदेश के सभी जिलों को लक्ष्य आवंटित किए जा चुके हैं। गोरखपुर जिले को 7000 करोड़ रुपये निवेश का लक्ष्य दिया गया है। इन्वेस्ट यूपी के रिलेशनशिप मैनेजर अभिषेक सिंह बताते हैं कि निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष गोरखपुर में 5018 करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव/एमओयू प्राप्त कर लिए गए हैं। इसमें गोरखपुर औद्योगिक विकास प्राधिकरण (गीडा) का लक्ष्य शामिल नहीं है। गीडा को शासन ने अलग से लक्ष्य दिया है। गोरखपुर में गीडा के अलावा अन्य विभागों को दिए गए निवेश लक्ष्य पर गौर करें तो आबकारी विभाग ने 300 करोड़ रुपये के लक्ष्य के सापेक्ष 2679 करोड़ रुपये की उपलब्धि हासिल कर ली है। इसी तरह गोरखपुर विकास प्राधिकरण (जीडीए) ने 3500 करोड़ रुपये के लक्ष्य में से 1860 करोड़ रुपये और हथकरघा विभाग ने 30 करोड़ रुपये के लक्ष्य में से 11.42 करोड़ रुपये के निवेश प्रस्तावों को प्रक्रियात्मक बना दिया है।

# 15 मार्च को होगा पूर्वांचल महासभा का होली मिलन समारोह

❒ होली मिलन समारोह कार्यक्रम 15 मार्च की शाम 05 बजे से 10 बजे तक धूमधाम से मनाया जाएगा

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



शाहजहांपुर। पूर्वांचल महासभा सेवा समिति द्वारा 15 मार्च दिन रविवार को सिटी पार्क कालोनी के सामने स्थित गन्ना प्रशिक्षण केन्द्र के सभागार में होली मिलन समारोह आयोजित किया जाएगा। यह जानकारी प्रेसवार्ता के दौरान पूर्वांचल महासभा सेवा समिति के अध्यक्ष सतीश चन्द्र मिश्रा ने दी है।

उन्होंने बताया कि होली मिलन समारोह कार्यक्रम 15 मार्च की शाम 05 बजे से 10 बजे तक धूमधाम से मनाया जाएगा। जिसको पूर्वांचल के सभी परिवार पारंपरिक उत्साह एवं उल्लास के साथ मनाएंगे। कार्यक्रम में होली गीत, सांस्कृतिक प्रस्तुतियां, आपसी अभिनंदन तथा मिलन के माध्यम से सामाजिक सौहार्द और एकता का संदेश दिया जाएगा। समिति के महामंत्री विपुल प्रसाद ने बताया कि कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उत्तर प्रदेश सरकार के वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना भी शामिल होगें। इसके अलावा विशिष्ट अतिथि के रूप में महापौर अर्चना वर्मा भी मौजूद रहेंगीं। उन्होंने भी कार्यक्रम में शामिल होने की अपनी स्वीकृति प्रदान की है। इसके अलावा जनपद के कई प्रशासनिक अधिकारी भी कार्यक्रम की शोभा बढ़ाएंगे। उपाध्यक्ष उपेश रावत ने बताया कि समिति द्वारा आयोजित होली मिलन कार्यक्रम में पूर्वांचल से लोकप्रिय कलाकार भी आएंगे। जोकि कार्यक्रम में चार चांद लगाएंगें। इस दौरान पूर्वांचल महासभा सेवा समिति के कार्य अध्यक्ष वीरेन्द्र नाथ राय, उपाध्यक्ष अनिल कुमार मौर्या, कामेश्वर सिंह, सुरेन्द्र प्रताप सिंह, सहायक मंत्री सुनील तिवारी, संगठन मंत्री कमलेश यादव, रमन उपाध्याय, विश्वनाथ मिश्र, राजेश सिंह, राम बाबू, कानूनी सलाहाकार शम्भू शरण शुक्ला, कोषाध्यक्ष त्रिवेणी मिश्रा, गुड्डू सिंह आदि मौजूद रहे।

# गोंडा रेलवे स्टेशन पर अवैध वेंडरों का बोलबाला

**रेलवे स्टेशन यात्रियों को मिलने वाला रेलनीर बिक रहा बाजारों में अवैध बेंडरो के हाथों में**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोंडा । आदर्श रेलवे स्टेशन पर इस समय अवैध वेंड रों का बोलबाला है।वेंडर समान को दोगुने दाम पर यात्रियों को बेचते हैं।प्रशासन के नाक के नीचे से इनका धंधा फल-फूल रहा है,बता दें कि गोंडा रेलवे स्टेशन पर प्रतिदिन अमरपाली,गोरखधाम, वैशाली सत्याग्रह, जनसेवा, जनसाधारण एक्सप्रेस सहित पैसेंजर ट्रेन लगभग सैकड़ो अप-डाउन करती हैं,स्टे शन पर मंत्रियो और अधिकारियों का आवागमन भी होता है,लेकिन तब भी अवैध वेंडर आरपीएफ की मिलीभगत से पूरे स्टेशन पर आराम से पूड़ी-सब्जी,ऑमलेट,फल,चाय आदि बेचते हैं। यह सब प्रशासन की नाक के नीचे यह गोरखधंधा चल रहा है।ना जाने क्यों रेल प्रशासन इसकी सुध तक नहीं लेता है।लंबे रूट की ट्रेनें जैसे जनसेवा एक्सप्रेस जननायक ए क स प्र े स , ब ा घ ा एक्सप्रेस,गोरखधाम जै सी दर्जनों ट्रेनें वेंडरों के निशाने पर रहती हैं। यही रेलवे स्टेशन पर बिकने वाला रेल नीर पानी अवैध तरीके से रेल नीर के कॉन्टैक्टर बजार मे ओवर ब्रि ज के नीचे अपने चहेतो को रेल नीर दे रहे हैं,उनके वहां मौजूद अवैध वेंडर ट्रेनों में आराम से दोगुने दा म पर यात्रियों को रेल नीर और सामान बेचते हैं और विरोध करने पर मारपीट तक करने लगते हैं। बता दें कि ये वेंडर आउटर से ट्रेनों में सवार होते हैं।रेल वे कमर्शियल विभाग आरपीएफ जीआरपी द्वारा प्रतिदिन चेकिंग अभियान चलाया जाता है, लेकिन एक भी अवैध वेंडर नहीं पकड़ा जाता।

**फार्मर रजिस्ट्री, अंश निर्धारण, चकमार्ग, सार्वजनिक भूमि सीमांकन जल जीवन मिशन की समीक्षा**

# कार्यों को समय परपूर्ण न करने वाले अधिकारियों कर्मचारियों पर होगी कार्रवाई : जिलाधिकारी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोंडा । जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन की अध्यक्षता में तहसील मनकापुर के विकास कार्यों एवं राजस्व संबंधी कार्यों की प्रगति की समीक्षा हेतु एक महत्व पूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में तहसील मनकापुर के समस्त खण्ड विकास अधिकारी लेख पाल,राजस्व निरीक्षक तथा ग्राम पंचायत सचिव उपस्थित रहे।बैठक के दौरान फार्मर रजिस्ट्री,अंश निर्धारण, चकमार्ग एवं सार्वजनिक भूमि सीमांकन के साथ-साथ जल जीवन मिशन के अंतर्गत संचा लित परियोजनाओं की प्रगति की गहन समीक्षा की गई।समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने संबंधि त ग्राम पंचायतों के ग्राम पंचायत सचिवों एवं लेख पालों से फार्मर रजिस्ट्री की स्थिति की विस्तार से जानकारी प्राप्त की। उन्होंने निर्देश दिए कि फार्मर रजिस्ट्री का कार्य निर्धारित समय सीमा के भीतर शतप्रतिशत पूर्ण किया जाए, जिससे किसानों के अभिलेखों का डिजिटलीकरण एवं सत्यापन समय से सुनिश्चित हो सके।इसके अतिरिक्त बैठक में गां वों में चकमार्ग तथा सार्वजनिक भूमि के सीमांकन की भी समीक्षा की गई।जिलाधिकारी ने कहा कि चकमार्ग एवं सार्वजनिक भूमि का स्पष्ट सीमांकन ग्रामीण विकास एवं सार्वजनिक उपयोग की दृष्टि से अत्यंत आवश्यक है।उन्होंने संबंधित अधिकारि यों को निर्देशित किया कि इन कार्यों को प्राथमिक ता के आधार पर पूर्ण कराया जाए तथा किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए।बैठक के दौरा न जल जीवन मिशन के अंतर्गत संचालित परियो जनाओं की स्थिति पर भी विस्तृत चर्चा की गई। जिलाधिकारी ने ग्राम पंचायत सचिवों को निर्देशित किया कि वे अपने-अपने ग्राम पंचायतों में चल रही जल जीवन मिशन की परियोजनाओं का भौतिक सत्यापन कर स्पष्ट आख्या प्रस्तुत करें।आख्या में यह उल्लेख किया जाए कि परियोजना किस अव स्था में है,उसका कार्य पूर्ण हुआ है या नहीं तथा उ सका संचालन सुचारू रूप से हो रहा है या नहीं। जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन ने बैठक में उपस्थि त ग्राम पंचायत सचिवों एवं लेखपालों को कड़े नि र्देश देते हुए कहा कि पंद्रह दिवस के भीतर फार्मर रजिस्ट्री, अंश निर्धारण, चकमार्ग एवं सार्वजनिक भूमि सीमांकन तथा जल जीवन मिशन से संबंधित सभी कार्य शतप्रतिशत पूर्ण किए जाएं।उन्होंने स्प ष्ट चेतावनी दी कि निर्धारित समयावधि के भीतर कार्य पूर्ण न होने की स्थिति में संबंधित अधिकारि यों एवं कर्मचारियों के विरुद्ध विभागीय कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।बैठक में अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि सभी कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग की जाए तथा प्रगति की रिपोर्ट समय-समय पर प्रस्तुत की जाए,ताकि शासन की योजना ओं का लाभ आमजन तक प्रभावी रूप से पहुंच सके।

# श्री सिद्धि गैस एजेंसी के वितरण पर सवाल, काला बाजारी या फिर एजेंसी संचालक की मनमानी

कैनविज टाइम्स संवाददाता




गोंडा । प्रदेश सरकार जहां आम उपभोक्ताओं को समय पर रसोई गैस उपलब्ध कराने के बड़े-बड़े दावे कर रही है,वहीं जनपद गोंडा में जमीनी हकी कत कुछ और ही तस्वीर बयां कर रही है।यहां गैस सिलेंडर की आपूर्ति को लेकर उपभोक्ताओं में भा री नाराजगी देखने को मिल रही है। आरोप है कि जिम्मेदार अधिकारी न तो शिकायत सुन रहे हैं औ र न ही व्यवस्था सुधारने की दिशा में कोई ठोस क दम उठा रहे हैं।बताया जाता है कि जिला पूर्ति का र्यालय में शुक्रवार को एक अजीब स्थिति देखने को मिली। जिला पूर्ति अधिकारी मीटिंग के नाम पर करीब तीन घंटे तक अपने कक्ष का दरवाजा अंदर से बंद करके बैठे रहे।इस दौरान कार्यालय के सभी दरवाजे बंद कर दिए गए थे,जिससे अप नी समस्या लेकर पहुंचे लोगों को बाहर ही इंतजार करना पड़ा।कार्यालय के बाहर कई उपभोक्ता गैस सिलेंडर को लेकर परेशान दिखाई दिए।इनमें रसो ई गैस उपभोक्ता भी शामिल रहीं।उपभोक्ता ने बता या कि उनकी गैस पर्ची आठ मार्च को कटी थी,जि स पर सिलेंडर 12 मार्च को मिलने की तारीख लि खी गई थी।सारे डाक्यूमेंट् कंप्लीट होने के बावजूद तय तिथि आने पर भी सिलेंडर नहीं मिला।उन्होंने बताया कि घर में गैस खत्म होने के कारण बच्चों को कई दिनों से बाहर दुकान पर समोसे खाकर स्कूल जाना पड़ रहा है।अपनी पीड़ा बयां करते हुए बताया कि वह अपनी समस्या बताने के लिए जिला पूर्ति कार्यालय पहुंचीं, तो काफी देर इंतजार के बाद जब मैंने दरवाजा खोला तो अंदर आने से मना कर दिया गया और बाहर बैठने को कहा गया उपभोक्ताओं का आरोप है कि जिले में गैस वित रण व्यवस्था पूरी तरह चरमराई हुई है।कई जगहों पर सिलेंडर की कालाबाजारी की भी शिकायतें सा मने आती रहती हैं, लेकिन जिम्मेदार विभाग इस पर प्रभावी कार्रवाई नहीं कर रहा है।इस संबंध में जब जिला पूर्ति अधिकारी से उनका पक्ष जानने के लिए कार्यालय में संपर्क करने का प्रयास किया गया तो दरवाजा बंद होने के कारण मुलाकात नहीं हो सकी। वहीं मोबाइल फोन रिसीव नहीं हुआ जि ससे संपर्क नहीं हो पाया है।वही स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि यही स्थिति रही तो आम उपभो क्ताओं को और अधिक परेशानी का सामना करना पड़ेगा।इसके साथ ही मौके पर शहर के कई लोगों ने बताया कि बहराइच रोड स्थित श्री सांई सिद्धि भारत गैस व नगर कोतवाली के सामने एक गैस ए जेंसी तथा साहू भारत गैस वितरक स्टेशन रोड की यदि जांच कराई जाए तो ऐसे तथ्य उजागर होंगे जिससे जमीन सरक जाएगी, लोगों का मानना है कि यहां पर जमकर कालाबाजारी की जा रही है, जिससे जिला पूर्ति अधिकारी दूर नहीं है।अब लो गों की निगाहें जिला प्रशासन पर टिकी हैं कि वह गैस वितरण व्यवस्था को दुरुस्त कराने के लिए क्या कदम उठाता है...?

# डीएम आवास से बीस मीटर की दुरी पर फायरिंग, चचेरा भाई घायल

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोंडा । जिलाधिकारी आवास से मात्र बीस मीटर की दूरी पर स्थित एक जूनियर हाईस्कूल के अध्यापक के घर पर गोलीबारी हुई। संपत्ति विवाद को लेकर दो भाइयों के बीच हुई कहासुनी के बाद अध्यापक राम सिंह ने फायरिंग कर दी, जिसमें उनके चचेरे भाई सुजीत सिंह घायल हो गए।उन्हें गंभीर हालत में लखनऊ रेफर किया गया है।यह घटना नगर को तवाली क्षेत्र में शाम करीब साढ़े 6 बजे हुई। अध्या पक राम सिंह और उनके भाई अजीत सिंह के बीच संपत्ति को लेकर लंबे समय से विवाद चल रहा था। इसी विवाद के दौरान दोनों भाइयों में कहासुनी और गाली-गलौज हुई, जिसमें अजीत सिंह की ओर से उनके चचेरे भाई सुजीत सिंह भी मौजूद थे।विवाद बढ़ने पर राम सिंह ने आवेश में आकर अपनी दुनाली बंदूक से अजीत सिंह पर गोली चला दी। हालांकि, गोली अजीत सिंह को न लगकर उनके चचेरे भाई सुजीत सिंह के पेट के बगल में जा लगी। स्थानीय लोगों और पुलिस की मदद से सुजीत को तत्काल गोंडा मेडिकल कॉलेज ले जाया गया।प्राथमिक उपचार के बाद सुजीत सिंह की गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें बेहतर इलाज के लिए लखनऊ रेफर कर दिया गया है। शहर के अति-सुरक्षित माने जाने वाले वीवीआईपी इलाके में सरेशाम हुई इस गोलीबारी से पूरे क्षेत्र में हड़कंप मच गया।घटना की सूचना मिलते ही नगर कोतवाली पुलिस टीम और आला अधिकारी भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच गए। पुलिस ने आरोपी अध्यापक राम सिंह को हिरासत में ले लिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है।मौके पर पुलिस के उच्च अधिकारियों द्वारा पहुंचकर के पूरे मामले को लेकर के जांच की जा रही है। आरोपी राम सिंह के कब्जे से उनकी बंदूक को भी कब्जे में ले लिया गया है। गोंडा पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल ने बताया कि आरोपी राम सिंह को पुलिस हिरासत में लेकर के बंदूक को अपने कब्जे में ले लिया गया है।इसे पूरे घटनाक्रम को लेकर के पूछताछ की जा रही है घायल को गोंडा मेडिकल कॉलेज भेजा गया है इन लोगों का आपस में प्रॉपर्टी को लेकर की विवाद है इसी विवाद के दौरान राम सिंह ने अपनी लाइसेंसी बंदूक से फायरिंग किया है। जिसमें अजीत सिंह के चचेरे भाई सुजीत सिंह के पेट में गोली लगी है जो घायल हुए हैं यह घटनास्थल डीएम आवास से कुछ दूरी पर स्थित है।निजी अस्पताल के डॉक्टर के अनुसार, किसी ने बहुत ही नजदीक से 12 बोर के बंदूक से फायर किया है। गोल पेट में बाईं तरफ सीने के निचले वाले हिस्से में लगी है। गोली ने अंदर जाकर के आंतों को पंचर कर दिया है। क्यों कि ऐसे मामलों में गैस्ट्रो सर्जन की भी जरूरत रहती है ऐसे में उन्हें बेहतर उपचार के लिए लखनऊ रेफर किया गया है।

# अलविदा की नमाज को लेकर गोंडा में चप्पे–चप्पे पर पुलिस तैनात,एसपी ने खुद संभाली कमान

कैनविज टाइम्स संवाददाता




गोंडा । रमजान के आखिरी जुमे यानी अलविदा की नमाज को लेकर शहर में ग्रामीण क्षेत्रों तक संवेदन शील इलाकों में सुरक्षा के ऐसे पुख्ता इंतजाम किए गए हैं कि चप्पे-चप्पे पर पुलिस,पीएसी की तैनाती कर दी गई है। प्रशासन की प्राथमिकता नमाज को शांतिपूर्ण और व्यवस्थित ढंग से संपन्न करया है।व ही सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेने और,उपद्रवियों को सख्त संदेश देने के लिए एसपी विनीत जायस वाल के नेतृत्व मे कोतवाली क्षेत्र से फ्लैग मार्च नि काला गया।फ्लैग मार्च शहर के प्रमुख मार्गों से गु जरा,जहां पुलिस अधिकारियों ने सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण किया और लोगों से शांति व भाईचा रा बनाए रखने की अपील की। पुलिस का कहना है कि किसी भी तरह की अफवाह फैलाने वालों पर भी कड़ी नजर रखी जा रही है।निरीक्षण के दौ रान उन्होंने ड्यूटी पर तैनात पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सतर्कता एवं सजगता के साथ ड्यूटी करने के निर्देश दिए।साथ ही उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था, यातायात प्रबंधन, पार्किंग व्यवस्था, भीड़ नियंत्रण तथा कानून-व्यवस्था बनाये रखने के संबं ध में आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए।पुलिस अधी क्षक के द्वारा संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि अलविदा की नमाज के अवसर पर सभी संवेदनशील स्थानों पर पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती सुनिश्चित की जाए तथा सतत गश्त की जाए। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की संदि ग्ध गतिविधि पर कड़ी निगरानी रखी जाए तथा किसी भी सूचना को गंभीरता से लेते हुए तत्काल आवश्यक कार्यवाही की जाए। पुलिस अधीक्षक ने सोशल मीडिया पर भी सतत निगरानी रखने के नि र्देश दिए ताकि किसी प्रकार की भ्रामक सूचना या अफवाह फैलने की स्थिति में तत्काल उसका खंड न किया जा सके और कानून-व्यवस्था की स्थिति प्रभावित न होने पाए।पुलिस अधीक्षक के द्वारा स्थानीय लोगों,धर्मगुरुओं एवं आयोजकों से संवाद स्थापित कर आपसी समन्वय बनाए रखने तथा न माज को शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने में सहयोग की अपील की गई।गोंडा पुलिस के द्वारा अलविदा की नमाज के दृष्टिगत व्यापक सुरक्षा प्रबंध किए गए हैं।जनपदवासियों से अपील की गई है कि वे शांति,सौहार्द एवं आपसी भाईचारे को बनाए रखते हुए पुलिस प्रशासन का सहयोग करें तथा किसी भी प्रकार की संदिग्ध वस्तु या गतिविधि दिखाई देने पर तत्काल नजदीकी पुलिस को सूचना दें।

# जुमे की नमाज को लेकर फ्लैग मार्च, एसडीएम मोनालिसा जौहरी ने संभाली व्यवस्था की कमान


कैनविज टाइम्स संवाददाता



नानपारा, बहराइच। शुक्रवार को अलविदा जुमे की नमाज़ को शांतिपूर्ण व व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए नानपारा प्रशासन पूरी तरह सतर्क नजर आया। इसी क्रम में एसडीएम नानपारा मोनालिसा जौहरी ने स्वयं पुलिस बल के साथ नगर क्षेत्र में फ्लैग मार्च कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया और विभिन्न स्थानों का निरीक्षण किया। अपने सक्रिय और संवेदनशील प्रशासनिक कार्यशैली के लिए पहचानी जाने वाली एसडीएम मोनालिसा जौहरी पूरे समय क्षेत्र में मौजूद रहीं और व्यवस्थाओं का स्वयं निरीक्षण करती रहीं। उन्होंने प्रमुख नमाज़ स्थलों, भीड़भाड़ वाले बाजारों तथा संवेदनशील क्षेत्रों का भ्रमण कर पुलिस बल को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए, ताकि नमाज़ शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हो सके। फ्लैग मार्च के दौरान नगर क्षेत्र में कई स्थानों पर दुकानदारों द्वारा सड़क तक सामान रखे जाने से यातायात प्रभावित होता देख एसडीएम ने नाराजगी जताई और मौके पर ही दुकानदारों को फटकार लगाते हुए सामान तुरंत दुकान के अंदर रखने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि सड़क पर इस प्रकार सामान रखने से जाम की स्थिति उत्पन्न होती है और आमजन को परेशानी होती है। एसडीएम ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि आगे किसी भी दुकान का सामान सरकारी सड़क पर रखा मिला तो उसे जब्त कराकर थाने भिजवा दिया जाएगा। एसडीएम मोनालिसा जौहरी ने कहा कि त्योहारों के दौरान प्रशासन की पहली प्राथमिकता शांति व्यवस्था, सुरक्षा और सुचारू यातायात बनाए रखना है। उन्होंने नागरिकों से आपसी सौहार्द और भाईचारे के साथ त्योहार मनाने की अपील भी की। प्रशासन की सतर्कता और पुलिस बल की मुस्तैदी के चलते नानपारा क्षेत्र में अलविदा जुमे की नमाज़ शांतिपूर्ण और व्यवस्थित ढंग से संपन्न हुई। प्रशासन की सक्रियता से पूरे क्षेत्र में सुरक्षा और विश्वास का माहौल देखने को मिला।

# गोंडा पुलिस में नहीं थम रहा भ्रष्टाचार रिश्वत मांगने के आरोप में दरोगा निलंबित

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोंडा । जिले में पुलिस विभाग में भ्रष्टाचार थमने का नाम नहीं ले रहा है मोतीगंज थाने में तैनात दरोगा मिनहाज सिद्दीकी को पुलिस अधीक्षक विनीत जा यसवाल ने निलंबित कर दिया गया है।उन पर एक मुकदमे में आरोपियोंको लाभ पहुंचाने के लिए 25 हजार रुपए रिश्वत मांगने का आरोप है,एसपी वि नीत जायसवाल ने एक वीडियो सामने आने पर यह कार्रवाई की।जिले के मोतीगंज थाने में तैनात उप निरीक्षक मिनहाज सिद्दीकी से जुड़ा है।उन पर छाछपारा मतवल्ली गांव की आरती देवी के द्वारा छप्पर में आग लगने के संबंध में दर्ज मुकदमे की विवेचना के दौरान आरोपियों के नाम हटाने के लि ए पचीस हजार रुपये मांगने का आरोप है,यह रक म शांति देवी से मांगी जा रही थी।दरोगा मिनहाज सिद्दीकी के द्वारा बार-बार पैसे मांगे जाने से परेशा न होकर शांति देवी की बेटी ने अपने मोबाइल से एक वीडियो बनाया था।वीडियो अब सोशल मीडि या पर वायरल हो रहा है।आरती देवी ने गांव के भारत चौहान,धन प्रकाश,भागेलु और खूंटी के खि लाफ दस मई 2025 को अपने छप्पर में आग ल गाने का मुकदमा दर्ज कराया था,जिसकी जांच मि नहाज सिद्दीकी कर रहे थे।वायरल वीडियो 6 मई 2025 का बताया जा रहा है।वायरल वीडियो में उप निरीक्षक मिनहाज सिद्दीकी महिला से कहते हुए सुनाई दे रहे हैं, ''मेरे द्वारा जांच की जा रही है, आवश्यकता पड़ने पर आपको पचीस से तीस ह जार रुपये देना पड़ेगा।'' इस पर महिला ने अपनी गरीबी का हवाला दिया।दरोगा फिर कहते हैं, ''हम प्रयास करेंगे कि कम से कम दाम में तुम्हारा काम हो जाएगा।'' वीडियो में सिद्दीकी यह भी कहते हैं, ''तुम पचीस हजार उठाकर कहीं रख देना।मुझे क सम हो कि मैं तुम्हारा एक भी रुपए लूं,जो अधिका री को देना है मैं सिर्फ तुमसे वही पैसा मांग रहा हूँ। मुझे उससे एक पैसे ज्यादा नहीं चाहिए,मुझे तुम्हारे पैसे का चाय भी नहीं पीना है।

# नानपारा में नशा उन्मूलन व पर्यावरण संरक्षण पर चौपाल, जनजागरण का संकल्प

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नानपारा, बहराइच। पौराणिक शिवालय बाग शिव मंदिर परिसर में गुरुवार को विभिन्न सामाजिक व धार्मिक संगठनों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में नशा उन्मूलन व पर्यावरण संरक्षण चौपाल का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में अवैध नशे के क्रय-विक्रय, उपभोग और उत्पादन पर प्रभावी नियंत्रण के लिए सामूहिक संकल्प लिया गया। साथ ही जल संरक्षण और पर्यावरण संतुलन को बनाए रखने के लिए पंचवटी प्रजाति के वृक्षों के रोपण तथा उनके संरक्षण के लिए व्यापक जनजागरण अभियान चलाने का निर्णय लिया गया। चौपाल को संबोधित करते हुए उपजिलाधिकारी मोनालिसा जौहरी ने कहा कि नशा मानव जीवन के लिए अत्यंत घातक है। अवैध नशे के कारोबार पर प्रभावी नियंत्रण के लिए प्रशासन की ओर से विशेष अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि समाज के जागरूक लोगों को आगे आकर जनजागरण अभियान चलाना होगा और लोगों को नशे के दुष्परिणामों के प्रति सचेत करना होगा। तभी अवैध नशे पर प्रभावी रोक लगाना संभव हो सकेगा। उन्होंने पर्यावरण संरक्षण के महत्व पर जोर देते हुए अधिक से अधिक वृक्षारोपण करने की अपील भी की। कार्यक्रम के आयोजक महामना मालवीय मिशन (अवध) के अध्यक्ष संजीव श्रीवास्तव एडवोकेट ने बताया कि अवैध नशा कारोबार पर नियंत्रण के लिए धार्मिक व सामाजिक संगठनों के समन्वय से प्रशासन के सहयोग में गांवों और नगरों में जनजागरण अभियान चलाया जा रहा है। साथ ही विद्यालयों, चिकित्सालयों, तालाब, पोखरों और नदियों के किनारे पंचवटी प्रजाति के वृक्षों का रोपण कर स्थानीय जनसहयोग से उनके संरक्षण का भी प्रयास किया जा रहा है। तहसीलदार नानपारा शैलेश कुमार अवस्थी ने कहा कि समाज में व्याप्त कुरीतियों को दूर करने और अवैध नशे पर प्रभावी नियंत्रण के लिए प्रशासन और समाज के बीच समन्वय आवश्यक है। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए अधिक से अधिक वृक्षारोपण और उनके संरक्षण के साथ-साथ लोगों को इसके प्रति जागरूक करना भी जरूरी है।

कार्यक्रम का संचालन किसान परिषद संयोजक शिव पूजन सिंह ने किया तथा धन्यवाद ज्ञापन शिक्षाविद अशोक कुमार ने किया। चौपाल की अध्यक्षता महंत शिवालय बाग वीरेंद्र गिरी जी महाराज ने की। इस अवसर पर किसान नेता काशीराम यादव, संघ चिंतक यशवंत मिश्रा, पर्यावरणविद महेन्द्र सिंह सेंगर, शिक्षक नेता राहुल पांडेय, रूल ऑफ लॉ सोसाइटी संयोजक डी.पी. श्रीवास्तव, प्राचार्य विद्या मंदिर बाल मुकुंद, समाजसेवी सुरेश चंद्र शुक्ला, सूर्य प्रकाश तिवारी, विक्रम कुमार, गणेश सिंह एडवोकेट, बुद्धि लाल एडवोकेट, व्यवसायी अमोल जी, किसान नेता सरदार सुखविंदर सिंह, प्रवक्ता डॉ. पंकज श्रीवास्तव, सनातन समाज नेता लवकुश अवस्थी सहित अनेक लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ सनातन समाज नेता गणेश जी द्वारा गणेश वंदना के साथ किया गया। समापन अवसर पर शिवालय बाग मंदिर परिसर में उपस्थित लोगों को नशा उन्मूलन का सामूहिक संकल्प भी दिलाया गया।

**बेदखली सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे द्वितीय पुत्र सतीश सरन तिवारी का चाल चलन ठीक नहीं है।वह नशा करता है और असामाजिक तत्वों से मेलजोल रखता है।परिवार के लोगों से भी आए दिन लड़ाई झगड़ा करता है। उसके गलत क्रियाकलापों से परेशान होकर मैं उसे अपनी समस्त चल–अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। अब सतीश सरन तिवारी के किसी वैध अवैध कृत्य से किसी तरह के लेनदेन से मेरा व परिवार के अन्य सदस्यों का कोई वास्ता व सरोकार नही होगा।

प्रार्थी
हनुमान प्रसाद तिवारी पुत्र सुरेन्द्र नाथ तिवारी निवासी ग्राम बाबा का पुरवा, फत्तेपुर जफरापुर परगना नवाबगंज तहसील तरबगंज जनपद गोण्डा उत्तर प्रदेश

**आवश्यक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पीएम श्री कंपोजिट विद्यालय बनगाई में रख्खी निस्प्रयोग सामग्री का विक्रय स्थानीय कबाड़ियों के माध्यम से किया जाना है।जिसके लिए इच्छुक लोगों 16 मार्च दिन सोमवार को विद्यालय परिसर में प्रबंध समिति के अध्यक्ष सचिव व सदस्यों के उपस्थिति में रह कर शाम 4:00 बजे बोली लगाकर ले सकते हैं।

आज्ञा से
कुलदीप चाहक
सचिव/ इंचार्ज प्रधानाध्यापक पीएम श्री कंपोजिट विद्यालय बनगाई शिक्षा क्षेत्र रुपईडीह
जनपद गोंडा

# सात दिवसीय एनएसएस शिविर का समापन समारोह अत्यंत उत्साह, उल्लास एवं गरिमामय वातावरण के साथ हुआ संपन्न

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पीलीभीत। उपाधि महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना एनएसएस इकाई द्वारा आयोजित विशेष सात दिवसीय शिविर का समापन समारोह अत्यंत उत्साह, उल्लास एवं गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। इस अवसर पर महाविद्यालय परिवार, अतिथियों एवं स्वयंसेवी विद्यार्थियों की उत्साहपूर्ण सहभागिता देखने को मिली। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के सचिव मुरली मनोहर अग्रवाल तथा विशिष्ट अतिथि उमा मलिक द्वारा माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत महाविद्यालय के कुल गीत से की गई, जिसके माध्यम से संस्थान की गौरवशाली परंपराओं और मूल्यों का स्मरण किया गया। इसके पश्चात राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवी विद्यार्थियों द्वारा मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों के सम्मान में मनमोहक स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया, जिसने कार्यक्रम में उपस्थित सभी अतिथियों और विद्यार्थियों का मन मोह लिया।समापन समारोह का संचालन डॉ. कविता कनौजिया कार्यक्रम अधिकारी द्वारा अत्यंत सुव्यवस्थित एवं प्रभावशाली ढंग से किया गया। अपने संचालन के दौरान उन्होंने सात दिवसीय शिविर के अंतर्गत आयोजित विभिन्न गतिविधियों जैसे स्वच्छता अभियान, सामाजिक जागरूकता कार्यक्रम, पर्यावरण संरक्षण, जन-जागरूकता रैली एवं समाज सेवा से जुड़े विविध कार्यों का संक्षिप्त विवरण प्रस्तुत किया।

इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना से जुड़े विभिन्न वक्ताओं एवं शिक्षकों ने अपने विचार व्यक्त किए। डॉ. राखी मिश्रा तथा डॉ. शेफाली ने भी विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय सेवा योजना के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि एनएसएस विद्यार्थियों में सेवा भावना, सामाजिक जागरूकता, अनुशासन एवं नेतृत्व क्षमता का विकास करने का एक सशक्त माध्यम है। उन्होंने विद्यार्थियों को समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारियों को समझते हुए जनहित के कार्यों में सक्रिय भागीदारी निभाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के दौरान स्वयंसेवी विद्यार्थियों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ भी दी गईं, जिनमें देशभक्ति गीत, लोकनृत्य एवं सामाजिक संदेशों से युक्त नाट्य प्रस्तुतियाँ शामिल रहीं। इन प्रस्तुतियों ने उपस्थित सभी अतिथियों एवं दर्शकों को भावविभोर कर दिया और विद्यार्थियों की प्रतिभा का सुंदर प्रदर्शन किया।समारोह को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि मुरली मनोहर अग्रवाल ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना युवाओं के व्यक्तित्व विकास का एक महत्वपूर्ण मंच है। इसके माध्यम से विद्यार्थी समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारियों को समझते हैं और सेवा, समर्पण तथा सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना को विकसित करते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे शिक्षा के साथ-साथ समाज सेवा के कार्यों में भी बढ़-चढ़कर भाग लें और राष्ट्र निर्माण में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएं।अंत में महाविद्यालय के प्राचार्य ने अपने उद्बोधन में विद्यार्थियों को राष्ट्रीय सेवा योजना के उद्देश्यों, अनुशासन, सेवा भावना तथा सामाजिक उत्तरदायित्व के प्रति जागरूक करते हुए भविष्य में भी इसी उत्साह के साथ समाज सेवा के कार्यों में भाग लेने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने सात दिवसीय शिविर के सफल आयोजन के लिए कार्यक्रम अधिकारियों, स्वयंसेवकों एवं समस्त सहयोगियों की सराहना की।कार्यक्रम के समापन पर डॉ. कविता कनौजिया द्वारा सभी अतिथियों, प्राध्यापकों, कर्मचारियों एवं स्वयंसेवी विद्यार्थियों के प्रति आभार व्यक्त किया गया। अंत में सभी उपस्थितजनों द्वारा राष्ट्रीय गान गाकर कार्यक्रम का समापन किया गया।कार्यक्रम में डॉक्टर राखी मिश्रा, डॉ मुकुल अग्रवाल,डॉक्टर शेफाली, डॉक्टर विपिन, नीरज डॉक्टर ,अमित कुमार, डॉक्टर कौशल कुमार,रुद्रभान,डॉ केपी सिंह, डॉ जितेंद्र नाथ मिश्रा, डॉ विशाल सक्सेना,डॉ प्रणव शास्त्री, अमन राठौर, विकास, रमेश, जितेंद्र अनमोल, विनोद तथा अन्य छात्राएं उपस्थित रहीं हैं।

## दरोगा पुलिस भर्ती परीक्षा के दृष्टिगत चयनित परीक्षा केन्द्रों का डीएम ने किया निरीक्षण



कैनविज टाइम्स संवाददाता

पीलीभीत।जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक पीलीभीत द्वारा जनपद में प्रस्तावित उपनिरीक्षक नागरिक पुलिस एवं समकक्ष पदों पर सीधी भर्ती 2025 की लिखित परीक्षा को सकुशल एवं निष्पक्ष रूप से सम्पन्न कराने के दृष्टिगत चयनित परीक्षा केन्द्रों पीएम श्री ड्रमण्ड इंटर कॉलेज, सिद्दीकी नेशनल इंटर कॉलेज, राजकीय पॉलीटेक्निक कॉलेज, राजकीय बालिका इंटर कॉलेज, रामा इंटर कॉलेज पीलीभीत तथा उपाधि महाविद्यालय पीलीभीत का निरीक्षण किया गया। इस दौरान सीसीटीवी कैमरों की कार्यशीलता, प्रवेश-निकास व्यवस्था, परीक्षार्थियों की चेकिंग, स्ट्रॉन्ग रूम, बैठने की व्यवस्था, पुलिस बल की तैनाती एवं यातायात व्यवस्था का बारीकी से निरीक्षण किया गया तथा केन्द्र व्यवस्थापकों को परीक्षा को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं पारदर्शी ढंग से सम्पन्न कराने हेतु आवश्यक निर्देश दिए गए।

## पंप के पास पिकअप की टक्कर से बाइक चालक की मौत

पूरनपुर। कोतवाली क्षेत्र में एक दर्दनाक सड़क हादसे में बाइक चालक की मौत हो गई, जबकि महिला समेत तीन बच्चे गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे की सूचना मिलते ही क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई और घायलों को तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया। जानकारी के अनुसार पूरनपुर कोतवाली क्षेत्र के गांव गजरौला खास निवासी आरती देवी पत्नी दिनेश अपने बहनोई मुकेश पुत्र सीताराम के साथ बाइक से बीसलपुर क्षेत्र के गांव न्यूरापुर में एक शादी समारोह में शामिल होने जा रही थीं। बाइक पर आरती देवी के दो पुत्र कृष्ण और दुर्वश भी सवार थे, जबकि मुकेश की डेढ़ वर्षीय पुत्री आरोही भी साथ में थी। बताया जा रहा है कि जैसे ही उनकी बाइक घुघचिहाई पेट्रोल पंप के पास पहुंची, तभी तेज रफ्तार पिकअप ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक सवार सभी लोग सड़क पर गिर पड़े। हादसे में मुकेश की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। वहीं महिला आरती देवी, उनके दोनों पुत्र कृष्ण और दुर्वश तथा मुकेश की मासूम पुत्री आरोही गंभीर रूप से घायल हो गए। आसपास मौजूद लोगों ने तुरंत पुलिस और एंबुलेंस को सूचना दी।

# राज्य महिला आयोग की सदस्य ने जिला अस्पताल में एचपीवी टीकाकरण अभियान का किया शुभारम्भ

कैनविज टाइम्स संवाददाता



अमेठी । राज्य महिला आयोग की सदस्य डॉ. प्रियंका मौर्या शुक्रवार को अपने एक दिवसीय जनपद भ्रमण पर अमेठी पहुंचीं। इस दौरान उन्होंने विभिन्न संस्थानों का स्थलीय निरीक्षण कर वहां की व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये।

भ्रमण के दौरान उन्होंने जिला अस्पताल, वन स्टॉप सेंटर, कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय तथा आंगनबाड़ी केंद्र का निरीक्षण करते हुये महिलाओं, किशोरियों और बच्चों को मिल रही सुविधाओं की जानकारी ली और सेवा व्यवस्था को और बेहतर बनाने पर जोर दिया। राज्य महिला आयोग की सदस्य डॉ. प्रियंका मौर्या सर्वप्रथम जिला चिकित्सालय पहुंचीं जहां उन्होंने एचपीवी टीकाकरण अभियान का शुभारम्भ किया। उन्होंने कहा कि महिलाओं में होने वाले सर्वाइकल कैंसर को रोकने के लिये यह अभियान अत्यंत महत्वपूर्ण है। डॉ. मौर्या ने कहा कि महिलाओं और किशोरियों का स्वास्थ्य समाज की प्रगति का आधार है। इस दौरान उन्होंने अस्पताल की विभिन्न व्यवस्थाओं का निरीक्षण कर मरीजों से बातचीत की और उनका हालचाल जाना। साथ ही चिकित्सकों और स्वास्थ्यकर्मियों को मरीजों को बेहतर व संवेदनशील स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिये। इसके उपरांत महिला आयोग की सदस्य ने वन स्टॉप सेंटर का निरीक्षण किया। यहां उन्होंने उपस्थित पीड़ित महिलाओं से बातचीत कर उनकी समस्याएं सुनीं तथा उनके प्रकरणों की प्रगति के बारे में जानकारी ली। इसके बाद उन्होंने कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय गौरीगंज का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि शिक्षा ही बेटियों को सशक्त बनाने का सबसे बड़ा माध्यम है। इसके बाद उन्होंने आंगनबाड़ी केंद्र रायपुर फुलवारी का निरीक्षण किया। यहां पर उन्होंने उत्कृष्ट कार्य करने वाली छह आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया और उनके कार्यों की सराहना की। साथ ही उन्होंने तीन गर्भवती महिलाओं की गोद भराई की तथा दो बच्चों को पहली बार अन्नप्राशन कराय। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अंशुमान सिंह, डिप्टी कलेक्टर एवं प्रभारी जिला प्रोबेशन अधिकारी नीतेश राज, जिला कार्यक्रम अधिकारी संतोष श्रीवास्तव, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संजय तिवारी, महिला थाना की थानाध्यक्ष कंचन सिंह सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया पूर्व सांसद का जन्मदिन

**पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता।** तहसील परिसर में पूर्व सांसद वरुण गांधी का 46 वां जन्मदिन बड़े धूमधाम से मनाया गया। संतराम विश्वकर्मा और रामरतन पासवान के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में सभी सम्मानित साथियों ने हार्दिक बधाई और शुभकामनाएँ दीं।

सन्तराम विश्वकर्मा ने कहा पूर्व सांसद वरुण का संघर्ष, स्पष्ट विचार और जनता के प्रति समर्पण युवाओं के लिए प्रेरणा है। ईश्वर उन्हें सदैव सफलता और दीर्घायु प्रदान करें। आज इस पावन अवसर पर कई ग्राम पंचायत में साथी कार्यकर्ताओं के द्वारा केक काटकर धूमधाम से मनाया गया।इस मौके पर राम रतन पासवान ने कहा की वरुण गांधी पूरे देश के नेता है। जिले के कार्यकर्ता तन मन से उनके साथ हैं।इस मौके पर संतराम विश्वकर्मा, राम रतन पासवान, अभिषेक यादव, प्रदीप यादव एडवोकेट, रविंद्र सिंह यादव एडवोकेट, लाल बहादुर कोहली एडवोकेट, राजीव सक्सेना एडवोकेट, मुकेश चौधरी एडवोकेट, रामेश्वर दयाल कुशवाहा एडवोकेट आदि लोग मौजूद रहे।

## झाड़-फूंक के बहाने महिला से दुष्कर्म बाबा गिरफ्तार

**पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता।** पुत्र प्राप्ति की चाह में झाड़-फूंक कराने गए दंपति के साथ धोखाधड़ी और महिला से दुष्कर्म का मामला सामने आया है। कोतवाली पूरनपुर क्षेत्र के एक गांव निवासी युवक ने पुलिस को दिए शिकायती पत्र में बताया कि उसकी दो बेटियां हैं और पुत्र न होने के कारण वह 11 मार्च को अपनी पत्नी को लेकर घुघचिहाई थाना क्षेत्र के बलरामपुर निवासी कथित बाबा भगवान दास के पास दवा लेने गया था। आरोप है कि कथित बाबा पहले दंपति को मंदिर ले गया, जहां पूजा-अर्चना कराई गई। इसके बाद वह दोनों को अपने परिचित के घर बिलदपुर गांव ले गया। वहां उसने महिला के पति को घर के बाहर बैठा दिया और उसकी पत्नी को झांड फूक के बहाने कमरे में ले गया। पीड़ित के अनुसार बाबा ने महिला के साथ जबरन दुष्कर्म किया और इसे तांत्रिक क्रिया बताकर किसी को बताने पर अनिष्ट होने की धमकी दी। 12 मार्च को पति ने दौवारा बाबा के पास चलने की बात कही पर महिला ने जाने से इंकार कर दिया। काफी पूछने पर महिला ने बाबा की हरकतों के बारे में पति को बताया यह सूनकर उसके होश उड़ गए और दंपति ने थाने पहुंचकर पुलिस से शिकायत की। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर आरोपी बाबा को हिरासत में ले लिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है।

## हर्षित मिश्रा का शव घर पहुंचते ही परिजनों में मचा कोहराम

**पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता।** जनपद बदायूं के मूसाझाग थाना क्षेत्र स्थित हिंदुस्तान पेट्रोलियम कंपनी के प्लांट में गोलीकांड में मारे गए डिप्टी मैनेजर हर्षित मिश्रा का शव शुक्रवार सुबह करीब आठ बजे उनके घर पहुंचते ही परिजनों में कोहराम मच गया। परिजन पुलिस कार्रवाई से संतुष्ट नहीं हैं और उन्होंने कंपनी के बड़े अधिकारियों पर मिलीभगत का संदेह जताया है। गुरुवार को प्लांट में बैठक के दौरान कंपनी से निकाले गए एक कर्मचारी ने डीएम सुधीर गुप्ता और डिप्टी मैनेजर हर्षित मिश्रा को गोली मार दी थी। अस्पताल पहुंचने से पहले ही दोनों की मौत हो गई थी। देर रात पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिए गए। हर्षित के पिता सुशील मिश्रा और भाई वैभव मिश्रा ने मामले की निष्पक्ष जांच के लिए सीबीसीआईडी जांच कराने की मांग की है। उनका आरोप है कि आरोपी को राजनीतिक संरक्षण प्राप्त है। विधायक बाबूराम पासवान ने भी घर पहुंचकर परिजनों को सांत्वना दी।

## पशुपालन, बागवानी और मत्स्य पालन से आय बढ़ायें किसान : ए के शर्मा

मऊ । उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री एके शर्मा ने आज जनपद मऊ में कुशमौर स्थित राष्ट्रीय बीज विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संस्थान में निस्ट किसान मेला 2026 का उद्घाटन किया। उन्होंने समन्वित खेती अपनाकर यानी खेती के साथ पशुपालन, बागवानी और मत्स्य पालन को कर अपनी आय बढ़ाने का किसानों से आग्रह किया।

घोसी चीनी मिल को लेकर फैल रही अफवाहों पर मंत्री ने कहा कि घोसी चीनी मिल को बंद करने की किसी में ताकत नहीं है, किसान किसी भी तरह की भ्रामक बातों पर ध्यान न दें। उन्होंने किसानों से ऊर्जा क्षेत्र में भी आगे आने की अपील करते हुए कहा कि किसान सोलर पैनल और बायोगैस के माध्यम से बिजली उत्पादन कर अतिरिक्त आय प्राप्त कर सकते हैं। कार्यक्रम के दौरान मंत्री ने कृषि स्टालों का अवलोकन किया और किसानों के नवाचारों की सराहना की। मेले में बड़ी संख्या में किसान, कृषि वैज्ञानिक और अधिकारी मौजूद रहे।

## ओबीसी महासभा ने जातिगत जनगणना को लेकर एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता।** ओबीसी महासभा के जिलाध्यक्ष रामनरेश कुशवाहा के नेतृत्व में शुक्रवार दोपहर 12 बजे राष्ट्रपति और राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन उपजिलाधिकारी को सौंपा गया। संगठन ने ओबीसी वर्ग की जातिगत जनगणना कराने, क्रीमीलेयर व्यवस्था में बदलाव पर रोक लगाने और आरक्षण व्यवस्था को मजबूत करने की मांग उठाई।ज्ञापन में कहा गया कि केंद्र सरकार संविधान के प्रावधानों के तहत ओबीसी की जातिगत जनगणना कराए और मंडल आयोग की सिफारिशों को पूरी तरह लागू करे। साथ ही ओबीसी आरक्षण में क्रीमीलेयर की शर्तों को समाप्त करने, बैकलॉग पदों को भरने और सरकारी विभागों में निजीकरण रोकने की भी मांग की गई।इसके अलावा स्वामीनाथन आयोग की रिपोर्ट लागू करने, बेरोजगार युवाओं के लिए रोजगार गारंटी बिल लाने, अग्निवीर योजना समाप्त करने तथा ईवीएम की जगह बैलेट पेपर से चुनाव कराने की मांग भी शामिल है। संगठन ने चेतावनी दी कि मांगें पूरी न होने पर देशव्यापी आंदोलन किया जाएगा।

## अलविदा नवाज को लेकर डीएम अलर्ट जामा मस्जिद का किया निरीक्षण

**पीलीभीत कैनविज टाइम्स संवाददाता।** जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक पीलीभीत ने शहर में स्थित जामा मस्जिद पहुंचकर सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण किया गया। इस दौरान ड्रोन के माध्यम से मस्जिद एवं उसके आसपास के क्षेत्रों में कड़ी निगरानी रखी गई। संबंधित अधिकारियों को पुलिस बल के साथ निरंतर भ्रमणशील रहते हुए क्षेत्र में शांति, कानून व्यवस्था एवं सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ बनाए रखने के निर्देश दिए गए है।

## मस्जिदों में अदा की गई अलविदा की नमाज

**पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता।** रमजान शरीफ का आखिरी जुमा जुमातुल अलविदा को सभी मस्जिदों में अलविदा का ख़ुत्बा पढ़ा गया और नमाजे जुमा अदा कराई गई अलविदा की कोई खास नमाज नहीं होती रमजान शरीफ के आखिरी जुमा को जुमातुल अलविदा कहा जाता है लोगो ने भारी मन से अजमत रहमत बरकत वाले महीने को विदा किया । जुमातुल अलविदा के मौके पर तकरीरों में कहा गया कि बरकत बाला महीना हम से रुखसत हो रहा है इस मुबारक महीने में एक नेकी के बदले हमे सत्तर नेकियों का शबाब मिल रहा था इस महीने में तौबा का दरवाजा खुला था।हमें अपने गुनाहों से तौबा करनी चाहिए इस मौके पर गरीब नवाज मस्जिद में हाफिज नाजिम रजा मस्जिद गुलजार ए फरीद में हाफिज कमर महबूब ने रजवी मस्जिद में हाफिज उस्मान नूरी ने खानकाह रजविया में हाफिज उस्मान ने शाहजी मस्जिद में हाफिज अब्दुल हसीब ने सिद्दीकी अकबर मस्जिद में मौलाना जावेद बरकाती ने साबरी मस्जिद में हाफिज जाकिर नूरी ने इत्यादि ने नमाज अदा कराई।इस मौके पर सभी मस्जिदों में परेशान हाल लोगो के लिए और मुल्क हिंदुस्तान में अमन चैन खुशहाली तरक्की के लिए दुआ की गई।इस मौके पर पैगाम ए अमन काउंसिल के सदर तौफीक अहमद क़ादरी ने सभी से गुजारिश की है।

## अमेठी टीचर्स प्रीमियर लीग मैच में भादर ने शाहगढ़ को पांच विकेट से किया पराजित

कैनविज टाइम्स संवाददाता



अमेठी । सम्राट साइकिल ग्राउंड कौहार में आयोजित अमेठी टीचर्स प्रीमियर लीग मैच में खेले गए मुकाबले काफी रोमांचक रहे।आखिरी लीग मैच में भादर की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुये शाहगढ़ को पांच विकेट से हराया जबकि सुपर सिक्स चरण के मुकाबलों में तिलोई, जगदीशपुर और जामों की टीमों ने जीत दर्ज की। शाहगढ़ की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुये दस ओवर में आठ विकेट के नुकसान पर छियानबे रन बनाये। लक्ष्य का पीछा करते हुये भादर की टीम ने राणा समीर सिंह की अठारह गेंदों में पैंतालिस रनों की विस्फोटक पारी की बदौलत नौ ओवर दो गेंदों में पांच विकेट पर सत्तानबे रन बनाकर मैच जीत लिया। राणा समीर सिंह को मैन ऑफ द मैच चुना गया।सुपर सिक्स के पहले मुकाबले में तिलोई ने संग्रामपुर को सात विकेट से पराजित किया। संग्रामपुर ने बारह ओवर में नब्बे रन बनाये जिसके जवाब में उतरी तिलोई की टीम ने सात ओवर चार गेंदों में ही लक्ष्य हासिल कर लिया। अभिजीत ने बयालीस रन की शानदार पारी खेली और मैन ऑफ द मैच बने।दूसरे सुपर सिक्स मुकाबले में जगदीशपुर ने भेटुआ को पांच विकेट से हराया। भेटुआ ने पहले बल्लेबाजी करते हुये बारह ओवर में एक सौ नौ रन बनाये। जवाब में चन्दन शुक्ला के ऑलराउंड प्रदर्शन (पचास रन व तीन विकेट) की बदौलत जगदीशपुर ने ग्यारह ओवर दो गेंदों में लक्ष्य हासिल कर लिया।तीसरे सुपर सिक्स मुकाबले में जामों ने मुसाफिरखाना को हराया। जामों ने पहले बल्लेबाजी करते हुये एक सौ अड़तीस रन का विशाल स्कोर खड़ा किया लक्ष्य का पीछा करते हुये अवनीश के अड़तालिस रन के बावजूद मुसाफिरखाना की टीम जीत हासिल नहीं कर सकी।

# जुमे की नमाज में अमन चैन की मांगी गई दुआऐं

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सुल्तानपुर। वृहस्पतिवार को शबे कद्र की रात थी जो साल भर की रातों में सबसे महत्वपूर्ण रात थी उस रात में मांगी गयी दुआएं जरुर पूरी होती हैं। इसी रात में कुरान मजीद भेजा गया था शबे कद्र की रात भर शिया जामा मस्जिद अमहट में नमाज अदा की गयी कुरान मजीद की तेलावत कर के अपने लिए परिवार के सेहत व सलामती की दुआएं की गयी। शुक्रवार को शिया जामा मस्जिद अमहट में मौलाना मोहम्मद जाफर खान ने जुमा की नमाज पढ़ाई उन्होंने जुमे के खुतबे में कहा कि मौला अली ने कहा कि अगर भूख की वजह से कोई चोरी करता है तो चोर के हाथ नहीं बल्कि बादशाह के काटे जाने चाहिए क्योंकि कि उसने अपनी जनता का ख्याल नहीं किया अली ने कहा तलवार हमेशा जालिम पर उठाई जाय मजलूम पर नहीं जिस देश की जनता खुशहाल होगी वह देश विकास करेगा ।अगर दुनिया अली के बतायें रास्ते पर अमल करें तो उसको शासन करने में कोई परेशानी नहीं होगी। इसके बाद अपने देशऔर दुनिया में अमन शांति के लिए दुआएं की गई।

# गैस सिलेंडर की किल्लत से मासूम नौनिहालों के निवाले पर मंडरा रहे काली छाया के बादल

कैनविज टाइम्स संवाददाता

अमेठी । जनपद में एलपीजी गैस सिलेंडर की किल्लत को लेकर परिषदीय विद्यालयों में संचालित एमडीएम योजना पर काली छाया के बादल मंडरा रहे हैं। परिषदीय विद्यालयों के प्रधानाध्यापक गैस सिलेंडर के लिये दर दर भटक रहे हैं लेकिन गैस मिल पाना कड़ी चुनौती है। इस मामले को गम्भीरता से लेते हुये बीएसए ने जिला पूर्ति अधिकारी को पत्र भेजकर स्कूलों में नियमित रुप से गैस सिलेंडर आपूर्ति कराये जाने की सिफारिश की है।जनपद के तेरह विकास क्षेत्रों में संचालित प्राथमिक पूर्व माध्यमिक एवं कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालयों में लाखों की संख्या में बच्चे नामांकित हैं। इन बच्चों को मध्यान्ह भोजन योजना के तहत दोपहर में विटामिन व कैलोरी युक्त पका पकाया भोजन परोसा जाता है लेकिन बीते कई दिनों से एलपीजी गैस सिलेंडर की किल्लत बनी हुई है।जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संजय तिवारी ने जिला पूर्ति अधिकारी को भेजे गये पत्र में लिखा है कि पीएम पोषण योजना (एमडीएम) माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा प्रदत्त निर्देश के कम में संचालित प्रदेश सरकार के साथ-साथ केन्द्र सरकार की भी अतिमहत्वाकांक्षी योजनाओं में से एक है। जिसके अन्तर्गत प्रत्येक दिवस विद्यालयों में अध्ययनरत बच्चों को निर्धारित मेन्यू के अनुरूप पका पकाया गर्म भोजन उपलब्ध कराया जाता है। बीएसए संजय तिवारी ने बताया कि खण्ड शिक्षा अधिकारियों तथा जिला समन्वयकों द्वारा विद्यालयों के निरीक्षण के दौरान सम्बन्धित विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों द्वारा यह संज्ञान में लाया जा रहा कि कतिपय विद्यालयों में सम्बन्धित गैस एजेन्सी द्वारा एलपीजी सिलेण्डर की आपूर्ति नियमित रूप से न करते हुये सिलेण्डर देने से मना कर दिया जा रहा है जिस कारण पीएम पोषण योजना (एमडीएम) के साथ ही साथ कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालयों में अध्ययनरत छात्राओं को चाय नाश्ता तथा भोजन आदि के वितरण में बाधा उत्पन्न हो रही है।बीएसए संजय तिवारी ने जिला पूर्ति अधिकारी को भेजे गये पत्र में लिखा है कि इस योजना की संवेदनशीलता एवं महत्ता के दृष्टिगत आपसे अनुरोध है कि पीएम पोषण योजना (एमडीएम) से आच्छादित विद्यालयों तथा कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालयों से सम्बन्धित गैस एजेन्सियों को अपने स्तर से निर्देशित करने का कष्ट करें जिससे कि एमडीएम योजनान्तर्गत विद्यालयों एवं कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालयों में भोजन पकाने हेतु एलपीजी सिलेण्डर की आपूर्ति प्राथमिकता के आधार पर नियमित रूप से कराते रहें जिससे उक्त योजना का सुचारू संचालन होता रहे। अब देखना यह है कि बीएसए के द्वारा भेजे गये पत्र पर आपूर्ति महकमा कितनी गम्भीरता दिखाता है यह भविष्य के गर्भ में छिपा हुआ है।

# गौरैया आओ मेरे देश में नामक संगोश्ठी आयोजित

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सुलतानपुर। गौरैया आओ मेरे देश में कटका क्लब सामाजिक संस्था के द्वारा कटका बाजार में संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व बृजेन्द्र मिश्र ने किया। इस मौके पर शिक्षा प्रकोष्ठ अध्यक्ष शीतला प्रसाद पांडेय ने बताया कि ग्रामीण और शहरी इलाकों में बाग-बगीचे खत्म हो रहे हैं। इसका सीधा असर इन पर दिख रहा है। गांवों में अब पक्के मकान बनाए जा रहे हैं। इसका कारण है कि मकानों में गौरैया को अपना घोंसला बनाने के लिए सुरक्षित जगह नहीं मिल रही है। वहीं वक्ता के रूप में लालजी तिवारी ने बताया कि कच्चे मकान गौरैया के लिए प्राकृतिक वातावरण और तापमान के लिहाज से अनुकूल वातावरण उपलब्ध कराते थे। आधुनिक मकानों में यह सुविधा अब उपलब्ध नहीं होती है। इस मौके पर संस्था अध्यक्ष डॉ सौरभ मिश्र विनम्र ने बताया कि गौरैया के संरक्षण के लिए सरकारों की तरफ से कोई खास दिलचस्पी नहीं दिखती है। हालांकि, यूपी में 20 मार्च को गौरैया संरक्षण दिवस के रूप में रखा गया है। संस्था सभी से आग्रह करती है सभी पक्षियों के लिए जलपत्र, घोंसले और दान पानी कि व्यवस्था करें।के कार्यक्रम का संचालन मोनू यादव ने किया। संगोष्ठी के दौरान चंद्र प्रकाश उपाध्याय, धर्मेंद्र शर्मा, अवधेश शर्मा, राम लाल पाल, हरिचंद्र निषाद, कमलेश तिवारी, अर्जुन पाल, राम तेज मिश्र, अवधेश तिवारी आदि लोग उपस्थित रहे।

# चौड़ा होगा खिझना मार्ग साकेंद्र ने किया शिलान्यास, भूमि पूजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



निंदूरा बाराबंकी।विकास खंड क्षेत्रवासियों के लिए शुक्रवार का दिन खुशखबरी लेकर आया। खिझना बजगहनी मार्ग के चौड़ीकरण एवं निर्माण कार्य का भूमि पूजन व शिलान्यास कर विधायक साकेंद्र प्रताप वर्मा ने परियोजना का शुभारंभ किया। विधि-विधान के साथ नारियल फोड़कर कार्य की शुरुआत की गई। इस अवसर पर मौजूद लोगों ने विधायक का स्वागत करते हुए उनके प्रयासों की सराहना की। विधायक साकेंद्र प्रताप वर्मा ने कहा कि सड़कें विकास की रीढ़ होती हैं। इस मार्ग के चौड़ीकरण से ग्रामीणों को आवागमन में बड़ी सुविधा मिलेगी, व्यापार को बढ़ावा मिलेगा और क्षेत्र के विकास को नई गति मिलेगी। सड़क बनने से लोगों को सुगम यातायात की सुविधा मिलेगी। 37 करोड़ 58 लाख रुपये की लागत से बनेगी सड़क - खिझना बजगहनी मार्ग का चौड़ीकरण निर्माण करीब 14 किलोमीटर लंबाई और साढ़े पांच मीटर चौड़ाई में कराया जाएगा। इस परियोजना पर लगभग 37 करोड़ 58 लाख रुपये खर्च किए जाएंगे। सड़क निर्माण के साथ कस्बों में जल निकासी की व्यवस्था के लिए दोनों ओर नालों और फुटपाथ का भी निर्माण कराया जाएगा। पेड़ काटे जाएंगे, बिजली के पोल होंगे शिफ्ट - सड़क चौड़ीकरण के लिए मार्ग के दोनों किनारों पर लगे पेड़ों को काटा जाएगा, वहीं बिजली के पोलों को हटाकर अन्य स्थान पर स्थापित किया जाएगा। कई गांवों के साथ सीतापुर सीमा तक आवागमन होगा आसान- इस सड़क के चौड़ीकरण से बड़ागांव, भैरमपुर, बछरौली, सालेपुर, ममरखापुर, रमपुरवा, मल्लावां, खिझना, समनापुर हक्काबाद, ऊधापुर, सैंदर, सोहीपुर, दीनपनाह, भदेसिया और भदरास सहित आसपास के कई गांवों के लोगों को लाभ मिलेगा। साथ ही इस मार्ग से सीतापुर जनपद के सिधौली क्षेत्र तक आने-जाने वालों के लिए आवागमन और अधिक सुगम हो जाएगा।

# जीवन में प्रेम और मधुरता के रंग भर रहा महिला मंडल

कैनविज टाइम्स संवाददाता

## होली मिलन का भव्य आयोजन



बाराबंकी। आवास विकास कालोनी महिला मंडल, होली मिलन समारोह एवं अन्य समारोह आयोजन के जरिए आपसी सहयोग आत्मविश्वास और सामाजिक एकता को बढ़ावा एवं मजबूती प्रदान करने का आदर्श प्रस्तुत करता दिखाई दे रहा है। होली मिलन समारोह की श्रंखला में आज का आयोजन वाकई भव्य रहा! श्रीमती धारा सिंह के आवास पर महिलाओं ने एक दूसरे के साथ मिलकर होली का त्योहार मनाया और अपने विचार साझा किए। इस अवसर पर महिलाओं ने होली गीत गाए, एक दूसरे को अबीर-गुलाल लगाया और साथ में भोजन किया।यह आयोजन न केवल होली का त्योहार मनाने का एक अच्छा अवसर था, बल्कि महिलाओं के बीच आपसी सहयोग, आत्मविश्वास और सामाजिक एकता को बढ़ावा देने का भी एक अच्छा माध्यम था। आयोजन की अगुवाई कर रही श्रीमती बसंत रीता व सुनीता श्रीवास्तव ने भक्ति मय गीतों के जरिए फाग उत्सव में चार चांद लगा दिए। श्रीमती धारा सिंह और उनकी टीम को इस आयोजन के लिए मंडल सदस्यों एवं कालोनी वासियों द्वारा श्रीमती सिंह और उनकी टीम को होली मिलन समारोह के भव्य आयोजन के लिए हार्दिक बधाई दी। श्रीमती प्रीति पांडेय व श्रीमती ममता गुप्ता ने संयुक्त वक्तव्य में कहा कि महिलाओं के बीच आपसी सहयोग, आत्मविश्वास और सामाजिक एकता को बढ़ावा मिला है। श्रीमती रेखाबीपीदास ने कहा कि आगे भी ऐसे ही आयोजन होते रहेंगे जिससे समाज में सकारात्मक परिवर्तन आए।

इस अवसर पर श्री मती अनुपम श्रीमती बसंत रीता श्रीमती सुनीता श्रीवास्तव श्रीमती पुष्पा रस्तोगी ममता गुप्ता श्रीमती प्रीति पांडेय आदि प्रमुख रूप से आयोजन में सम्मिलित हुई। श्रीमती दारा सिंह ने अतिथियों के प्रति आभार जताया।

## किशोरी लापता, तहरीर

**रामनगर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता।** थाना क्षेत्र के ग्राम लोहटी जई से 17 वर्षीय किशोरी के लापता होने का मामला सामने आया है।पीड़ित पिता ने गांव के ही दो युवकों पर अपनी पुत्री को बहला फुसलाकर भगा ले जाने का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर दी है।पिता के अनुसार 12 मार्च की रात सभी लोग सो गए थे और 13 मार्च की सुबह बेटी घर में नहीं मिली।काफी तलाश के बाद भी उसका पता नहीं चल सका।आरोप है कि गांव के ही दो लड़के उसे अपने साथ बहला ले गए हैं।पिता ने बताया कि किशोरी अपने साथ मंगलसूत्र झुमकी पायजेब और पांच हजार रुपये भी ले गई है।पीड़ित ने अनहोनी की आशंका जताते हुए पुलिस से कार्रवाई की मांग की है।

## ओवर ब्रिज निर्माण कार्य स्थगित

**रामनगर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता।** क्षेत्र की चौकाघाट क्रासिंग पर ओवरब्रिज का निर्माण कार्य फिलहाल रोक दिया गया है।राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर हाईवे से करीब 30 मीटर दूरी पर सीमा चिन्हित करते हुए पत्थर लगाकर फिलिंग कार्य बंद करा दिया।एनएचएआई के अनुसार इस स्थान से प्रस्तावित फोरलेन सड़क गुजरनी है इसलिए सेतु निगम को उनकी जमीन की सीमा से हटकर निर्माण करना होगा।सूचना मिलने पर निर्माण कार्य देख रही बीकेजी कंपनी के इंजीनियर मौके पर पहुंचे और सामग्री हटाने का आदेश दिया।उत्तर प्रदेश राज्य सेतु निगम के प्रोजेक्ट मैनेजर ने बताया कि मामले की जानकारी उच्च अधिकारियों को दी गई है और एनएचएआई के साथ बैठक कर समाधान निकाला जाएगा।फिलहाल सात पियर बन चुके हैं और विभागीय निर्देश मिलने के बाद ही हाइवे पर निर्माण कार्य शुरू होगा।

## खिलाड़ी बालिकाओं का डीएम ने किया उत्साहवर्धन

**निंदूरा बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता।** जिलाधिकारी द्वारा राज्य स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने वाले खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया। खंड शिक्षा अधिकारी निंदूरा सुषमा सेंगर के कुशल नेतृत्व में फुटबॉल, हैंडबॉल, कुश्ती एवं कुराश प्रतियोगिता में भाग लेने वाली छात्राओं साक्षी, दामिनी, सेजल, मानसी, अंचल गुप्ता, काजल, संगम, चांदनी, खुशी, हिमांशी, प्राची और सिंधिका की सराहना की गई। इन छात्राओं ने अयोध्या मंडल का प्रतिनिधित्व करते हुए कुश्ती बालिका वर्ग में द्वितीय स्थान तथा फुटबॉल बालिका वर्ग में तृतीय स्थान प्राप्त कर जनपद का नाम रोशन किया। इस अवसर पर खिलाड़ियों के कुशल प्रशिक्षण के लिए कोच श्रीमती नीतू चतुर्वेदी, सहायक अध्यापक, उच्च प्राथमिक विद्यालय कतुरी कला तथा श्रीमती सुनीता यादव, प्रधानाध्यापिका, प्राथमिक विद्यालय तरावां को भी जिलाधिकारी द्वारा उनके सराहनीय योगदान के लिए सम्मानित किया गया।

## ट्रैक्टर ट्राली में भिड़े बाइक सवार दो युवक जख्मी,एक गंभीर

**फतेहपुर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता।** शादी समारोह से वापस घर लौट रहे बाइक सवार युवक ग्राम दोहई के पास स्थित कोल्ड स्टोरेज के निकट ट्रैक्टर-ट्रॉली के पीछे से आकर टकरा गए। घायलों की पहचान सीतापुर के बन्नी निवासी सोनू (20) पुत्र रमेश और सुनील (16) पुत्र राजेश बाइ के रूप में हुई है। सोनू की गंभीर हालत को देखते हुए उसे बेहतर इलाज हेतु जिलास्पताल रेफर कर दिया, जबकि सुनील को प्राथमिक उपचार बाद छुट्टी दे दी गई।

## श्याम भजन संध्या, रात भर झूमे श्रोता श्रद्धा

**फतेहपुर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता।** मोहल्ला पचघरा स्थित ओम शिवालय रक्षा बंधन मेला मैदान में श्याम भजन संध्या का आयोजन देर रात तक चला इसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने शामिल होकर बाबा श्याम के भजनों पर झूमते हुए भक्ति का आनंद लिया। भजन संध्या का शुभारंभ विधि-विधान से पूजन और आरती से हुआ।इसके बाद भजन गायकों ने एक से बढ़कर एक श्याम भजन प्रस्तुत किए, जिससे श्रद्धालु मंत्रमुग्ध हो गए।''हारे का सहारा बाबा श्याम हमारा'' जैसे लोकप्रिय भजनों पर भक्त देर रात तक झूमते और नाचते रहे भजन संध्या के दौरान श्रद्धालुओं नेबाबा श्याम के जयकारों से पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया। आयोजन में राजीव नयन तिवारी, रामू तिवारी, गंगा प्रसाद तिवारी, मोहित सहित अन्य सहयोगियों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।आयोजकों ने बताया ऐसे धार्मिक आयोजन समाज में आपसी भाईचारा और आध्यात्मिक वातावरण को बढ़ावा देते हैं।

## अलविदा जुमा की नमाज को लेकर काफी सतर्क रहा पुलिस प्रशासन

**अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता।** जनपद में विभिन्न त्यौहारों व अलविदा जुमा की नामज को लेकर पुलिस प्रशासन काफी सतर्क रहा। पुलिस प्रशासन द्वारा पैदल गश्त एवं ड्रोन कैमरों के माध्यम से निगरानी की जा रही है।आला अधिकारियों द्वारा आमजनमानस से वार्ता कर त्यौहार को मिलजुलकर सौहार्दपूर्वक मनाने व अफवाहों पर ध्यान न देने की अपील की गई।पुलिस अधीक्षक सरवणन टी. के निर्देशन में, अपर पुलिस अधीक्षक ज्ञानेन्द्र कुमार सिंह के पर्यवेक्षण में व समस्त क्षेत्राधिकारी के नेतृत्व में आगामी त्यौहार, जुमा की नमाज आदि के दृष्टिगत शांति सुरक्षा व कानून व्यवस्था बनाये रखने हेतु जनपद के थानों द्वारा अपने अपने थाना क्षेत्र में पुलिस बल के साथ पैदल गश्त किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त मिश्रित आबादी वाले संवेदनशील क्षेत्रों में ड्रोन कैमरों की सहायता से सतत निगरानी की जा रही है। पुलिस अधीक्षक सरवणन टी द्वारा आमजन से शांति एवं सौहार्द बनाये रखने तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को देने, त्यौहार को आपस में मिलजुलकर सौहार्दपूर्वक मनाने, अफवाहों पर ध्यान न देने, अफवाहों को फैलने व फैलाने से रोकने, सोशल मीडिया पर भ्रामक खबर प्राप्त होने पर बिना पुष्टि के प्रसारित न करने की अपील की गई जिससे त्यौहारों को सुरक्षित एवं शांतिपूर्ण वातावरण में सम्पन्न कराया जा सके।

# श्रीमदभागवत कथा सुनने मात्र से मोक्ष की प्राप्ति होती है: आचार्य मोहन शास्त्री महाराज



कैनविज टाइम्स संवाददाता

बल्दीराय-सुलतानपुर। तहसील क्षेत्र के सुखबडेरी गांव में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के चौथे दिन कथा वाचक आचार्य मोहन शास्त्री जी महाराज ने मौजूद श्रोताओं को श्री कृष्ण जन्म की कथा सुनाते हुए बताया कि श्रीमद्भागवत कथा सुनने से मायारूपी जीवन अंत समय में मोक्ष को प्राप्ति होती है। कथा में बताया कि देवकी की आठवीं संतान के रुप में जब भगवान श्री कृष्ण का जन्म हुआ तब वासुदेव व देवकी की बेड़ियां खुल गई और सारे द्वारपाल गहरी निंद्रा में सो गये उसी समय वासुदेव श्रीकृष्ण को लेकर मथुरा पहुंचे व नंदबाबा के यहां श्री कृष्ण को छोड़ नंद के यहां पैदा हुई पुत्री को वापस लेकर फिर बंदीगृह पहुंच गये । वहीं जब आठवीं संतान पैदा होने की सूचना कंस को मिली तो कंस ने पहुंचकर आठवीं संतान कन्या देखकर मारना चाहा तो फिसल कर उड़ गई। जो की विंध्याचल पर्वत पर विराजमान हैं। जिसे आज विन्ध्वासिनी के नाम से जाना जाता है।कथा के समय भक्ति मय भजनों से पूरा प्रांगण झूम उठा। श्री कृष्ण भगवान की झांकी निकाली गई। इसी के साथ उक्त दिन की कथा का समापन किया तत्पश्चात मुख्य यजमान राज किशोर शुक्ला व क्रांती शुक्ला ने व्यासपीठ की आरती उतारी व प्रसाद वितरण कराया तथा आये हुए श्रोताओं का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर दिनेश शुक्ला, पवन दूबे एडवोकेट राम बहादुर सिंह, राजकरन शुक्ला, सुधाकर शुक्ला, उमेश सिंह, अमित पांडेय, राम मूर्ति चौरसिया, क्षितिज शुक्ला, दीलीप पांडेय, गोलू पांडेय, आशाराम पांडेय आदि लोग मौजूद थे।

# दिनेश का हुआ औषधि विश्लेषक के पद पर चयन



कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुल्तानपुर। उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग की भर्ती परीक्षा में औषधि विश्लेषक के पद पर हुआ दिनेश यादव का चयन। दिनेश यादव सुल्तानपुर जिले के दूबेपुर स्थित भांई बगइचवा गांव के निवासी हैं जिनके पिता राम अचल यादव हैं। दिनेश यादव के चयनित होने पर क्षेत्र में खुशी का माहौल हैं। वही जिले के छात्र राजनीति से उभर कर आए समाजवादी पार्टी के नेता राष्ट्रीय सचिव छात्र सभा जिला पंचायत प्रत्याशी राजेश यादव ने उनके घर (भांई , बगइचवा) पहुंचकर दिनेश यादव को मिठाई खिलाकर एंव माला पहनकर बधाई और शुभकामनाएं दी। इस खुशी के मौके पर दिनेश यादव के बड़े पिता दयाराम यादव नेता, जंग बहादुर यादव, एड् भानु प्रताप, एड् कुलदीप जनवादी, विकास यादव, अनिल यादव, सौरभ यादव, अंकित यादव, पत्रकार प्रदीप यादव, विनोद यादव सहित तमाम लोगों ने दिनेश के चयनित होने पर खुशी जाहिर की और बधाई एंव शुभकामनाएं दी।

## एटीएम कार्ड बदलकर ठगी, पीड़ित ने पुलिस से की शिकायत

कूरेभार/सुल्तानपुर। जनपद के गोसाईंगंज थाना क्षेत्र में एटीएम कार्ड बदलकर ठगी करने का मामला सामने आया है। पीड़ित ने पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर अज्ञात लोगों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। मिली जानकारी के अनुसार गोसाईंगंज थाना क्षेत्र के ग्राम गरियावां निवासी सुरेन्द्र सिंह ने पुलिस को दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि वह किसी आवश्यक कार्य से एटीएम से पैसे निकालने के लिए गए थे। इसी दौरान वहां पहले से मौजूद दो अज्ञात व्यक्तियों ने मदद के बहाने उनका एटीएम कार्ड बदल लिया। पीड़ित का आरोप है कि आरोपियों ने एटीएम कार्ड बदलकर उनके खाते से करीब 21,500 रुपये निकाल लिए। कुछ समय बाद जब उन्हें इस बात की जानकारी हुई तो उन्होंने तत्काल इसकी शिकायत संबंधित थाने में करते हुए कार्रवाई की मांग की। पीड़ित ने अपने प्रार्थना पत्र में अज्ञात आरोपियों के खिलाफ प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कर कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है और घटना से संबंधित तथ्यों की पड़ताल की जा रही है।

## संदिग्ध परिस्थितियों में महिला की मौत गले पर निशान मिलने से बढ़ा रहस्य

सुलतानपुर । लम्भुआ क्षेत्र के चांदा कोतवाली अंतर्गत शुकुल उमरी गांव में एक महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत का मामला सामने आया हैं घटना के बाद गांव में हड़कंप मच गया और मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार मृतका की पहचान कपिला धुरिया के रूप में हुई हैं बताया जा रहा है कि महिला की मौत छत से नीचे गिरने के कारण हुई हैं हालांकि मृतका के गले पर दिखाई दे रहे निशानों को लेकर गांव में कई तरह की चर्चाएं भी हो रही हैं जानकारी के मुताबिक मृतका के पति का नाम रामबली हैं परिवार में उनके तीन बेटे हैं आदित्य, प्रियांशु और दीपांशु, जिनमें से एक बेटा दिव्यांग बताया जा रहा हैं मृतका का मायका राजा पट्टी लोटिया गांव में बताया जा रहा हैं घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी पुलिस द्वारा शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजे जाने की तैयारी की जा रही हैं फिलहाल महिला की मौत दुर्घटना आत्महत्या या किसी अन्य कारण से हुई हैं इसका स्पष्ट खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही हो सकेगा पुलिस पूरे मामले की गंभीरता से जांच कर रही हैं।

# मुरली नहर के पास कार-बाइक में जोरदार टक्कर बाइक सवार गंभीर घायल

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सुलतानपुर । लम्भुआ कोतवाली क्षेत्र के मुरली नहर के पास शुक्रवार को कार और मोटरसाइकिल के बीच जोरदार टक्कर हो गई हादसे में मोटरसाइकिल सवार गंभीर रूप से घायल हो गया जबकि कार में सवार तीन लोग सुरक्षित बताए जा रहे हैं प्राप्त जानकारी के अनुसार गौरव सिंह (40 वर्ष) पुत्र बेरियम सिंह, निवासी नहर अलीपुर, जिला बिजनौर, लाल रंग की पल्सर मोटरसाइकिल से वाराणसी की तरफ से लखनऊ की ओर जा रहे थे उसी दौरान पीछे से आ रही अर्टिगा कार से उनकी जोरदार टक्कर हो गई कार में तीन लोग सवार थे जो बनारस से अयोध्या की ओर जा रहे थे हादसे की सूचना मिलते ही डायल-112 पुलिस मौके पर पहुंची और एंबुलेंस की मदद से घायल बाइक सवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लम्भुआ एंबुलेंस की मदद से पहुंचाया गया बताया जाता हैं कि अस्पताल पहुंचने पर तत्काल डॉक्टर उपलब्ध नहीं थे जिससे घायल को उपचार दिलाने में काफी मशक्कत करनी पड़ी कुछ देर बाद डॉक्टर के आने पर प्राथमिक उपचार के बाद घायल को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया स्थानीय लोगों का आरोप हैं कि लम्भुआ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में अक्सर इमरजेंसी के समय डॉक्टर नहीं मिलते और अस्पताल वार्ड बॉय व दाई के भरोसे चलता हैं जिससे मरीजों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता।

# जिले में अकीदत अहतराम से अदा हुई अलविदा की नमाज

कैनविज टाइम्स संवाददाता

जैदपुर / सिरौली गौसपुर बाराबंकी। रमजान शरीफ के आखिरी जुमे यानी जुम्मातुल जुमा के मौके पर शुक्रवार जैदपुर क्षेत्र के अनेक मस्जिदों में अकीदत और एहतेराम के साथ नमाजे अलविदा जुमा अदा की गई । कस्बा से लेकर गांव तक बड़ी संख्या में नमाजी मस्जिदों में अलविदा की नमाज अदा करने पहुंचे । इसमें बड़े मीरा शाह मस्जिद में नई ईदगाह के इमाम कारी अजीजुद्दीन व मोहल्ला पचदरी स्थित मस्जिद मोहम्मदिया में हाफिज जुबेर ने नमाज अदा कराई। इस दौरान बच्चों बड़ों व बुजुर्गों की मस्जिदों में भारी भीड़ दिखाई दी। नमाज के पश्चात इमामो ने रमजान की बरकतों और इंसानियत भाईचारा तथा आपसी सद्भावना प्रेम बनाए रखने को कहा गया। इस दौरान जैदपुर पुलिस प्रशासन द्वारा सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे।''सिरौलीगौसपुर''शुक्रवार को रमजान के आखिरी जुंमे की नमाज के अवसर पर बदोसरांय, मरकामऊ, किंन्तूर, मेलारायगंज और सैदनपुर रामपुर सहित विभिन्न क्षेत्रों में सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए थे। सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेने के लिए नायब तहसीलदार अन्नू सिंह ने सिरौली गौसपुर तहसील क्षेत्र की मस्जिदों का निरीक्षण किया। उनके साथ कोतवाली टिकैतनगर के प्रभारी मनोज कुमार भी मौजूद थे।कोतवाली बदोसरांय के कोतवाल अजीत कुमार विद्यार्थी ने बदोसरांय, किंन्तूर और मरकामऊ सहित अन्य मस्जिदों का दौरा किया और सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण किया। सफदरगंज थाना क्षेत्र में कोतवाल अमर कुमार चौरसिया ने सैदनपुर और रामपुर सहित विभिन्न गांवों में मस्जिदों के पास पुलिसकर्मियों को तैनात किया और स्वयं क्षेत्र का भ्रमण करते रहे।शुक्रवार को रमजान के 23वें रोजे के अवसर पर हजारों मुस्लिम समुदाय के लोगों ने मस्जिदों में पहुंचकर अल्लाह की इबादत की। इस दौरान अमन-चैन और भाईचारे की दुआएं मांगी गईं। बड़ी संख्या में नमाजियों ने अलविदा की नमाज़ अदा हुई।

# अलविदा जुमा पर निकला कदीमी जुलूस-ए-मद्हे सहाबा,शहर में गूंजे नातिया कलाम

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सुलतानपुर। माह-ए-रमज़ान के आखिरी अलविदा जुमा के मौके पर शहर में कदीमी जुलूस-ए-मद्हे सहाबा पूरे अकीदत और एहतराम के साथ निकाला गया।जुलूस में बड़ी संख्या में अकीदतमंद शामिल हुए और सहाबा-ए-किराम की शान में नातिया कलाम पेश किए गए।जुलूस की शुरुआत किराना मंडी स्थित बीबीया मस्जिद से हुई। यहां से जुलूस जीएन रोड स्थित आगरा मिष्ठान भंडार तक पहुंचा और आगे बढ़ते हुए चौक घंटाघर व जामा मस्जिद मार्ग से गुजरता हुआ चित्रा स्टूडियो पर जाकर सम्पन्न हुआ। जुलूस के दौरान पूरे रास्ते धार्मिक उत्साह का माहौल बना रहा।जुलूस की कयादत समाजवादी पार्टी के शहर विधानसभा अध्यक्ष व इसौली विधानसभा क्षेत्र के प्रबल दावेदार गुफरान अहमद उर्फ सैफी ने उलेमा के साथ की।जुलूस में शामिल लोगों ने सहाबा-ए-किराम की शान में नारे बुलंद करते हुए अमन और भाईचारे का पैगाम दिया।इस मौके पर मौलाना उस्मान साहब, मौलाना कसीम साहब, मौलाना मोहतरुत्सलाम साहब सहित बड़ी संख्या में अकीदतमंद मौजूद रहे।

## आईपीएल 2026: नई टीम के साथ कुछ नया बनाने की कोशिश करेंगे: ऋषभ पंत

एजेंसी



नई दिल्ली। ऋषभ पंत की कप्तानी वाली लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 की तैयारी शुरू कर दी है। टीम के नए खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कप्तान पंत ने कहा कि सभी को एक-दूसरे से सीखते हुए इस सीजन के लिए कुछ नया बनाने की कोशिश करनी चाहिए।

एलएसजी की ओर से साझा किए गए एक वीडियो में पंत ने नए खिलाड़ियों का स्वागत करते हुए कहा कि टीम में पिछले साल के कई खिलाड़ी मौजूद हैं, जबकि कुछ नए चेहरे भी जुड़े हैं। ऐसे में सभी को आपस में बेहतर तालमेल बनाकर आगे बढ़ना होगा। पंत ने कहा, हम सबको यहां मौजूद हर खिलाड़ी से जितना संभव हो उतना सीखने की कोशिश करनी चाहिए। अगर हम क्रिकेट के बारे में बातचीत नहीं करेंगे तो सुधार भी नहीं कर पाएंगे। इस सीजन के लिए हमें मिलकर कुछ बेहतर बनाने की कोशिश करनी होगी। पिछले दिसंबर में हुए मिनी ऑक्शन में लखनऊ ने कई नए खिलाड़ियों को टीम में शामिल किया। इनमें श्रीलंका के स्टार ऑलराउंडर वानिन्दु हसरंगा, दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाज एनरिक नार्ट्जे, मुकुल चौधरी, नमन तिवारी, अक्षत रघुवंशी और ऑस्ट्रेलिया के विकेटकीपर बल्लेबाज जोश इंग्लिश शामिल हैं। इसके अलावा टीम ने ट्रेड के जरिए अर्जुन तेंदुलकर और भारतीय तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी को भी अपने साथ जोड़ा है। पंत की अगुवाई में पिछले सीजन में लखनऊ का प्रदर्शन उम्मीद के मुताबिक नहीं रहा था। टीम ने लीग चरण में केवल छह मैच जीते और अंक तालिका में सातवें स्थान पर रही। हालांकि आखिरी लीग मैच में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ पंत ने नाबाद 118 रन की शानदार पारी खेली थी, लेकिन टीम को इसका फायदा नहीं मिल सका। पंत ने कहा कि किसी भी सीजन की शुरुआत में टीम का लक्ष्य जीतना होता है, लेकिन खिलाड़ियों के लिए यह भी जरूरी है कि वे अपने व्यक्तिगत और टीम के लक्ष्यों को लेकर स्पष्ट रहें। उन्होंने बताया कि अभी यह प्री-सीजन कैंप जैसा है, क्योंकि बाकी खिलाड़ी 15-16 मार्च के आसपास टीम से जुड़ेंगे। आईपीएल 2026 में लखनऊ सुपर जायंट्स अपने अभियान की शुरुआत 01 अप्रैल को पंजाब किंग्स के खिलाफ अपने घरेलू मैदान अटल बिहारी वाजपेयी इकाना स्टेडियम में करेगी। इसके बाद टीम 05 अप्रैल को हैदराबाद में सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ मुकाबला खेलेगी।

## न्यूजीलैंड क्रिकेट ने पीएसएल में कोचिंग के लिये ओरम और रोंची को छुट्टी दी

एजेंसी



वेलिंगटन। न्यूजीलैंड पुरूष टीम के सहायक कोच जैकब ओरम और ल्यूक रोंची को पाकिस्तान सुपर लीग की इस्लामाबाद युनाइटेड टीम की कोचिंग का कार्यभार संभालने के लिये न्यूजीलैंड क्रिकेट बोर्ड ने छुट्टी दे दी है। इस टीम के लिये 2017 से 2021 तक खेलने वाले रोंची मुख्य कोच होंगे जबकि ओरम उनके सहायकों में से होंगे। पीएसएल 26 मार्च से अप्रैल अंत तक चलेगा । इस दौरान ये दोनों दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ आगामी टी20 श्रृंखला और अप्रैल में बांग्लादेश दौरे के लिये उपलब्ध नहीं होंगे। न्यूजीलैंड के परफॉर्मेंस मैनेजर माइक सैंडल ने कहा ,'' ल्यूक और जैक के लिये यह कोचिंग अनुभव लेने का अच्छा मौका है । हमारे खिलाड़ियों की ही तरह कोचों की भी भारी मांग है और हमें लगता है कि इस अनुभव से उन्हें ही नहीं न्यूजीलैंड क्रिकेट को भी भविष्य में फायदा होगा। जॉर्ज ने कड़ी टक्कर दी लेकिन 70 मिनट तक चले राउंड 16 मैच में 18-21, 21-16, 16-21 से हार गए। भारत के हरिहरन अम्साकारुनन और एम आर अर्जुन की पुरुष युगल जोड़ी भी प्री क्वार्टर फाइनल में हार गई। उन्हें चीनी ताइपे के चेन चेंग कुआन और लिन बिंग-वेई ने 32 मिनट में 17-21, 11-21 से हराया। भारत के सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की स्टार पुरुष युगल जोड़ी का मुकाबला आज रात प्री क्वार्टर फाइनल मैच में जापान के हिरोकी ओकामुरा और क्योहेई यामाशिता की जोड़ी से होगा। विश्व रैंकिंग में 43वें स्थान पर काबिज मन्नेपल्ली बुधवार की रात खेले गए इस मैच में तब 16-21 21-16 7-2 से आगे चल रहे थे, जब पांचवीं वरीयता प्राप्त निशिमोटो ने कंधे में दर्द के कारण मैच से हटने का फैसला किया। पिछले साल मकाऊ ओपन के सेमीफाइनल में पहुंचने वाले 24 वर्षीय मन्नेपल्ली का अगला मुकाबला मलेशिया के जस्टिन होह से होगा। इस बीच महिला एकल में मालविका बंसोड़ थाईलैंड की विश्व में चौथे नंबर की खिलाड़ी पोर्नपावी चोचुवोंग से एकतरफा मुकाबले में 11-21, 15-21 से हार गईं। थाईलैंड की खिलाड़ी के खिलाफ यह उनकी चौथी हार है।

## संक्षिप्त समाचार

### डेफ क्रिकेट में दूसरे दिन खूब लगे चौके-छक्के नॉर्थ जोन और वेस्ट जोन ने जमाई धाक

**इंदौर।** इंडियन डेफ क्रिकेट एसोसिएशन (आईडीसीए) की 7वीं वन डे नेशनल जोनल क्रिकेट चैंपियनशिप 2026 में दूसरे दिन शुक्रवार को मैदान पर रोमांच अपने पूरे रंग में नजर आया। द एमराल्ड हाइट्स इंटरनेशनल स्कूल में खेले जा रहे इस टूर्नामेंट में खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए दर्शकों को अपना बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ी। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के सहयोग से आयोजित इस चैंपियनशिप में कैंपस के चार मैदानों पर दिनभर मुकाबले खेले गए, जहाँ खिलाड़ियों का जोश और प्रतिभा साफ झलकती रही। दूसरे दिन के मुकाबलों में नॉर्थ जोन और वेस्ट जोन की टीमों ने अपने उम्दा प्रदर्शन से सबका ध्यान खींचा। दोनों टीमों ने शानदार जीत दर्ज करते हुए टूर्नामेंट में अपनी दावेदारी और मजबूत कर ली और बढ़ चले हैं अपने हुनर का दमखम दिखाने। पहले मैच में टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने उतरी ईस्ट जोन की टीम, नॉर्थ जोन की कसी हुई गेंदबाजी के सामने ज्यादा देर टिक नहीं सकी और 36.4 ओवर में 128 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। जवाब में नॉर्थ जोन ने तेज शुरुआत की और सिर्फ 17.3 ओवर में 4 विकेट खोकर 129 रन बना लिए। इस तरह टीम ने 6 विकेट से जीत दर्ज कर ली। इस मुकाबले में हिलाल वानी ने शानदार ऑलराउंड खेल दिखाया। उन्होंने पहले गेंदबाजी में 7 ओवर में 17 रन देकर 2 विकेट लिए और फिर बल्लेबाजी में 34 गेंदों पर नाबाद 54 रन* की तेज पारी खेली, जिसमें पाँच चौके और तीन छक्के शामिल रहे। इसी प्रदर्शन के लिए उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। दिन के दूसरे मुकाबले में सेंट्रल जोन ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी की और 31.3 ओवर में 141 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। लक्ष्य को मात देने उतरी वेस्ट जोन की टीम ने शुरुआत से ही आक्रामक खेल दिखाया और सिर्फ 16 ओवर में 1 विकेट खोकर मैच अपने नाम कर लिया और टीम ने यह मुकाबला 9 विकेट से जीत लिया। इस मैच में विराज कोलते ने शानदार प्रदर्शन किया। उन्होंने गेंदबाजी में 35 रन देकर 4 विकेट लिए और फिर बल्लेबाजी में 47 गेंदों पर नाबाद 75 रन* की दमदार पारी खेली, जिसमें दस चौके और तीन छक्के शामिल रहे। इस शानदार खेल के लिए उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। डेफ इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल और एशियन डेफ क्रिकेट एसोसिएशन से मान्यता प्राप्त यह चैंपियनशिप अब और दिलचस्प होती जा रही है। कल के मुकाबलों में टीमें जीत की रफ्तार बनाए रखने और खिताब की दौड़ में आगे बढ़ने के इरादे से मैदान में उतरेंगी।

### भारतीय शटलर किरण जॉर्ज बाहर, मन्नेपल्ली स्विस ओपन के दूसरे दौर में

**बासेल।** भारतीय शटलर किरण जॉर्ज बृहस्पतिवार को यहां स्विस ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट के पुरुष एकल के प्री क्वार्टरफाइनल में हांगकांग के जेसन गुणावन से हारकर बाहर हो गए जबकि युवा थारुन मन्नेपल्ली ने जापान के अपने प्रतिद्वंदी केंटा निशिमोटो के निर्णायक सेट में रिटायर होने के बाद दूसरे दौर में जगह बनाई। जॉर्ज ने कड़ी टक्कर दी लेकिन 70 मिनट तक चले राउंड 16 मैच में 18-21, 21-16, 16-21 से हार गए। भारत के हरिहरन अम्साकारुनन और एम आर अर्जुन की पुरुष युगल जोड़ी भी प्री क्वार्टर फाइनल में हार गई। उन्हें चीनी ताइपे के चेन चेंग कुआन और लिन बिंग-वेई ने 32 मिनट में 17-21, 11-21 से हराया। भारत के सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की स्टार पुरुष युगल जोड़ी का मुकाबला आज रात प्री क्वार्टर फाइनल मैच में जापान के हिरोकी ओकामुरा और क्योहेई यामाशिता की जोड़ी से होगा। विश्व रैंकिंग में 43वें स्थान पर काबिज मन्नेपल्ली बुधवार की रात खेले गए इस मैच में तब 16-21 21-16 7-2 से आगे चल रहे थे, जब पांचवीं वरीयता प्राप्त निशिमोटो ने कंधे में दर्द के कारण मैच से हटने का फैसला किया। पिछले साल मकाऊ ओपन के सेमीफाइनल में पहुंचने वाले 24 वर्षीय मन्नेपल्ली का अगला मुकाबला मलेशिया के जस्टिन होह से होगा।

### डेम्पो ने वापसी करते हुए चानमारी से अंक बांटे

**आइजोल।** चानमारी डीसी और डेम्पो एससी ने बृहस्पतिवार को यहां राजीव गांधी स्टेडियम में इंडियन फुटबॉल लीग (आईएफएल) के पहले चरण के मैच में 2-2 से रोमांचक ड्रॉ खेला। चानमारी ने 15वें मिनट में सुआंगैमुना के हेडर से शुरुआती बढ़त बनाई और 43वें मिनट में मालसावमसंगा ने अपनी बढ़त दोगुनी कर ली। डेम्पो ने पहले हाफ से ठीक पहले एक गोल कर लिया जब 45वें मिनट में सेबेस्टियन गुटिएरेज ने गोल किया। 69वें मिनट में माल्सावमसंगा रेंथलेई को लाल कार्ड दिखाए जाने के बाद मेजबान टीम 10 खिलाड़ियों के साथ रह गई। डेम्पो ने 81वें मिनट में इसका फायदा उठाया और मार्कस जोसफ ने गोल करके मैच 2-2 से बराबर कर दिया।

### अमेजन इंडिया ने गुवाहाटी, कोलकाता में किया माल ढुलाई सेवाओं का विस्तार

**नयी दिल्ली।** अमेजन इंडिया ने पूर्वोत्तर क्षेत्र में अपनी सेवाओं को मजबूत करने के उद्देश्य से अपने समर्पित हवाई माल परिवहन बेड़े अमेजन एयर की सेवाओं का विस्तार गुवाहाटी और कोलकाता तक किया है। कंपनी बयान के अनुसार, 2023 में शुरुआत करने के बाद से अमेजन एयर हैदराबाद, दिल्ली, मुंबई और बेंगलुरु में सेवाएं दे रही थी। इस विस्तार से माल भेजने की गति लगभग पांच गुना तक बढ़ने की उम्मीद है। इससे पूर्वोत्तर के सभी सात राज्यों अरुणाचल प्रदेश, असम, मणिपुर, मेघालय, मिजोरम, नागालैंड और त्रिपुरा में आपूर्ति को बढ़ावा मिलेगा। केंद्रीय नागर विमानन मंत्री राम मोहन नायडू किंजरापु ने यहां इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा से गुवाहाटी के लिए पहली अमेजन एयर उड़ान को शुक्रवार को रवाना किया। मुख्य सचिव (असम) आईएएस रवि कोटा ने कहा कि गुवाहाटी तक अमेजन एयर सेवाएं शुरू होने से क्षेत्र के विक्रेताओं को देशभर के ग्राहकों से जुड़ने में मदद मिलेगी।

### मर्सिडीज अप्रैल से अपने सभी वाहनों की कीमतों में दो प्रतिशत की करेगी बढ़ोतरी

**नयी दिल्ली।** कार विनिर्माता कंपनी मर्सिडीज-बेंज इंडिया मुद्रा की अस्थिरता और बढ़ती लागत के प्रभाव को कम करने के लिए अप्रैल से अपने सभी वाहनों की कीमतों में लगभग दो प्रतिशत की बढ़ोतरी करेगी। कंपनी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। मर्सिडीज-बेंज इंडिया के उपाध्यक्ष (बिक्री एवं विपणन) ब्रेंडन सिसिंग ने कहा, '' एक अप्रैल से हम अपने सभी मॉडल की कीमतों में करीब दो प्रतिशत की मूल्य वृद्धि लागू करेंगे। उन्होंने बताया कि यह फैसला मुख्य रूप से मुद्रा में लगातार हो रहे उतार-चढ़ाव, खासकर रुपये के यूरो के मुकाबले लगातार कमजोर होने और लागत बढ़ने के कारण लिया गया है।

## पाकिस्तानी स्पिनर अबरार अहमद को टीम में लेने के बाद सनराइजर्स लीड्स का एक्स खाता निलंबित

एजेंसी





नई दिल्ली। सनराइजर्स लीड्स का आधिकारिक एक्स खाता गुरुवार को कुछ ही घंटों में निलंबित कर दिया गया। यह कार्रवाई उस समय हुई जब फ्रेंचाइजी ने द हंड्रेड 2026 की नीलामी में पाकिस्तान के स्पिनर अबरार अहमद को अपनी टीम में शामिल किया। अबरार अहमद इस प्रतियोगिता में किसी भारतीय स्वामित्व वाली फ्रेंचाइजी द्वारा चुने जाने वाले पहले पाकिस्तानी खिलाड़ी बन गए हैं। हालांकि इस फैसले के बाद सोशल मीडिया पर कई प्रशंसकों ने टीम के मालिक और फ्रेंचाइजी की आलोचना करते हुए तीखी प्रतिक्रिया दी। नीलामी में अबरार अहमद को 1 लाख 90 हजार पाउंड (करीब 2.3 करोड़ रुपये) में खरीदा गया था। इसके कुछ ही समय बाद सनराइजर्स लीड्स का आधिकारिक एक्स खाता निलंबित हो गया। मंच की ओर से निलंबन का कोई स्पष्ट कारण नहीं बताया गया है, लेकिन खाते पर जाने पर संदेश दिखाई देता है कि यह खाता नियमों के उल्लंघन के कारण निलंबित कर दिया गया है। इस बीच सन टीवी नेटवर्क ने हाल ही में द हंड्रेड की फ्रेंचाइजी, जो पहले नार्दर्न सुपरचार्जेस के नाम से जानी जाती थी, में हिस्सेदारी खरीदी है। कंपनी ने इंग्लैंड क्रिकेट बोर्ड से 49 प्रतिशत और यार्कशायर काउंटी क्रिकेट क्लब से से 51 प्रतिशत हिस्सेदारी लेकर लगभग 10 करोड़ पाउंड में टीम का अधिग्रहण किया। नीलामी से पहले यह चर्चा थी कि आईपीएल फ्रेंचाइजी से जुड़ी टीमें पाकिस्तानी खिलाड़ियों पर बोली लगाने से बचेंगी, और नीलामी की शुरुआती प्रक्रिया भी इसी ओर इशारा कर रही थी। हालांकि बाद में अबरार अहमद को खरीदकर यह स्थिति बदल गई। गौरतलब है कि पाकिस्तानी खिलाड़ी 2009 के बाद से इंडियन प्रीमियर लीग में नहीं खेले हैं और दुनियाभर की टी20 लीगों में निवेश करने वाले आईपीएल फ्रेंचाइजी मालिक आम तौर पर पाकिस्तान के खिलाड़ियों को टीम में शामिल करने से बचते रहे हैं। नीलामी में पाकिस्तान के एक और खिलाड़ी उस्मान तारिक को बर्मिंघम फोनिक्स ने 1 लाख 40 हजार पाउंड में खरीदा। वहीं सैम अयूब, हारिस रऊफ और शादाब खान जैसे कई खिलाड़ी बिना बिके रह गए। सनराइजर्स लीड्स की टीम की कप्तानी हैरी ब्रूक कर रहे हैं, जबकि कोच की जिम्मेदारी डेनियल विटोरी के पास है। नीलामी के शुरुआती चरण में टीम ने दक्षिण अफ्रीका के रयान रिकेल्टन, इंग्लैंड के जैक क्रॉली, मैट पॉट्स और डैन लॉरेंस को भी टीम में शामिल किया। टीम में पहले से ब्रायडन कार्स, मिशेल मार्श और नाथन एलिस जैसे खिलाड़ी मौजूद हैं।

### सबालेंका और सिनर बीएनपी परीबस सेमीफाइनल में

इंडियन वेल्स। एरिना सबालेंका ने बीएनपी परीबस ओपन क्वार्टर फाइनल में विक्टोरिया एमबोको को 7-6, 6-4 से हराकर इंडियन वेल्स टेनिस खिताब की ओर अगला कदम बढा दिया। यानिक सिनर , अलेक्जेंडर ज्वेरेव और दानिल मेदवेदेव भी पुरूष वर्ग के सेमीफाइनल में पहुंच गए। मेदवेदेव ने विवादास्पद अंपायर कॉल का फायदा उठाकर गत चैम्पियन जैक ड्रेपर को 6-1, 7-5 से हराया । मेदवेदेव का सामना अब कार्लोस अल्काराज या कैमरन नॉरी से होगा जबकि दूसरे सेमीफाइनल में सिनर की टक्कर ज्वेरेव से होगी। सबालेंका सेमीफाइनल में चेक गणराज्य की 14वीं वरीयता प्राप्त लिंडा नोस्कोवा से खेलेंगी जिन्होंने आस्ट्रेलिया की गैर वरीय तालिया गिब्सन को 6-2, 4-6, 6-2 से मात दी। नौवीं वरीयता प्राप्त यूक्रेन की एलिना स्वितोलिना भी पोलैंड की दूसरी वरीयता प्राप्त इगा स्वियातेक को 6-2, 4-6, 6-4 से हराकर सेमीफाइनल में पहुंच गई।

## एलपीजी आपूर्ति बाधित होने के खतरे पर दार्जिलिंग चाय उद्योग ने जताई चिंता

एजेंसी



कोलकाता। औद्योगिक एलपीजी की अनुपलब्धता के कारण दार्जिलिंग चाय के उत्पादन में और गिरावट आ सकती है और पश्चिम बंगाल जिले में कारखानों को आपूर्ति बाधित होने का खतरा है। चाय संघ ने यह बात कही है। 'दार्जिलिंग टी एसोसिएशन' ने हाल ही में कोलकाता स्थित टी बोर्ड के डिप्टी चेयरमैन को पत्र लिखकर इस मुद्दे को उठाया। पत्र में पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय के एक परिपत्र का उल्लेख किया गया है जिसमें सभी सार्वजनिक क्षेत्र की तेल विपणन कंपनियों को निर्देश दिया गया है कि उनके द्वारा खरीदी गई एलपीजी केवल घरेलू उपभोक्ताओं को ही उपलब्ध कराई और बेची जाए। संघ ने आगाह किया कि इस आदेश के कारण चाय बागानों के कारखानों को औद्योगिक एलपीजी उपलब्ध नहीं हो पाएगी जिससे दार्जिलिंग चाय के उत्पादन पर सीधा असर पड़ेगा और 55,000 स्थायी श्रमिकों तथा उनके परिवारों की आजीविका प्रभावित हो सकती है। पत्र में कहा गया है, ''इस संगठन के सदस्य आपसे अनुरोध करते हैं कि संबंधित मंत्रालय से बात कर दार्जिलिंग चाय उद्योग के कारखानों को औद्योगिक एलपीजी की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित कराई जाए। संघ ने यह भी बताया कि पिछले एक दशक में दार्जिलिंग के चाय बागानों ने अपने कारखानों को कोयला आधारित प्रणाली से बदलकर औद्योगिक एलपीजी पर आधारित प्रणाली में परिवर्तित कर लिया है। यह स्थिति ऐसे समय सामने आई है जब दार्जिलिंग चाय उद्योग पहले से ही लंबे समय से उत्पादन संकट का सामना कर रहा है। उद्योग के अनुसार, वर्ष 1990 में चाय उत्पादन करीब 1.4 करोड़ किलोग्राम के उच्च स्तर से उत्पादन घटकर हाल के वर्षों में 60 लाख किलोग्राम से भी कम रह गया है जबकि 2024 तथा 2025 में उत्पादन ऐतिहासिक रूप से सबसे निचले स्तर पर दर्ज किया गया। जनवरी से नवंबर 2025 के आंकड़ों के अनुसार उत्पादन में 2024 की समान अवधि की तुलना में 8.79 प्रतिशत की और गिरावट दर्ज की गई। उद्योग ने कहा कि इसे कई मोर्चों पर संरचनात्मक चुनौतियों का भी सामना करना पड़ रहा है। उद्योग जगत से जुड़े सूत्रों ने कहा कि नेपाल से आने वाली सस्ती चाय जिसकी विशेषताएं दार्जिलिंग चाय से मिलती-जुलती हैं, घरेलू बाजार में बड़ी मात्रा में पहुंच रही है।

## अकासा एयर नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर करेगी विमान रखरखाव केंद्र की स्थापना

एजेंसी




मुंबई। घरेलू विमानन कंपनी अकासा एयर ने नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा के साथ रणनीतिक सहयोग के तहत उत्तर प्रदेश के जेवर में बन रहे हवाई अड्डे पर विमान रखरखाव, मरम्मत व जीर्णोद्धार (एमआरओ) केंद्र स्थापित करने की शुक्रवार को घोषणा की। कंपनी के बयान के अनुसार, इस सहयोग के तहत अकासा एयर हवाई अड्डे के परिसर के भीतर इस केंद्र का संचालन करेगी और यहां विमानों के रखरखाव से जुड़ी विभिन्न उन्नत सेवाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। बयान के अनुसार, इस पहल का उद्देश्य भारत के विमानन बुनियादी ढांचे को मजबूत करना और नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे को देश के प्रमुख विमान रखरखाव केंद्रों में स्थापित करना है। इससे संचालन क्षमता में सुधार होगा, स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर उत्पन्न होंगे और क्षेत्र में कौशल विकास को बढ़ावा मिलेगा। अगस्त 2022 में सेवाएं शुरू करने के बाद अकासा एयर का यह पहला विमान रखरखाव केंद्र होगा। नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) क्रिस्टोफ श्नेलमैन ने कहा कि यह साझेदारी न केवल भारत की विमान रखरखाव क्षमताओं को मजबूत करेगी बल्कि क्षेत्र में कौशल विकास एवं रोजगार के अवसर भी बढ़ाएगी। बयान के अनुसार, यह सहयोग विमान रखरखाव सेवाओं में भारत की आत्मनिर्भरता को मजबूत करने तथा पूरे क्षेत्र में नवाचार व संचालन उत्कृष्टता को आगे बढ़ाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। यह साझेदारी एक ऐसे एकीकृत विमानन तंत्र के निर्माण की दिशा में भी महत्वपूर्ण कदम है जो उद्योग के दीर्घकालिक विकास को समर्थन देगा और क्षेत्रीय अर्थव्यवस्था में योगदान करेगा।

## देश में पिछले माह यात्री वाहनों की थोक बिक्री 10.6 फीसदी बढ़ी : सियाम




नई दिल्ली। देश में घरेलू यात्री वाहनों की थोक बिक्री फरवरी में सालाना आधार पर 10.6 फीसदी बढ़कर 4,17,705 इकाई पर पहुंच गई। फरवरी 2025 में यात्री वाहनों की थोक बिक्री 3,77,689 इकाई रही थी। सोसाइटी ऑफ इंडियन ऑटोमोबाइल मैन्युफैक्चरर्स (सियाम) के अनुसार फरवरी महीने में दोपहिया वाहनों की बिक्री 35.2 फीसदी बढ़कर 18,71,406 इकाई हो गई जबकि पिछले वर्ष इसी महीने यह 13,84,605 इकाई थी। इसके अलावा तिपहिया वाहनों की थोक बिक्री पिछले महीने 29 फीसदी बढ़कर 74,573 इकाई हो गई, जो फरवरी 2025 में 57,788 इकाई थी। सियाम के मुताबिक पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष से विनिर्माण एवं निर्यात प्रभावित हो सकते हैं। सियाम भारत में वाहन और इंजन निर्माताओं का प्रतिनिधित्व करने वाली एक शीर्ष संस्था है, जो नीति निर्धारण, तकनीकी प्रगति और टिकाऊ मोबिलिटी पर काम करती है। यह ऑटो उद्योग को सरकार के साथ जोड़ती है, वाहन सुरक्षा और स्थिरता के लिए जिम्मेदार है।

## सस्ता हुआ सोना, चांदी की भी घटी चमक

एजेंसी



नई दिल्ली। घरेलू सर्राफा बाजार में आज शुरुआती कारोबार के दौरान गिरावट का रुख बना हुआ नजर आ रहा है। सोना आज 1,020 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 1,110 रुपये प्रति 10 ग्राम तक सस्ता हो गया है। इसी तरह चांदी की कीमत में आज 10 हजार रुपये प्रति किलोग्राम की कमजोरी दर्ज की गई है। कीमत में आई गिरावट के कारण देश के ज्यादातर सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 1,62,210 रुपये से लेकर 1,62,360 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। वहीं 22 कैरेट सोना आज 1,48,690 रुपये से लेकर 1,48,840 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। चांदी के भाव में कमजोरी आने के कारण ये चमकीली धातु आज दिल्ली सर्राफा बाजार में 2,79,900 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर बिक रही है। दिल्ली में आज 24 कैरेट सोना 1,62,360 प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 1,48,840 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 1,62,210 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,48,690 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 1,62,260 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 1,48,740 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 1,62,210 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 1,48,690 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। इसी तरह कोलकाता में 24 कैरेट सोना 1,62,210 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,48,690 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। भोपाल में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,62,260 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 1,48,740 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। लखनऊ के सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 1,62,360 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 1,48,840 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,62,260 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 1,48,740 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। जयपुर में 24 कैरेट सोना 1,62,360 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,48,840 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। देश के अन्य राज्यों की तरह कर्नाटक, तेलंगाना और ओडिशा के सर्राफा बाजार में भी आज सोने के भाव में कमजोरी का रुख बना हुआ नजर आ रहा है।

# डबल इंजन की सरकार में बहनों को मिल रही हैं डबल खुशियां : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

एजेंसी

ग्वालियर। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि प्रदेश में डबल इंजन की सरकार है, इसलिए यहां की बहनों को लाड़ली लक्ष्मी और लाड़ली बहना योजना के रूप में डबल खुशियां मिल रही हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव शुक्रवार को ग्वालियर जिले के शबरी माता मंदिर परिसर, घाटीगांव में आयोजित राज्य स्तरीय महिला सम्मेलन में लाड़ली बहनों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि मध्य प्रदेश की बहनें आत्मनिर्भरता एवं स्वावलम्बन के मामले में पूरे देश के लिए उदाहरण बन रही हैं। प्रदेश के पांच लाख से अधिक स्व-सहायता समूहों से जुड़कर करीब 65 लाख बहनें आर्थिक रूप से सशक्त हुई हैं। आज प्रदेश में 12 लाख से अधिक लखपति दीदियां कार्यरत हैं। हम महिला उद्यमियों को भी प्रोत्साहित कर रहे हैं। हमारी बहनें अब फैक्ट्रियों और उद्योगों का नेतृत्व कर रही हैं। प्रदेश के 47 प्रतिशत नए स्टार्ट-अप का नेतृत्व अब हमारी बहनों के हाथों में है। हम सभी बहनों के कल्याण और सशक्तिकरण के लिए मिशन मोड में कार्य करते हुए आगे बढ़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कुशल नेतृत्व में भारत प्रत्येक कठिन परिस्थिति से निपटने के लिए तैयार है। उन्होंने वर्ष 2047 तक विकसित भारत बनाने का लक्ष्य रखा है। इसमें प्रदेश की बहन-बेटियां भी अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी। उन्होंने कहा कि नवरात्रि से पहले आज बहनों को 1500 रुपये की सौगात मिल रही है। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रदेश की एक करोड़ 25 लाख 27 हजार से अधिक बहनों के खाते में लाड़ली बहना योजना की 34वीं किश्त के रूप में एक हजार 836 करोड़ रुपये की राशि अंतरित की। उन्होंने कहा कि अब प्रदेश की हर लाड़ली बहनों के खाते में हर महीने 1500 रुपये भेजे जा रहे हैं। लाड़ली बहन योजना में अब तक 52 हजार करोड़ रुपये से अधिक की राशि बहनों को दी जा चुकी है। उन्होंने सभी लाड़ली बहनों से अपील करते हुए कहा कि वे हर महीने मिलने वाली इस राशि से अपनी बेहतरी के लिए कोई भी रुचिकर काम-धंधा शुरु करें और आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश के निर्माण में योगदान दें। मुख्यमंत्री ने ग्वालियर जिले को 121 करोड़ 95 लाख रुपये की लागत वाले 54 विकास कार्यों की सौगात दी। उन्होंने सिंगल क्लिक से लगभग 60 करोड़ रुपये की लागत के 35 विकास कार्यों का भूमि-पूजन और लगभग 62 करोड़ रुपये की लागत वाले 19 विकास कार्यों का लोकार्पण किया। इसमें 39 करोड़ 86 लाख रुपये की लागत से कुलैथ घाटीगांव में शासकीय सांदीपनि विद्यालय के नवनिर्मित भवन का लोकार्पण भी शामिल है।मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि 2 महीने बाद लाड़ली बहना योजना के तीन साल पूरे हो जाएंगे। इन तीन साल में प्रदेश की बहनों की जिन्दगी जिस तरह से बदली है, वह भूतो न भविष्यति है। उन्होंने बताया कि जनवरी 2024 से फरवरी 2026 तक 42 हजार 308 करोड़ रुपये प्रोत्साहन राशि बहनों के खाते में भेजी गई है। लाड़ली बहना योजना से प्रदेश की बहनें अब आत्म-निर्भर बन गई हैं। अब वे मजबूर नहीं, मजबूत हो गई हैं। इस योजना ने बहनों को न केवल आर्थिक रूप से स्वावलंबी बनाया है, बल्कि इन्हें 'रिस्क' लेने और अपने जीवन को बेहतर बनाने के सपने देखने की हिम्मत भी दी है।

# संघ की अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा आरंभ, बांग्लादेश सरकार से की हिंदुओं के संरक्षण की मांग

एजेंसी

समालखा (हरियाणा), । राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा का शुक्रवार को सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत और सरकार्यवाहक दत्तात्रेय होसबाले ने उद्घाटन किया। इस दौरान सरकार्यवाह की ओर से वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया। संघ ने बांग्लादेश सरकार से एक बार फिर आग्रह किया कि वह अपने यहां हिंदुओं के अधिकारों का संरक्षण करे।

तीन दिवसीय यह बैठक हरियाणा के समालखा स्थित माधव सृष्टि परिसर में आयोजित की गई है। प्रतिनिधि सभा के प्रारंभ के बाद यहां सह सरकार्यवाह सीआर मुकुंद ने अखिल भारतीय प्रचार प्रमुख सुनील आंबेकर के साथ पत्रकार वार्ता को संबोधित किया। इस दौरान अखिल भारतीय सह प्रचार प्रमुख नरेंद्र ठाकुर एवं प्रदीप जोशी सहित अन्य पदाधिकारी भी उपस्थित रहे। बैठक के शुरुआती सत्रों में दिवंगत हस्तियों को श्रद्धांजलि दी गई तथा नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में सरकार के प्रयासों से आए सुधार और मणिपुर में संघ के प्रयासों से आए सकारात्मक परिणामों का स्वागत किया गया। इसके अलावा बांग्लादेश सरकार से एक बार फिर आग्रह किया गया कि हिंदुओं के अधिकारों का वहां संरक्षण प्रदान करे। सीआर मुकुंद ने बताया कि सरकार्यवाह ने अपने प्रतिवेदन में यह जानकारी दी कि संघ के शताब्दी वर्ष में किए गए प्रयासों से 4 हजार स्थान पर 5 हजार से अधिक शाखाओं में वृद्धि हुई है। गृह संपर्क अभियान के तहत संघ के कार्यकर्ता 10 करोड़ परिवारों तक पहुंचे हैं। तीन लाख से अधिक गांव में संघ के कार्यकर्ता गए हैं। केरल का उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा कि वहां संघ के कार्यकर्ता साम्यवादी विचारधारा, मुसलमानों और ईसाई परिवारों से भी मिले हैं। अकेले केरल में 55 हजार से अधिक मुस्लिम और 54 हजार से अधिक ईसाई परिवारों में संघ के कार्यकर्ता संघ और समाज से जुड़े विषय लेकर गए हैं।

उन्होंने बताया कि शताब्दी वर्ष के नाते 36 हजार से अधिक स्थानों पर हिंदू सम्मेलन आयोजित किए गए हैं। इसमें अरुणाचल के एक दुर्गम क्षेत्र में आयोजित हिंदू सम्मेलन का उदाहरण उल्लेखनीय है। संघ के शताब्दी वर्ष में दो प्रकार के कार्यक्रमों की योजना की गई जिनमें एक संगठन विस्तार और दूसरा समाज की सज्जन शक्ति को सद्भाव, समरसता के लिए संगठित करने का उद्देश्य रखा गया।

मुकुंद ने बताया कि शताब्दी वर्ष के कार्यक्रमों की शुरुआत पिछले वर्ष दो अक्टूबर को नागपुर में पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद एवं सरसंघचालक डॉ मोहन भागवत के सान्निध्य में हुई। इससे एक दिन पूर्व भारत सरकार ने संघ शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में संघ पर डाक टिकट और स्मारक सिक्का जारी किया था। वहीं इस दौरान सरसंघचालक भागवत की देश के चार महानगरों में व्याख्यान माला आयोजित की गई।

# पेज एक का शेष

## शिक्षा...

कनेक्टिविटी को बेहतर बनाने का काम किया है। इसके पहले 02 फ़ेज आज समर्पित किये जा रहे हैं।द मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि किसी राज्य की राजधानी कैसी होनी चाहिए, आज हमारा लखनऊ उसका एक बेहतरीन उदाहरण बना है। आज लखनऊ में देश और दुनिया के तमाम अतिथि आते हैं, वे बोलते हैं कि लखनऊ अच्छा शहर है। वे अब कहते हैं कि लखनऊ में साफ़-सफाई है। लखनऊ ने कुछ नया करके दिखाया है और वास्तव में अब मुस्कराइए कि आप लखनऊ में हैं, इसका एक प्रतीक बन चुका है।

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सुरक्षित यात्रा के लिए अब प्रदेश सरकार के विमान बेड़े में इटली की लियोनार्डो कंपनी का सबसे एडवांस अगस्ता वेस्टलैंड एडब्ल्यू 139 हेलीकॉप्टर शामिल किया गया है। इसकी बेहतरीन उन्नत एवियोनिक्स, क्रैश सेफ्टी सिस्टम समेत अन्य खूबियों की वजह से राज्य सरकार ने इसे खरीदा है। मुख्यमंत्री योगी इसी हेलीकॉप्टर से राम नगरी अयोध्या गए थे। तभी से यह हेलीकाप्टर चर्चा में आया।

विशेषज्ञों के अनुसार हेलीकाप्टर में वैसे तो कई खासियत हैं, जो अन्य हेलीकाप्टरों में से इसे विशेष बनाती हैं। अगर इसके उड़ाने की बात करें तो इसे सामान्य पायलट नहीं उड़ा सकता है बल्कि अगस्ता हेलीकॉप्टर के संचालन के लिए विशेष दक्षता वाले कैप्टन की जरूरत होती है। इसलिए राज्य सरकार ने तीन पायलट कैप्टन अमित कुमार भूटानी, कैप्टन अक्षय जायसवाल और कैप्टन राजेश कुमार शर्मा को इटली भेजकर अगस्ता वेस्टलैंड एडब्ल्यू 139 की टेक्निकल और इसके अन्य पहलुओं को समझने की लिए ट्रेनिंग दिलाई है। इसमें इंस्ट्रमेंट ट्रेनिंग के साथ क्रिटिकल कंडिशन में इमरजेंसी लैंडिंग कराने का भी प्रशिक्षण शामिल है। सरकार ने इन तीनों पायलट के प्रशिक्षण पर 50.40 लाख रुपये खर्च किए हैं।

अगर अगस्ता वेस्टलैंड एडब्ल्यू 139 हेलीकॉप्टर की रफ्तार की बात करें तो यह अन्य सामान्य हेलीकाप्टरों से काफी तेज गति से उडता है। इसकी अधिकतम रफ्तार लगभग 310 किमी प्रति घंटा है। यह हेलीकाप्टर खराब मौसम और रात में भी उड़ान भरने में सक्षम है, जिससे इमरजेंसी हालात में भी इसका उपयोग संभव है। इसकी बनावट और सुरक्षा की बात करें तो इस विशेष हेलीकॉप्टर की बॉडी बुलेटप्रूफ है और हेलीकाप्टर में मशीनगन फिट करने की सुविधा भी है, जिसे जरूरत के हिसाब से फिट किया जा सकता है ।

दो पायलट के साथ 15 लोग कर सकते हैं सफर

अगस्ता वेस्टलैंड एडब्ल्यू 139 हेलीकॉप्टर में दो पायलट के साथ 15 लोगों के बैठने की क्षमता है। इसका केबिन 8.3 फीट चौड़ा 6.1 फीट ऊंचा है जबकि सामान्य हेलीकाप्टर का केबिन इतना बड़ा नहीं होता है। इस हेलीकॉप्टर में तीन ताकतवर इंजन लगे हैं। अगर कभी एक इंजन काम न करे तो दूसरे इंजन का इंमरजेंसी में उपयोग किया जा सकता है। इसके अलावा यह क्रैश सेफ्टी सिस्टम से लैस है। डिजिटल ग्लास काकपिट और साउंडप्रूफ केबिन जैसी सुविधाएं भी हैं। इसकी खास बात यह है कि यह सफर के दौरान हवा में इंजन ईंधन भरने की क्षमता रखता है। उल्लेखनीय है कि अगस्ता वेस्टलैंड एडब्ल्यू 139 को अब लियोनार्डो एडब्ल्यू 139 के नाम से जाना जाता है। इसे इतालवी हेलीकाप्टर निर्माता कंपनी अगस्ता वेस्टलैंड ने विकसित और निर्मित किया है और अब यह कंपनी लियोनार्डो का हिस्सा है। इस विमान की कीमत 100 करोड रुपये है।

## अदालत ...

वारंट जारी किया था। यह वारंट इसलिए जारी किया गया था क्योंकि वह व्यक्तिगत रूप से या ऑनलाइन अदालत में पेश होने में विफल रहे थे।

इस कथित घोटाले की जांच केंद्रीय जांच ब्यूरो ;सीबीआईद्ध कर रही हैए जिसने 2018 में श्री अब्दुल्ला और कई अन्य लोगों के खिलाफ भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ;बीसीसीआईद्ध द्वारा जम्मू.कश्मीर क्रिकेट एसोसिएशन ;जेकेसीएद्ध को दिए गए अनुदान में से लगभग 43 करोड़ रुपये का कथित रूप से गबन करने के लिए आरोप पत्र दायर किया था।

## घरेलू गैस...

उन्होंने कहा कि सरकार ने केवल व्यावसायिक सिलेंडरों की आपूर्ति नियंत्रित की है और प्राथमिकता के आधार पर उनके वितरण का निर्णय करने का अधिकार राज्यों को दिया है। सूत्रों ने बताया कि भारत दुनिया में एलपीजी का दूसरा सबसे बड़ा आयातक है जो अपनी एलपीजी खपत का लगभग 55-60% हिस्सा मुख्य रूप से खाड़ी देशों- कतर एवं संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) से सीधे आयात करता है, जबकि शेष 40-45% घरेलू स्तर पर रिफाइनरियों में कच्चे तेल के शोधन के दौरान उप-उत्पाद के रूप में निर्मित होता है। हाल ही में सरकार ने उत्पादन बढ़ाने के लिए रिफाइनरियों को आदेश दिया है। वैश्विक आपूर्ति में बाधा का असर भारत पर पड़ना स्वाभाविक है।

सरकारी आंकड़ों के मुताबिक भारत एलपीजी का लगभग 29-34% हिस्सा कतर से आयात करता है और कतर के बाद यूएई लगभग 26% की हिस्सेदारी के साथ दूसरा सबसे बड़ा आपूर्तिकर्ता है। हाल के वर्षों में, भारत ने कतर से सालाना 5.3 मिलियन मीट्रिक टन से अधिक एलपीजी का आयात किया है, जिसकी कीमत 4 अरब डॉलर से अधिक है। 2024 में, भारत और कतर ने 2048 तक सालाना 75 लाख टन द्रवीकृत प्राकृतिक गैस (एलएनजी) की आपूर्ति के लिए एक बड़ा समझौता भी किया है। भारत की आयातित एलपीजी का अधिकांश भाग होर्मुज जलडमरूमध्य से होकर आता है जिसे ईरान ने बाधित कर रखा है।

सूत्रों ने कहा कि भारत में कच्चे तेल की आपूर्ति का कोई संकट नहीं है। भारत रूस समेत 40 से अधिक देशों से कच्चे तेल की खरीद करता है। भारत ने अपनी रिफायनरियों से कहा है कि वह कच्चे तेल के शोधन में उप उत्पादों में एलपीजी को प्राथमिकता दें और उनका उत्पादन बढ़ाएं ताकि बाहर से आने वाली एलपीजी की कमी की यथासंभव भरपाई हो सके। उल्लेखनीय है कि कच्चे तेल के शोधन से प्रोपेन और ब्यूटेन, मीथेन, एथेन, नैफ्था, प्लास्टिक, रसायन और उच्च ऑक्टेन गैसोलीन, पेट्रोल, केरोसीन, जेट फ्यूल, डीज़ल, फ्यूल ऑयल, ल्यूब्रिकेंट्स, वैक्स तथा अस्फाल्ट / बिटुमेन का भी उत्पादन होता है।

## रसोई...

किया। इसके बाद भी विपक्षी सदस्यों का हंगामा जारी रहाए जिस पर पीठासीन कृष्ण प्रसाद तेन्नेटी ने कार्यवाही सोमवार पूर्वाह्न 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दी। इससे पहले पूर्वाह्न 11 बजे अध्यक्ष ओम बिरला ने जैसे ही प्रश्नकाल शुरू कियाए विपक्षी सदस्य अपने.अपने स्थानों पर खड़े होकर रसोई गैस की किल्लत को लेकर हंगामा करने लगे। श्री बिरला ने प्रश्न काल चलाने का प्रयास किया लेकिन सदस्यों ने शोर शराबा तेज कर दिया। श्री बिरला ने हंगामा कर रहे सदस्यों से कहा मैने पहले भी आग्रह किया था और आज फिर आग्रह कर रहा हूं कि प्रश्नकाल महत्वपूर्ण समय होता है। आज भी विपक्ष के आठ सदस्यों के प्रश्न सूचीबद्ध हैं। प्रश्नकाल में जहां देश के मुद्देए क्षेत्र की समस्याएं उठायी जाती हैं वहीं सरकार की जवाबदेही भी होती है इसलिए मेरा आपसे आग्रह है कि सदस्यों को अपने प्रश्न रखने का मौका दें। यह संसदीय मर्यादा नहीं है। प्रश्नकाल के बाद आप जो मुद्दे उठाना चाहते हैं उठा सकते हैं लेकिन प्रश्नकाल बाधित करना करना ठीक नहीं है।

हंगामा कर रहे सदस्यों को कड़ी चेतावनी देते हुए श्री बिरला ने कहा सदन की मेजों पर चढ़ोगे तो कार्रवाई होगी। संसद परिसर में हो या सदन में होए संसद की पवित्रता मर्यादा और प्रतिष्ठा बनाये रखने की जिम्मेदारी सबकी है और जिस तरीके का आचरण आप कर रहे हैं वह ठीक नहीं है। हंगामा कर रहे सदस्यों से उन्होंने कहा कि क्या वे सदन नहीं चलाना चाहते हैं। सदस्यों ने जब उनकी बात नहीं मानी और हंगामा जारी रखा तो उन्होंने सदन की कार्यवाही दोपहर 12 बजे तक के लिए स्थगित कर दी। एक बार के स्थगन के बाद दोपहर 12 बजे जैसे ही सदन समवेत हुआ कांग्रेस और अन्य विपक्षी दलों के सदस्य रसोई गैस की कमी का मामला उठाते हुए इस पर चर्चा कराने की मांग को लेकर शोरशराबा और नारेबाजी करने लगे। कई सदस्य सदन के बीचोंबीच आ गये। पीठासीन संध्या राय ने हंगामे के बीच ही विधायी दस्तावेज सदन के पटल पर रखवाये। इसी बीच संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि कार्य मंत्रणा समिति की आज हुई बैठक में तय किया गया था कि अनुपूरक अनुदान मांगों पर वित्त मंत्री सीतारमण का जवाब होगा और उसके बाद निजी सदस्यों के विधेयक पर चर्चा होगी लेकिन कांग्रेस सदस्य हंगामा कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सदस्य संसद परिसर में भोजन लेकर आते हैं गिलास और थाली लाते हैं। इस तरह के नाटक को जनता देख रही है। श्री रिजिजू ने कहा वह दुखी मन से कह रहे हैं कि कांग्रेस के सदस्य अपने नेता के साथ.साथ खुद भी बिगड़ गये हैं। अभी समय है सुधर जाओ जनता आपको सत्ता नहीं देने वाली। श्रीमती राय ने कहा कि अनुपूरक अनुदान मांगों पर चर्चा के बाद वित्त मंत्री का जवाब आना है। विपक्षी सदस्यों को कार्यवाही में लगातार बाधा डालते हुए जनता देख रही है। सदन की मर्यादा बनाये रखिए। यह आचरण उचित नहीं है। वह आग्रह कर रही हैं कि सदस्य अपने-अपने स्थानों पर जायें और कार्यवाही चलने दें। उनके आग्रह का हंगामा कर रहे सदस्यों पर कोई असर नहीं हुआए तो उन्होंने कार्यवाही अपराह्न दो बजे तक के लिए स्थगित कर दी।

## एनएक्सटी ...

किया। उन्होंने राज्यसभा सदस्य कार्तिकेय शर्मा की सराहना की, जिन्होंने एनएक्सटी 2026 कॉन्क्लेव पहल का नेतृत्व किया है। बिरला ने कहा कि यह पहल दुनिया भर के सांसदों, नीति-निर्माताओं और वैश्विक विचार नेताओं को एक मंच पर लाकर शासन, प्रौद्योगिकी और अंतरराष्ट्रीय सहयोग से जुड़े विषयों पर सार्थक विमर्श को बढ़ावा दे रही है।

भारत की लोकतांत्रिक परंपरा का उल्लेख करते हुए लोकसभा अध्यक्ष ने कहा कि विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र के रूप में भारत को अक्सर ञ्लोकतंत्र की जननीङ्ग कहा जाता है। उन्होंने कहा कि यह देश में संवाद, सहमति और सहभागी निर्णय-निर्माण की समृद्ध परंपरा को दर्शाता है। भारत की संसद 1.4 अरब नागरिकों की आकांक्षाओं और विविधता का प्रतिनिधित्व करती है, जहां नीतियां विभिन्न दृष्टिकोणों के बीच बहस और संवाद के माध्यम से आकार लेती हैं। लोकतंत्र की यही शक्ति भारत को वैश्विक स्तर पर एक महत्वपूर्ण उदाहरण बनाती है।

बिरला ने पिछले एक दशक में भारत द्वारा समावेशी विकास, डिजिटल नवाचार और सुशासन के क्षेत्र में हासिल की गई प्रगति को भी रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि प्रौद्योगिकी आधारित शासन व्यवस्था ने प्रशासनिक प्रक्रियाओं को अधिक प्रभावी और पारदर्शी बनाया है। प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (डीबीटी) प्रणाली और विभिन्न डिजिटल प्लेटफॉर्म के माध्यम से सरकार ने सार्वजनिक प्रशासन में पारदर्शिता और जवाबदेही को उल्लेखनीय रूप से मजबूत किया है। इससे सरकारी योजनाओं का लाभ सीधे लाभार्थियों तक पहुंचाना संभव हुआ है।

लोकसभा अध्यक्ष ने संसदीय प्रक्रियाओं को अधिक प्रभावी और पारदर्शी बनाने के लिए उभरती प्रौद्योगिकियों और कृत्रिम बुद्धिमत्ता के उपयोग पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि डिजिटल संसद, उन्नत संसदीय अनुसंधान प्रणालियों और आधुनिक सूचना प्लेटफॉर्म जैसी पहलों के माध्यम से संसद की कार्यप्रणाली को और अधिक सक्षम बनाया जा रहा है।

संसदीय कूटनीति के महत्व को रेखांकित करते हुए बिरला ने कहा कि भारतीय संसद ने हाल के वर्षों में विश्व की विभिन्न विधायिकाओं के साथ संवाद और सहयोग को मजबूत करने के लिए 60 से अधिक संसदीय मैत्री समूहों का गठन किया है। इन समूहों के माध्यम से विभिन्न देशों के सांसदों के बीच विचारों, अनुभवों और सर्वोत्तम प्रथाओं का आदान-प्रदान संभव हो रहा है।

उन्होंने कहा कि लोकतांत्रिक संस्थाओं को मजबूत करने के लिए सांसदों के बीच ज्ञान और अनुभवों का व्यापक आदान-प्रदान आवश्यक है। इस तरह के संवाद वैश्विक चुनौतियों के समाधान के लिए साझा समझ और सहयोग को भी बढ़ावा देते हैं।

बिरला ने विश्वास व्यक्त किया कि एनएक्सटी कॉन्क्लेव 2026 के दौरान होने वाले विचार-विमर्श से लोकतांत्रिक सहयोग, आपसी समझ और देशों के बीच साझेदारी और मजबूत होगी। यह मंच वैश्विक लोकतांत्रिक समुदाय को एक-दूसरे के अनुभवों से सीखने और भविष्य की चुनौतियों के लिए साझा रणनीति बनाने का अवसर प्रदान करता है।

उल्लेखनीय है कि एनएक्सटी कॉन्क्लेव 2026 में विभिन्न देशों के सांसदों, नीति-निर्माताओं, उद्योग जगत के नेताओं को एक साथ लाया गया है। इस मंच पर शासन, प्रौद्योगिकी, नवाचार और अंतरराष्ट्रीय सहयोग से जुड़े उभरते अवसरों और चुनौतियों पर व्यापक चर्चा की जा रही है।

## पश्चिम...

कोरिया के बीच चल रहे युद्ध की वजह से भारत में महंगाई बढ़ रही है। आज कंग्रेस के लोग भी उसी तरह देश को गुमराह करने में लगे हैं, जबकि वैश्विक संकटों का असर दुनिया के कई देशों पर पड़ता है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि भाजपा-एनडीए सरकार ने ऊर्जा क्षेत्र में देश को आत्मनिर्भर बनाने के लिए व्यापक काम किया है। आज भारत न केवल अपनी ऊर्जा जरूरतों का ध्यान रख रहा है, बल्कि वैश्विक ऊर्जा संतुलन में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। असम सहित पूरे पूर्वोत्तर में गैस पाइपलाइन और ऊर्जा बुनियादी ढांचे के विकास पर अभूतपूर्व निवेश किया जा रहा है।

उन्होंने बताया कि किसानों के लिए भी बड़ा कदम उठाया गया है। उन्होंने कहा कि कुछ ही समय पहले पूरे देश के करोड़ों किसानों के खातों में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत 18 हजार करोड़ रुपये से अधिक की राशि सीधे भेजी गई है। यह योजना देश के छोटे और सीमांत किसानों के लिए सामाजिक सुरक्षा का मजबूत माध्यम बन चुकी है।

उन्होंने कहा कि 2014 से पहले ऐसे लाखों किसान थे जिनके पास न तो मोबाइल फोन था और न ही बैंक खाता, लेकिन पिछले कुछ वर्षों में वित्तीय समावेशन के माध्यम से करोड़ों किसानों को बैंकिंग प्रणाली से जोड़ा गया है और अब तक उनके खातों में सवा चार लाख करोड़ रुपये से अधिक की सहायता राशि भेजी जा चुकी है।

प्रधानमंत्री ने आरोप लगाया कि जब प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना शुरू की गई थी, तब कंग्रेस के लोगों ने इसके बारे में झूठ फैलाया था। कंग्रेस के नेता किसानों से कहते थे कि चुनाव के बाद उन्हें यह पैसा वापस करना पड़ेगा, लेकिन आज यह योजना किसानों के लिए एक मजबूत सहारा बन चुकी है। मोदी ने कहा कि भाजपा-एनडीए सरकार के लिए किसान हित सर्वोच्च प्राथमिकता है।

उन्होंने कहा कि वर्ष 2014 से पहले केंद्र में दस वर्षों तक कंग्रेस की सरकार रही और उस दौरान किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) के रूप में लगभग 6.5 लाख करोड़ रुपये मिले थे। इसके विपरीत पिछले दस वर्षों में उनकी सरकार ने किसानों को एमएसपी के रूप में 20 लाख करोड़ रुपये से अधिक का भुगतान किया है। एमएसपी, सस्ता कृषि ऋण, फसल बीमा और किसान सम्मान निधि जैसी योजनाओं ने किसानों को आर्थिक सुरक्षा प्रदान की है। इसके साथ ही सरकार ने यह भी सुनिश्चित किया है कि वैश्विक संकटों का असर भारत की खेती पर कम से कम पड़े।

प्रधानमंत्री ने कहा कि कोविड महामारी और उसके बाद हुए वैश्विक संघर्षों के कारण अंतरराष्ट्रीय बाजार में उर्वरकों की कीमतों में भारी वृद्धि हुई थी। कई देशों में इसकी कमी हो गई थी, लेकिन भारत सरकार ने किसानों को किसी प्रकार की परेशानी नहीं होने दी। जहां अंतरराष्ट्रीय बाजार में यूरिया की एक बोरी की कीमत लगभग 3000 रुपये तक पहुंच गई थी, वहीं भारत में किसानों को यह मात्र 300 रुपये में उपलब्ध कराई गई। इसके लिए केंद्र सरकार ने 12 लाख करोड़ रुपये से अधिक की सब्सिडी दी है।

उन्होंने कहा कि पिछले दशक में देश को कृषि और ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने के लिए कई महत्वपूर्ण कदम उठाए गए हैं। लंबे समय तक कंग्रेस सरकारों ने देश को कई क्षेत्रों में विदेशों पर निर्भर बनाए रखा, जिससे अंतरराष्ट्रीय संकटों का सीधा असर भारत के किसानों और आम लोगों पर पड़ता था।

प्रधानमंत्री ने बताया कि खेती को आधुनिक तकनीक से जोड़ने के लिए सरकार ने ञ्पर ड्रॉप मोर क्रॉपङ्ग नीति लागू की है, जिसके तहत ड्रिप और स्प्रिंकलर जैसी सिंचाई तकनीकों को बढ़ावा दिया जा रहा है। इसके साथ ही किसानों को सोलर पंप से जोड़ने के प्रयास किए जा रहे हैं ताकि डीजल पर उनकी निर्भरता कम हो सके। असम के विकास का उल्लेख करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि राज्य आज पूरे पूर्वोत्तर के लिए एक मॉडल बनता जा रहा है। उन्होंने कहा कि असम की प्रगति का प्रभाव पूरे नॉर्थ ईस्ट क्षेत्र पर दिखाई दे रहा है और यह क्षेत्र देश के विकास में नई गति प्रदान कर रहा है।

प्रधानमंत्री ने असम के चाय बागानों में काम करने वाले श्रमिक परिवारों का जिक्र किया और कहा कि राज्य सरकार ऐतिहासिक अन्याय को समाप्त करते हुए चाय बागान श्रमिकों को भूमि के पट्टे प्रदान कर रही है। इससे हजारों परिवारों को पहली बार भूमि का अधिकार मिल रहा है। असम आज शांति, विकास और आत्मनिर्भरता की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है और आने वाले वर्षों में यह राज्य पूरे पूर्वोत्तर के उज्ज्वल भविष्य का मार्गदर्शक बनेगा।

## आजादी...

विवाह कराया जा रहा है।

उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी ने देश की 10 करोड़ बहनों के घरों में रसोई गैस सिलेंडर पहुंचाया हैं। भितरवार की जनता को शिक्षा, सड़क एवं रेललाइन की सौगात मिली है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव हमेशा विकास कार्यों की सौगातें देकर आते हैं। उन्होंने आज लाडली बहना योजना की राशि करने के साथ-साथ इस क्षेत्र को लगभग 122 करोड़ रुपये की सौगातें दी हैं। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव भी मौजूद रहे। इस अवसर पर केन्द्रीय मंत्री सिंधिया और मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रदेश की 1.25 करोड़ बहनों के खातों में लाड़ली बहना योजना की 34वीं किस्त के रूप में 1836 करोड़ रुपये अंतरित किए। कार्यक्रम में ग्वालियर जिले को 122 करोड़ रुपये के 54 विकास कार्यों की सौगात दी गई। मुख्यमंत्री ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया।

जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट ने कहा कि हमारी सरकार ने जो कहा, वह करके दिखाया है। आज लाडली बहनों के खाते में 1500 रुपये भेजे गए हैं। मुख्यमंत्री डॉ यादव और केंद्रीय मंत्री सिंधिया ने ग्वालियर अंचल के विकास में कोई कसर नहीं रखी है। अब प्रदेश के अन्नदाता को समृद्ध बनाने के लिए मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने संकल्प लिया है। प्रदेश में बीते दो साल के अंदर ही लगभग 7.5 लाख हेक्टेयर सिंचाई का रकबा बढ़ा है। प्रदेश में वर्ष 2029 तक 100 लाख हैक्टेयर भूमि संचित होगी। प्रधानमंत्री मोदी के मार्गदर्शन में केन बेतवा नदी लिंक परियोजना और पार्वती कालीसिंध चंबल योजना का काम तेजी से चल रहा है। कार्यक्रम में क्षेत्रीय भितरवार विधायक मोहन सिंह राठौर ने भी संबोधित किया।

ग्वालियर जिले के अंतर्गत शबरी माता मंदिर परिसर में लाड़ली बहना योजना की राशि अंतरण के लिए आयोजित भव्य समारोह में आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनकर महिला सशक्तीकरण की नई इबारत लिखने जा रहीं महिलाओं को सरकार की विभिन्न योजनाओं के तहत हितलाभ वितरित किए गए। साथ ही सामुदायिक भवन अधिकार के लिये सहरिया जनजाति की वन अधिकार समिति को वन अधिकार पत्र सौंपा गया। यह अधिकार पत्र मिल जाने से आरोन तिराहा घाटीगांव स्थित शबरी माता देव स्थान को धार्मिक स्थल के रूप में विकसित करने का मार्ग प्रशस्त होगा।

इस अवसर पर लाड़ली बहनों द्वारा स्वयं तैयार की गई शॉल ओढ़ाकर मुख्यमंत्री डॉ. यादव का स्वागत किया गया। साथ ही स्व-सहायता समूह की महिलाओं ने हस्तशिल्प उत्पादों की टोकरी भी मुख्यमंत्री को सौंपी। कार्यक्रम में शबरी माता परिसर में लाड़ली बहना योजना के तहत आयोजित हुए भव्य समारोह के माध्यम से ग्वालियर जिले के अंतर्गत लगभग 122 करोड़ लागत के 54 कार्यों का भूमिपूजन एवं लोकार्पण किया गया। इनमें लगभग 62 करोड़ के 19 कार्यों का लोकार्पण व लगभग 60 करोड़ रुपये लागत के 35 कार्यों का भूमिपूजन शामिल है।

## हमें हिन्दुस्तान...

एपिस्टीन फाइल और अडानी के कारण 15 मिनट में फाइनल कर दी।

राहुल गांधी ने कहा कि कंग्रेस एक गरीब पार्टी है, जबकि भाजपा अमीर पार्टी बन गई, क्योंकि नरेन्द्र मोदी ने भाजपा का पूरा फाइनेंशियल स्ट्रक्चर अडानी को सौंप दिया है। अमेरिका ने इसी फाइनेंशियल स्ट्रक्चर को पकड़ लिया और अडानी पर केस कर दिया। यह केस अडानी पर नहीं, बल्कि भाजपा पर है। इसीलिए नरेन्द्र मोदी वही कर रहे हैं, जो अमेरिका कह रहा है। नरेंद्र मोदी को 'ब्लैकमेल' किया जा रहा है। उन्होंने कहा संविधान वो शक्ति है, जिसने सभी देशवासियों को आगे बढ़ने का अवसर दिया है- समानता और सम्मान का अधिकार दिया है। हम हर कीमत पर इसकी रक्षा करते रहेंगे। नरेन्द्र मोदी 'साइकोलॉजिकली' खत्म हो गई है।

कंग्रेस सांसद ने कहा कि कंग्रेस पार्टी अमीर होना ही नहीं चाहती। कंग्रेस पार्टी का ये डिजाइन गांधी के समय से ही है। जिस दिन हम अमीर पार्टी बन जाएंगे, उस दिन हम भाजपा के हो जाएंगे। यह बात हमें लोकसभा चुनाव के दौरान समझ आई, जब हमारे सारे खाते फ्रीज कर दिए गए, लेकिन हमें कोई फर्क नहीं पड़ा। ऐसा इसलिए क्योंकि ये विचारधारा की पार्टी है, जिसे कोई रोक नहीं सकता। राहुल गांधी ने कहा कि नरेन्द्र मोदी ने देश की एनर्जी सिक्योरिटी से समझौता कर दिया है, क्योंकि अब अमेरिका तय कर रहा है कि हम तेल कहां से लेंगे? मैंने संसद में एपिस्टीन का नाम लिया तो स्पीकर ने मुझे बोलने से रोक दिया। मंत्री हरदीप पुरी का नाम एपिस्टीन फाइल में है और ये एपिस्टीन के दोस्त रहे हैं। उन्होंने कहा कि हरदीप पुरी की बेटी की कंपनी में जॉर्ज सोरोस का पैसा लगा है, जैसे ही मैंने संसद में ये बात रखी तो स्पीकर ने फिर मुझे बोलने से रोक दिया।

आरएसएस के बड़े पदों पर दलित, आदिवासी या पिछड़े वर्ग का व्यक्ति नहीं मिलेगा

राहुल गांधी ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के बारे में कहा कि आरएसएस के संगठन की लिस्ट निकालिए, उनके प्रचारक और संगठन के बड़े पदों पर दलित, आदिवासी या पिछड़े वर्ग का व्यक्ति नहीं मिलेगा। पहले पब्लिक अस्पताल, यूनिवर्सिटी जैसे संस्थानों के मैनेजमेंट में हर वर्ग के लोग चले जाते थे, लेकिन अब ऐसा संभव नहीं रहा। इंटरव्यू में जाति देखकर लोगों को बाहर कर दिया जाता है। मतलब देश के 85फीसदी लोगों से कहा जा रहा है कि ये देश आपका नहीं है। ये बात संविधान के बिल्कुल खिलाफ है। देश की संस्थाओं के बारे में पता लगाएंगे तो समझ आएगा कि उसमें 85 फीसदी की भागीदारी है ही नहीं। 500 सबसे बड़ी कंपनियों के मालिकों और मैनेजमेंट में दलित, आदिवासी और पिछड़े वर्ग के लोग नहीं मिलेंगे। यही हाल देश के प्राइवेट हॉस्पिटल्स, ज्युडिशरी, ब्यूरोक्रेसी, एजुकेशन सिस्टम का भी है, लेकिन अगर आप मनरेगा की लिस्ट निकालेंगे तो वहां देश की 85 फीसदी आबादी भरी मिलेगी। आज देश के ऐसे हालात हैं, जबकि संविधान सभी को समान अधिकार देने की बात करता है।

इस अवसर पर कंग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव व प्रदेश कंग्रेस के प्रभारी अविनाश पाण्डेय, कंग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय, कंग्रेस की नेता विधानमण्डल दल आराधना मिश्रा मोना, कंग्रेस के पिछड़ा वर्ग विभाग के चेयरमैन डॉ. अनिल जय हिन्द,अनुसूचित जाति विभाग के चेयरमैन डॉ.राजेन्द्र पाल गौतम समेत बड़ी संख्या में कंग्रेस के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# मुख्यमंत्री ने समृद्धि यात्रा के दौरान सहरसा जिले को दी 512 करोड़ रुपये की योजनाओं की सौगात

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पटना। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज समृद्धि यात्रा के क्रम में सहरसा जिले में विभिन्न योजनाओं का जायजा लिया।मुख्यमंत्री ने समृद्धि यात्रा के दौरान सहरसा जिले को 512 करोड़ रुपये की योजनाओं की सौगात दी।

मुख्यमंत्री ने शाहपुर वार्ड नंबर 7 में बनाए गए कार्यक्रम स्थल से रिमोट के माध्यम से सहरसा जिले के लिए 286 करोड़ रुपये की लागत से 70 योजनाओं का उद्घाटन, 90 करोड़ रुपये की लागत से 20 योजनाओं का शिलान्यास एवं 136 करोड़ रुपये की लागत से 35 योजनाओं का कार्यारंभ किया। इसके पश्चात मुख्यमंत्री ने विभिन्न विकासात्मक योजनाओं की प्रगति के संबंध में अधिकारियों से जानकारी ली। इस क्रम में सहरसा जिला अंतर्गत मंडन मिश्र धाम का सौंदर्गीकरण एवं विकास कार्य, मां उग्रतारा मंदिर का सौंदर्गीकरण एवं विकास कार्य, सहरसा जिला मुख्यालय अंतर्गत मौजा-हासा हकपारा में स्टेडियम (खेल अवसंरचना) के निर्माण कार्य की जानकारी ली। साथ ही नगर निगम सहरसा अंतर्गत स्टॉर्म वाटर ड्रेनेज योजना फ़ेज-2 कार्य तथा मत्स्यगंधा झील पर्यटकीय सौंदर्गीकरण एवं विकास कार्य की प्रगति की जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को कहा कि सभी कार्यों को जल्द से जल्द पूरा करें। मुख्यमंत्री ने विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए विकास कार्यों से संबंधित स्टॉलों का निरीक्षण किया। इस क्रम में जीविका दीदी द्वारा किए गए विभिन्न कार्यों और उत्पादों की जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने 3021 जीविका स्वयं सहायता समूह की दीदियों को 133 करोड़ रूपये का सांकेतिक चेक प्रदान किया। वहां उपस्थित जीविका दीदियों ने मुख्यमंत्री का आभार जताते हुए कहा कि आपने महिलाओं की तरक्की के लिए काफी काम किया है। हम सभी जीविका दीदियां आपकी कृपा से जीवन में आगे बढ़ रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि आपलोग ऐसे ही काम करते रहिए और आगे बढ़िए। मुख्यमंत्री ने नारी सशक्तीकरण जीविका महिला सीएलएफ के तहत 6 लाख 69 हजार तथा 3 लाख 5 हजार रुपये का सांकेतिक चेक प्रदान किया। साथ ही उन्होंने मुख्यमंत्री मछुआ कल्याण योजना, मुख्यमंत्री समेकित चौर विकास योजना, मुख्यमंत्री कन्या उत्थान योजना, अनुसूचित जाति-अनूसूचित जनजाति कल्याण योजना, मुख्यमंत्री निःशक्त दिव्यांगजन विवाह प्रोत्साहन योजना, अल्पसंख्यक कल्याण योजना के लाभुकों को सांकेतिक चेक प्रदान किया।

# समृद्धि यात्रा के क्रम में मुख्यमंत्री का सहरसा आगमन, जीविका स्टॉल रहा आकर्षण का केंद्र

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सहरसा। समृद्धि यात्रा के क्रम में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार शुक्रवार को सहरसा पहुंचे। सहरसा के शाहपुर में आयोजित कार्यक्रम के दौरान उन्होंने राज्य सरकार की विभिन्न लोक कल्याणकारी योजनाओं की उपलब्धियों को प्रदर्शित करते हुए लगाए गए विभागीय स्टॉलों का अवलोकन किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने जीविका द्वारा लगाए गए स्टॉल का भी भ्रमण किया और वहां उपस्थित जीविका दीदियों से संवाद किया। जीविका स्टॉल पर सहरसा जिले के विभिन्न प्रखंडों में संचालित मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना के अंतर्गत स्वरोजगार कर रही जीविका दीदियों की गतिविधियों को मॉडल एवं जीवंत प्रदर्शन के माध्यम से प्रदर्शित किया गया था। इसमें कृषि, पशुपालन, गैर-कृषि सहित विभिन्न आजीविका गतिविधियों से जुड़े कार्यों को प्रमुखता से दिखाया गया। मुख्यमंत्री ने जीविका से लाभान्वित महिलाओं से उनके द्वारा शुरू किए गए व्यवसायों की जानकारी ली और कहा कि राज्य सरकार महिलाओं के आर्थिक सशक्तीकरण एवं आत्मनिर्भरता के लिए निरंतर प्रयासरत है। उन्होंने जीविका एवं जीविका दीदियों द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना की। समृद्धि यात्रा के दौरान जीविका से संबद्ध उत्पादक समूहों द्वारा निर्मित उत्पादों की प्रदर्शनी भी लगाई गई, जिसकी मुख्यमंत्री ने प्रशंसा की। कार्यक्रम के दौरान सहरसा जिले के मेंटर गिरीश कुमार तथा राज्य परियोजना प्रबंधक समीर कुमार द्वारा जीविका टीम का मार्गदर्शन किया गया। वहीं डीपीएम श्लोक कुमार ने जीविका दीदियों से संवाद कर उन्हें प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री द्वारा जीविका दीदियों को 133 करोड़ 65 लाख रुपये की राशि का सांकेतिक चेक भी प्रदान किया गया। साथ ही जीविका दीदियों की ओर से मुख्यमंत्री को उनका तैलीय चित्र भेंट कर सम्मानित किया गया।

# बिहार विधानसभा को बम से उड़ाने की धमकी, ईमेल की जांच

कैनविज टाइम्स संवाददाता




पटना। बिहार विधानसभा को शुक्रवार को बम से उड़ाने की धमकी भरा ई-मेल मिलने से हड़कंप मच गया। इस सूचना के बाद विधानसभा प्रशासन और सुरक्षा एजेंसियां तुरंत सक्रिय हो गईं। विधानसभा परिसर की सुरक्षा कड़ी कर दी गई है। मामले की जानकारी मिलते ही विधानसभा के अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने तत्काल संज्ञान लेते हुए सभा सचिवालय के वरीय पदाधिकारियों के साथ आपात बैठक की। जिसमें पूरे मामले की समीक्षा की गई और सुरक्षा से जुड़े आवश्यक निर्देश दिए गए। अध्यक्ष ने प्रभारी सचिव ख्याति सिंह को निर्देश दिया कि वे इस मामले की जानकारी राज्य के मुख्य सचिव और बिहार पुलिस के पुलिस महानिदेशक को दें, ताकि विधानसभा परिसर की सुरक्षा के दृष्टिकोण से तत्काल जांच कराई जा सके। सुरक्षा एजेंसियों द्वारा पूरे परिसर में जांच अभियान चलाया गया और संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखी जा रही है। पुलिस और अन्य जांच एजेंसियां यह पता लगाने में जुटी हैं कि धमकी भरा ईमेल किसने और कहां से भेजा। फिलहाल सुरक्षा के मद्देनजर विधानसभा परिसर में अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की गई है और आने-जाने वाले लोगों की सघन जांच की जा रही है।

# यमुना को स्वच्छ और निर्मल बनाने के लिए मिशन मोड पर काम जारी : रेखा गुप्ता

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नई दिल्ली। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि यमुना को स्वच्छ और निर्मल बनाने के लिए ड्रेनों की सफाई का काम मिशन मोड में चल रहा है। इसी कड़ी में आज बडुसराय पुल और पंखा रोड ड्रेन में नई अम्फीबियस मशीनें तैनात की हैं।

मुख्यमंत्री ने एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा कि आधुनिक तकनीक से लैस ये मशीनें ड्रेनों और जलाशयों में जमा सिल्ट, कचरा और जलकुंभी को तेजी से हटाने में सक्षम हैं, जिससे सफाई का काम पहले से अधिक तेज और प्रभावी तरीके से हो सकेगा। इससे पानी का बहाव बेहतर बनेगा, ड्रेनों की सफाई तेज होगी और जलभराव की समस्या को कम करने में बड़ी मदद मिलेगी। आसपास के इलाकों को भी राहत मिलेगी। इस अवसर पर दिल्ली के जल मंत्री प्रवेश साहिब सिंह, शिक्षा मंत्री आशीष सूद सहित संबंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। मंत्री प्रवेश साहिब ने फ़ेसबुक पोस्ट में कहा कि ये आधुनिक मशीनें नदियों और नालों में जमी गाद को निकालने, जल निकायों की सफाई तथा बाढ़ प्रबंधन के कार्यों को और अधिक प्रभावी बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी। दिल्ली में बेहतर जल प्रबंधन, स्वच्छ जल निकायों और प्रभावी बाढ़ नियंत्रण सुनिश्चित करने के लिए हमारी सरकार आधुनिक तकनीक और सुदृढ़ व्यवस्थाओं के साथ लगातार कार्य कर रही है।

# रामनवमी पूजा शोभा यात्रा की तैयारी को लेकर बैठक संपन्न

नवादा। रामनवमी पूजा शोभा यात्रा की बैठक साहब कोठी मंदिर के प्रांगण में शुक्रवार को संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता रामनवमी पूजा शोभा यात्रा के अध्यक्ष जितेंद्र प्रताप जीतू ने किया। बैठक को को संबोधित करते हुए शोभायात्रा समिति के सचिव कैलाश विश्वकर्मा ने बताया कि इस बार रामनवमी पूजा शोभायात्रा नवादा नगर 29 मार्च दिन रविवार को निकाली जायेगी। पूरे नवादा नगर 12 जगह से रामनवमी पूजा शोभायात्रा की तैयारी की जाती है। इस बार रामनवमी पूजा शोभायात्रा समिति हर घर में भगवा झंडा लगायेगी। शोभायात्रा समिति के सदस्य सतेन्द्र कुमार सिन्हा ने बताया कि हर घर से मातृशक्ति निकलेगी। पतंजलि योग समिति के जिला प्रभारी जितेंद्र स्वाभिमानी ने कहा कि सपरिवार शोभायात्रा में शामिल हों इसके लिए हर घर संपर्क अभियान चलायेंगे चंदन विश्वकर्मा ने बताया कि गांव के रामभक्त भी शोभायात्रा में शामिल हों इसके लिए हम सभी अभी से ही प्रयास करेंगे।

# पर्यटन उद्योग को राहत के लिए एलपीजी आपूर्ति बढ़ेगी : शेखावत

नई दिल्ली। केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत और केन्द्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने शुक्रवार को केंद्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी और पेट्रोलियम मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक की।

उन्होंने लिक्विफाइड पेट्रोलियम गैस (एलपीजी) की वर्तमान स्थिति और उसके होटल तथा पर्यटन उद्योग पर पड़ रहे प्रभाव पर चर्चा की। शेखावत ने कहा कि सरकार ने स्थिति को सामान्य करने के लिए त्वरित कदम उठाने का निर्णय लिया है। इसके तहत आज से ही व्यवसायों को उनकी औसत मासिक वाणिज्यिक गैस आवश्यकता का लगभग 20 प्रतिशत उपलब्ध कराया जाएगा। इसके अतिरिक्त होटलों और रेस्तरां को राहत देने के लिए गैस की अतिरिक्त आपूर्ति की व्यवस्था पर भी काम किया जा रहा है।

# संघ की अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा आरंभ, बांग्लादेश सरकार से की हिंदुओं के संरक्षण की मांग

कैनविज टाइम्स संवाददाता




नई दिल्ली। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की तीन दिवसीय अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा का आज हरियाणा के समालखा में सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत और सरकार्यवाहक दत्तात्रेय होसबाले ने दीप प्रज्वलन कर विधिवत उद्घाटन किया। इस दौरान सरकार्यवाह की ओर से वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया। संघ ने बांग्लादेश सरकार से एक बार फिर आग्रह किया कि वह अपने यहां हिंदुओं के अधिकारों का संरक्षण करे।

शुरुआती सत्रों में दिवंगत हस्तियों को श्रद्धांजलि दी गई तथा नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में सरकार के प्रयासों से आए सुधार और मणिपुर में संघ के प्रयासों से आए परिणाम का स्वागत किया गया। इसके अलावा बांग्लादेश सरकार से एक बार फिर आग्रह किया गया कि हिंदुओं के अधिकारों का वहां संरक्षण होना चाहिए। प्रतिनिधि सभा के प्रारंभ के बाद यहां सह सरकार्यवाह सी आर मुकुंद ने अखिल भारतीय प्रचार प्रमुख सुनील आंबेकर के साथ पत्रकार वार्ता को संबोधित किया। इस दौरान सी आर मुकुंद ने बताया कि सर कार्यवाह ने अपने प्रतिवेदन में यह जानकारी दी कि संघ के शताब्दी वर्ष में किए गए प्रयासों से 4000 स्थान पर 5000 से अधिक शाखाओं में वृद्धि हुई है। गृह संपर्क अभियान के तहत संघ के कार्यकर्ता 10 करोड़ परिवारों तक पहुंचे हैं। तीन लाख से अधिक गांव में संघ के कार्यकर्ता गए हैं। केरल का उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा कि वहां संघ के कार्यकर्ता साम्यवादी विचारधारा, मुसलमानों और क्रिश्चियन परिवारों से भी मिले हैं। अकेले केरल में 55,000 से अधिक मुस्लिम और 54,000 से अधिक क्रिश्चियन परिवारों में संघ के कार्यकर्ता संघ और समाज से जुड़े विषय लेकर गए हैं। उन्होंने बताया कि शताब्दी वर्ष के नाते 36,000 से अधिक स्थानों पर हिंदू सम्मेलन आयोजित किए गए हैं। वहीं इस दौरान सरसंघचालक मोहन भागवत की देश के चार महानगरों में व्याख्यान माला आयोजित की गई। इसमें सरसंघचालक ने 20 से अधिक घंटे में 1000 से अधिक प्रश्नों का उत्तर दिया।

# उत्तम नगर घटना को लेकर सोशल मीडिया पर अफवाह फैलाने वालों पर कार्रवाई, 37 लाख रुपये का संदिग्ध बैंक खाता फ्रीज

नई दिल्ली। उत्तम नगर में हुई हालिया तरुण कुमार की हत्या की घटना को लेकर सोशल मीडिया पर भ्रामक और भड़काऊ सामग्री फैलाने वालों के खिलाफ द्वारका जिला पुलिस ने कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस ने ऐसे कई सोशल मीडिया खातों की पहचान कर उन्हें हटाने की प्रक्रिया शुरू कर दी है, साथ ही संबंधित लोगों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई भी की जा रही है। द्वारका जिले के पुलिस उपायुक्त कुशल पाल सिंह ने शुक्रवार को बताया कि घटना को लेकर कुछ लोग सोशल मीडिया पर अपुष्ट और भ्रामक जानकारी फैलाकर माहौल बिगाड़ने की कोशिश कर रहे थे। मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस ने विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म से समन्वय कर ऐसे खातों के खिलाफ कार्रवाई शुरू की। पुलिस ने अब तक आईटी एक्ट की धारा 79(3)(बी) के तहत सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर 14 और इंस्टाग्राम पर 8 कंटेंट हटाने के अनुरोध भेजे हैं, ताकि भड़काऊ और भ्रामक सामग्री को तुरंत हटाया जा सके। जांच के दौरान यह भी सामने आया कि कुछ लोग घटना से जुड़ी झूठी कहानियां फैलाकर लोगों से आर्थिक मदद जुटाने की कोशिश कर रहे थे। 10 मार्च को एक वीडियो वायरल हुआ था, जिसमें एक क्यूआर कोड के जरिए आम लोगों से आर्थिक सहायता मांगी जा रही थी। पुलिस जांच में पता चला कि पिछले दो दिनों में इस संदिग्ध बैंक खाते में करीब 37 लाख रुपये जमा हो चुके हैं। संभावित धोखाधड़ी को देखते हुए संबंधित बैंक शाखा प्रबंधक को खाते में सभी प्रकार के लेन-देन रोकने और जमा राशि को फ्रीज करने के निर्देश दिए गए हैं।

# उत्तराखंड में दुग्ध उत्पादन में 3.13 प्रतिशत की वृद्धि प्रतिदिन 53.62 लाख किलोग्राम उत्पादन: मंत्री बहुगुणा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



भराड़ीसैंण। उत्तराखंड विधानसभा में दुग्ध विकास मंत्री सौरभ बहुगुणा ने बताया कि राज्य में दुग्ध उत्पादन में वृद्धि दर्ज की गई है। राज्य में वर्तमान में कुल 1957.25 हजार टन दूध का उत्पादन हो रहा है, जबकि पिछले वर्ष यह 1897.84 हजार टन था। इस प्रकार दुग्ध उत्पादन में लगभग 3.13 प्रतिशत की वृद्धि हुई है।

दुग्ध विकास मंत्री सौरभ बहुगुणा बजट सत्र के पांचवें दिन शुक्रवार को प्रश्नकाल के दौरान डोईवाला भाजपा सदस्य बृजभूषण गैरोला के पूछे गए तारांकित प्रश्न का जवाब दे रहे थे। उन्होंने बताया कि सरकार दुग्ध उत्पादन बढ़ाने और दुग्ध व्यवसाय से जुड़े किसानों की आय में वृद्धि के लिए विभिन्न योजनाएं संचालित कर रही है। इसके तहत दुग्ध सहकारी समितियों के विस्तार पर विशेष जोर दिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि राज्य की अनुमानित जनसंख्या के आधार पर प्रति व्यक्ति प्रतिदिन दूध की उपलब्धता 456 ग्राम है, जो देश के औसत 485 ग्राम के करीब है। प्रदेश में प्रतिदिन दुग्ध उत्पादन का औसत 53.62 लाख किलोग्राम है, जबकि लगभग 50.34 लाख किलोग्राम प्रतिदिन खपत होती है। उन्होंने बताया कि प्रदेश में वर्तमान में 2830 दुग्ध सहकारी समितियां संचालित हैं। राज्य में दुग्ध उत्पादन बढ़ाने के लिए गंगा गाय महिला डेरी, साइलेज एवं दुधारू पशु पोषण, दुग्ध मूल्य प्रोत्साहन और राज्य पशुधन मिशन जैसी योजनाएं संचालित की जा रही हैं, जिनके माध्यम से स्थानीय लोगों को रोजगार के अवसर भी उपलब्ध हो रहे हैं। मंत्री बहुगुणा ने बताया कि आंचल ब्रांड के दूध एवं उससे तैयार उत्पादों से वित्तीय वर्ष 2024-25 में 399.58 करोड़ रुपये का कारोबार हुआ, जबकि वित्तीय वर्ष 2025-26 में लगभग 444 करोड़ रुपये का कारोबार होने की संभावना है। एक अन्य सदस्य प्रीतम सिंह के प्रश्न के उत्तर में दुग्ध विकास मंत्री सौरभ बहुगुणा ने बताया कि राज्य में दुग्ध उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए नई दुग्ध समितियों का गठन किया जा रहा है। अब तक प्रदेश में 289 नई दुग्ध सहकारी समितियों का गठन किया जा चुका है। इन समितियों के माध्यम से दुग्ध उत्पादन बढ़ाने के साथ-साथ ग्रामीण क्षेत्रों में स्थानीय लोगों को रोजगार के अवसर भी उपलब्ध कराए जा रहे हैं।

# डीएम ने बाल देखरेख संस्थानों का किया निरीक्षण, बच्चों की सुविधाओं का लिया जायजा

कैनविज टाइम्स संवाददाता




सुपौल। जिलाधिकारी सावन कुमार की अध्यक्षता में बाल देखरेख संस्थानों के त्रैमासिक निरीक्षण के लिए गठित जिलास्तरीय निरीक्षण समिति ने शुक्रवार को समाज कल्याण विभाग के अंतर्गत जिला बाल संरक्षण इकाई द्वारा संचालित विभिन्न बाल देखरेख संस्थानों का निरीक्षण किया।सबसे पहले समिति ने सुखपुर स्थित पर्यवेक्षण गृह का निरीक्षण किया। यहां विधि विवादित बच्चों के आवासन, देखरेख एवं संरक्षण की व्यवस्था का जायजा लेते हुए जिलाधिकारी ने गृह के बेहतर संचालन के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इसके बाद पिपरा रोड स्थित यादव कॉम्प्लेक्स में संचालित विशिष्ट दत्तक ग्रहण संस्थान का निरीक्षण किया गया। इस दौरान जिलाधिकारी ने उपस्थित चिकित्सा पदाधिकारी को निर्देश दिया कि जिले के सभी चिकित्सा संस्थानों को यह जानकारी दी जाए कि किसी भी बच्चे को कानूनी प्रक्रिया के तहत गोद देने का कार्य केवल विशिष्ट दत्तक ग्रहण संस्थान के माध्यम से ही किया जाता है। उन्होंने कहा कि किसी भी चिकित्सा केंद्र द्वारा अवैध रूप से किसी परित्यक्त बच्चे को गोद देना कानूनन अपराध और दंडनीय है।इसके पश्चात जिला निरीक्षण समिति ने चैनसिंह पट्टी स्थित वृहद आश्रय गृह का भी निरीक्षण किया, जहां देखरेख एवं संरक्षण की आवश्यकता वाले बालकों के लिए संचालित दो बाल गृहों का जायजा लिया गया। जिलाधिकारी ने आश्रय गृह की स्वच्छता एवं बच्चों के आवासन की समुचित व्यवस्था की सराहना की। यहां आवासित कुल 57 बच्चों को उपलब्ध सुविधाओं का भी अवलोकन किया गया तथा बच्चों से इनकी उपलब्धता के बारे में जानकारी ली गई। जिलाधिकारी ने कहा कि किशोर न्याय अधिनियम, 2015 के तहत अनाथ, बेसहारा, घर से भागे हुए और परित्यक्त बच्चों के संरक्षण के लिए बाल गृहों का संचालन किया जाता है। ऐसे बच्चों को बाल कल्याण समिति के समक्ष प्रस्तुत कर उनके परिवार का पता चलने तक बाल गृहों में सुरक्षित रखा जाता है। परिवार का पता चलने पर उन्हें पुनर्वासित कर दिया जाता है।

चेयरमैन एवं प्रधान सम्पादक - राकेश कुमार पाण्डेय कार्यकारी सम्पादक* - अरशद सईद खान स्टेट हेड - संदीप मिश्रा

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती प्रिंटर्स वाटर वर्क्स रोड ऐशबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं सी-46, कृष टॉवर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, पिन-226010 से प्रकाशित। * इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी।

समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय क्षेत्र के ही अधीन होंगे। फोन नं। 0522-4249333 फैक्स नं.- 4249333 e-mail : info@kanwhizztimes.com RNI NO - UPHIN/2012/42063